मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 32.6 | 18.6 |
| जमशेदपुर | 33.1 | 15.8 |
| डालटनगंज | 31.2 | 12.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



पेज 12

www.lagatar.in

रविवार 10 मार्च 2024 ● फाल्गुन अमावस्या , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 322

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



झारखण्ड सरकार

GOVERNMENT OF JHARKHAND



शिशु देखभाल अवकाश योजना लागू होने के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को धन्यवाद ज्ञापित करते अधिकारीगण

## झारखण्ड सरकार का प्रयास

## मिले बच्चों को मां का दुलार ...

वर्षों से ममता मांग रही थी अवकाश .... झारखंड सरकार ने ममत्व को समझा और दिया उपहार .. अब झारखण्ड सरकार में कार्यरत नौकरीपेशा महिलाएं ले सकेंगी **730 दिनों का मातृत्व अवकाश..**

### शिशु देखभाल अवकाश योजना

महिलाकर्मियों को अपने नाबालिग बच्चों की देखभाल के लिए पूरे कार्यकाल में दो वर्षों की छूट दी जाएगी। इस योजना का लाभ तलाकशुदा और एकल पुरुषों को भी मिलेगा। महिलाकर्मियों को नाबालिग बच्चों की देखरेख के लिए मिलेगी 730 दिनों की छुट्टी।

### सरकार के महिला सशक्तिकरण के लिए चलायी जा रही योजनायें

- सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत राज्य की सभी महिलाओं को 50 वर्ष की उम्र के बाद पेंशन का लाभ।
- सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत 8 लाख से अधिक बेटियों को आर्थिक सहायता
- राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत पुनर्विवाह हेतु विधवा महिलाओं को ₹2 लाख की प्रोत्साहन राशि
- 30 हज़ार से अधिक माताओं - बहनों को फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान के तहत जोड़ा गया।
- सखी मंडल से जुड़ी लाखों माताओं-बहनों को विगत 4 वर्षों में ₹9 हजार करोड़ से अधिक राशि बैंक क्रेडिट
- पलाश ब्रांड बना लाखों महिलाओं के आजीविका संवर्धन में सहायक



**श्री चम्पाई सोरेन**

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

▼ ब्रीफ खबरें

### सिविल सर्विस परीक्षा: 12 को जारी होगा कार्ड

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) सिविल सर्विस परीक्षा दो पालियों में पूर्व निर्धारित तिथि यानी 17 मार्च को ही होगी. जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अभ्यर्थी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं. वहीं विभिन्न जिलों में परीक्षा केंद्र की जानकारी के लिए जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर 10- 11 मार्च को जानकारी ली जा सकती है. सभी केंद्रों पर परीक्षा दो पालियों में ली जाएगी. पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक होगी. वहीं दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक होगी.



मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (26वीं) के कमांडेंट एसडी शेरखाने ने मुलाकात की. मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी. इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को स्वयंसिद्धा पुस्तक भेंट की.

### 231 वाहन चालकों से 2 लाख की वसूली

**रांची।** रांची में ट्रैफिक एसपी सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर ट्रैफिक जांच अभियान चलाया गया. यातायात को सुगम व्यवस्था एवं यातायात नियमों के पालन कराने का लेकर शनिवार को रांची के विभिन्न इलाकों में चलाए गए अभियान में नियम उल्लंघन करने वाले 231 लोगों पर मोटरवाहन अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई. इनसे 1,98,950 रुपये का चालान काटा गया.

भाजपा ने डॉ प्रदीप वर्मा और झामुमो ने डॉ सरफराज अहमद के नाम की घोषणा की है, ऐसे में महापात्रा किसके भरोसे चुनावी समर में उतरेंगे

# आखिर किसके दम पर हरिहर महापात्रा ने राज्यसभा चुनाव के लिए पर्चा खरीदा?

**रवि भारती। रांची**

राज्यसभा चुनाव के लिए झारखंड से पर्चा खरीदने वाले हरिहर महापात्रा आखिर किसके दम पर राज्यसभा में कदम रखने की ताल ठो रहे हैं, इसको लेकर राजनीतिक गलियारों में तरह- तरह के कयास लगाये जा रहे हैं. इसकी वजह भी है. भाजपा ने डॉ प्रदीप वर्मा और झामुमो ने डॉ सरफराज अहमद के नाम की घोषणा कर दी है. ऐसे में महापात्रा किसके भरोसे चुनावी समर में उतरेंगे, कौन उनके प्रस्तावक होंगे, इस पर सभी की निगाहें हैं. यदि महापात्रा चुनाव को लेकर गंभीर हैं, तो उनके लिए पहले चरण में 10 प्रस्तावक जुटाने की चुनौती होगी. हालांकि महापात्रा ने सिर्फ नामांकन पत्र ही खरीदा है. नामांकन भरेंगे या नहीं, इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है. यदि नामांकन पत्र दाखिल करते हैं, तो उस वक्त ही सारी स्थिति स्पष्ट हो पाएगी. पता चल जाएगा कि महापात्रा के प्रस्तावक कौन-कौन बनते हैं. नामांकन पत्र में प्रस्तावक के तौर पर कुल संख्या के 10 प्रतिशत या सदन के कम से कम 10 सदस्यों का समर्थन जरूरी होता है. जाहिर है कि उन्हें 10 प्रस्तावकों की जरूरत होगी. यह आंकड़ा कांग्रेस के समर्थन के बगैर पूरा नहीं हो सकता.



**खास बातें**

- महापात्रा को पहले चरण में 10 प्रस्तावक जुटाना होगा
- राज्यसभा की सिर्फ दो सीटों के लिए होना है मतदान

**राजनीतिक गलियारे में कैसे-कैसे कयास लगाये जा रहे हैं**

**कयास नं 1:** राजनीतिक गलियारों में कहा जा रहा है कि सारा समीकरण झामुमो के पूर्व विधायक और राज्यसभा प्रत्याशी डॉ सरफराज अहमद के पक्ष में दिख रहा है. उनके पास झामुमो के 29 विधायकों का समर्थन है. ऐसे में उनका चुनाव जीतना तय माना जा रहा है.

**कयास नं 2:** राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि भाजपा के 26 विधायक हैं. उसकी सहयोगी आजसू के भी तीन विधायक हैं. एनसीपी के कमलेश सिंह भी एनडीए खेमे में ही चले गए हैं. माना जा रहा है कि निर्दलीय दोनों विधायक भी अमित यादव व सरयू राय हैं. राज्यसभा चुनाव जीतने के लिए 27 वोट चाहिए. ऐसे में भाजपा प्रत्याशी प्रदीप वर्मा की जीत भी सुनिश्चित मानी जा रही है.

**कयास नं 3 :** डॉ सरफराज अहमद के लिए मुसीबत तभी खड़ी होगी, जब झामुमो की ओर से क्रॉस वोटिंग होगी. अगर महापात्रा चुनावी समर में उतर भी जाते हैं, जिसकी संभावना कम नजर आ रही है, तो वे कांग्रेस के 17, राजद के एक, भाकपा माले के एक विधायक का साथ पा जाते हैं. एनसीपी का एक और सरयू राय और अमित यादव विधायकों का समर्थन भी मिल जाता है, तब भी वह ज्यादा से ज्यादा पहली प्राथमिकता के 22 वोट ही बटोर पाएंगे. ऐसे में चुनावी समर में उतरने का रिस्क शायद ही महापात्रा लें.

**समीर उरांव और धीरज साहू का कार्यकाल हो रहा पूरा**

झारखंड में राज्यसभा की कुल 6 सीटें हैं. मई माह में भाजपा के समीर उरांव और कांग्रेस के धीरज साहू का कार्यकाल खत्म हो जाएगा. इससे पहले 21 मार्च तक विजयी प्रत्याशी के नाम की घोषणा हो जाएगी. इस चुनाव के बाद छह में से तीन सीट पर झामुमो और तीन सीट पर भाजपा का कब्जा रहेगा. इस दौड़ से कांग्रेस बाहर हो जाएगी. फिलहाल तीन सीटों पर भाजपा के समीर उरांव, दीपक प्रकाश और आदित्य साहू राज्यसभा सांसद हैं.

सरकार को 2023-24 के सेकेंड अनुपूरक बजट में राशि मिल गयी है

# सरकार ने दो साल से राइस मिलरों को नहीं किया भुगतान

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

सरकार किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदारी करती है. इस योजना को सफल बनाने के पीछे सीएमआर का कार्य करने वाले राइस मिलरों का सबसे बड़ा योगदान होता है. मिलर ही किसानों से खरीदे गये धान की मिलिंग करते हैं, धान एवं सीएमआर के परिवहन का काम करते हैं, लेकिन राइस मिलरों को पिछले 2 साल से सीएमआर कार्य के एवज भुगतान नहीं किया गया है. इससे मिलरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. सरकार पर मिलरों का करीब 132 करोड़ रुपये बकाया है. सरकार को 2023-24 के सेकेंड अनुपूरक बजट के माध्यम से यह राशि मिल गयी है, लेकिन अभी तक भुगतान शुरू नहीं हुआ है. उम्मीद जताई जा रही है कि कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद जल्द ही मिलरों की बकाया राशि का भुगतान कर दिया जाएगा.

**132 करोड़ है बकाया**



**केंद्र से प्रतिपूर्ति राशि नहीं मिली इसलिए भुगतान लंबित**

मिलिंग और सीएमआर के परिवहन शुल्क का भुगतान झारखंड खाद्य निगम से प्राप्त राशि से की जाती है, जबकि इस राशि की प्रतिपूर्ति भारतीय खाद्य निगम से प्राप्त होती है. राज्य सरकार ने वर्ष 2020-21 और 2021-22 में सीएमआर कार्य के बदले में राज्य के सभी जिलों के मिलरों को 20 करोड़ 41 रुपये का भुगतान किया है, वहीं धान परिवहन मद में 57,68,11,391 रुपये का भुगतान किया गया है, लेकिन भारतीय खाद्य निगम से प्रतिपूर्ति राशि प्राप्त नहीं होने के कारण अब भुगतान लंबित हो गया है.

**भारतीय खाद्य निगम से मिले मात्र 71.63 लाख**

झारखंड के खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग का कहना है कि 2020 से 2022 तक राज्य सरकार की ओर से कुल 68,09,37,628 रुपये का भुगतान किया गया है, जबकि भारतीय खाद्य निगम से सिर्फ 71,63,039 रुपये ही प्रतिपूर्ति राशि के रूप में प्राप्त हो पाया है. प्रतिपूर्ति राशि नहीं मिलने के कारण मिलरों का पिछले साल का परिवहन शुल्क का भुगतान बाकी है. इसके लिए अनुपूरक बजट से 132 करोड़ रुपये फंड मिल चुके हैं.

### हर बूथ पर न्यूनतम सुविधा सुनिश्चित करें

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिलास्तर पर गठित विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने बैठक की. समाहरणालय के सभा कक्ष में हुई बैठक में डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को अपने-अपने कोषांग में प्रतिनियुक्त प्रभारी पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया गया. उन्होंने कहा कि सभी नोडल पदाधिकारी अपने-अपने कोषांग के कार्य एवं दायित्व को अच्छी तरह से समझ लें और वाट्सएप ग्रुप भी बना लें. डीसी ने कहा कि बूथों पर एस्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी (एएमएफ) जरूरी है.एएमएफ कोषांग के नोडल पदाधिकारी को जिले के सभी 2770 बूथों पर पानी, बिजली, शौचालय जैसी न्यूनतम सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. डीसी ने कहा कि सभी नोडल पदाधिकारी अपने कोषांग के निर्धारित स्थान पर पूरी कार्यावधि में मौजूद रहेंगे. आवश्यक मानव बल सभी कोषांगों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. एमसीसी कोषांग के नोडल पदाधिकारी को आयोग द्वारा उपलब्ध कराये गये दिशा-निर्देशों से संबंधित हैंडबुक का अध्ययन करते हुए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से जानकारी साझा कर काम करने को कहा.

# ग्रामीण विकास की 69,0840 योजनाएं अब तक पूरी नहीं हुई

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड में ग्रामीण विकास विभाग की अब तक 690840 योजनाएं पूरी नहीं हो पाई हैं. पिछले चार साल में 4768216 विभिन्न योजनाओं पर काम शुरू हुआ था, जिसमें 4077376 योजनाओं का काम पूरा हो गया है. आंगनबाड़ी के निर्माण व पुनरुद्धार के लिए 17162 योजनाएं ली गई थीं, जिसमें से 7249 योजनाएं अब तक पूरी नहीं हो पाई हैं. इसमें 9913 योजनाओं को ही पूरा किया जा सका है.

**सूखाग्रस्त इलाकों की 6051 योजनाएं अपूर्ण :** ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सूखाग्रस्त इलाकों के लिए 14591 योजनाएं ली गई थीं. इसमें से 8540 योजनाएं पूरी कर ली गई हैं. 6051 योजनाओं का काम अब तक पूरा नहीं हो पाया है. इसी तरह सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 4172 योजनाओं का काम पूरा नहीं हो पाया है. भूमि विकास से संबंधित 756 और जल संरक्षण से जुड़ी 14261 योजनाएं पूरी नहीं हो पाई हैं. रूरल सेनिटेशन से जुड़ी 6787 योजनाएं पूरी नहीं हो पाई हैं.

| योजना | योजना की संख्या | पूरा नहीं | काम पूरा |
|---|---|---|---|
| आंगनबाड़ी | 17167 | 7249 | 9913 |
| भारत निर्माण सेवा केंद्र | 1584 | 20 | 1564 |
| कोस्टल एरिया | 134 | 00 | 134 |
| सूखाड़ इलाके की योजनाएं | 14591 | 6051 | 8540 |
| फिसरिज | 14 | 00 | 14 |
| बाढ़ नियंत्रण | 4874 | 1101 | 3773 |
| भूमि विकास | 104614 | 756 | 103858 |
| सूक्ष्म सिंचाई | 35314 | 4172 | 31142 |
| अन्य कार्य | 24528 | 440 | 24088 |
| प्लेग्राउंड | 102 | 02 | 100 |
| पारंपरिक योजना | 26510 | 585 | 25925 |
| रूरल कनेक्टिविटी | 124751 | 7388 | 117363 |
| रूरल ड्रिंकिंग वाटर | 384 | 04 | 380 |
| रूरल सेनिटेशन | 160768 | 6787 | 153981 |
| जलसंरक्षण | 426158 | 14261 | 411897 |
| इंडीविजुअल लैंड | 3826728 | 642024 | 3184704 |

# जल्द शुरू होगी जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई



**प्रमुख संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री छपाई सोरेन ने कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की. सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा एक से पांचवीं वर्ग के पाठ्यक्रमों में प्रदेश की समृद्ध जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं को शामिल कर इन भाषाओं की पढ़ाई शीघ्र प्रारंभ की जाए. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राज्य की जनजातीय भाषा एवं क्षेत्रीय भाषाओं का संवर्धन और विकास सरकार की प्राथमिकता में है. अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के घंटी आधारित विशेषज्ञ शिक्षकों को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया पूरी की जाए, ताकि प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ाई प्रारंभ की जा सके. बैठक में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल एवं शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी मौजूद थे.

### ...और गुस्सा गईं विधायक शिल्पी तिर्की

**रांची।** रांची से सटे मांडर में बन रहे मुरगू पुल के पास आये दिन हो रहे सड़क हादसों को लेकर गुस्साये ग्रामीण सड़क पर उतर आये और मांडर हाइवे को जाम कर दिया. बीच रोड पर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया. इस बात की खबर मिलते ही मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की मौके पर पहुंच गई. विधायक ने तुरंत एनएचआई के अधिकारियों से बातें कर पुल पर बैरिकेडिंग कर उसे सुरक्षित बनाने की मांग की, वहीं डायवर्सन बना बाकी खामियां को दूर करने को कहा है. इसके बाद अधिकारियों ने उनकी डिमांड पर बहुत जल्द इस खामियां को दूर करने का भरोसा दिलाया है. एनएचआई के अधिकारियों से बात करने के बाद विधायक ने मीडिया से कहा कि अगले डेढ़ महीने के अंदर टेंडर की प्रक्रिया शुरू करने के बाद पुल का निर्माण तेज गति से किया जायेगा. उन्होंने आम ग्रामीणों से कहा कि तीन दिनों के अंदर डायवर्सन में प्लेट लगाकर बैरिकेडिंग कर दी जायेगी.

चेक बाउंस केस


# अमीषा पटेल ने पैसे वापस करने के लिए दिए पांच चेक

**संवाददाता। रांची**

फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल के चेक बाउंस का मामला शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलझा लिया गया. अमीषा पटेल बकाया राशि देने के लिए तैयार हो गयी और उन्होंने आपसी समझौते के आधार पर दो करोड़ पचहत्तर लाख रुपए प्रार्थी अजय सिंह को देने की पेशकश की. इसे अजय सिंह ने स्वीकार कर लिया. इसके बाद दो करोड़ पचहतर लाख रुपए की राशि के भुगतान के लिए अमीषा पटेल की ओर से अजय सिंह को अलग अलग तारीखों के पांच चेक दिये गये. रांची सिविल कोर्ट के जेएमएफसी (ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट फ़र्स्ट क्लास) दिग्विजय नाथ शुक्ला की अदालत इस मामले में सुनवाई कर रहा था. अजय सिंह की ओर से अधिवक्ता स्मिता पाठक ने पैरवी की.

**2017 से चल रहा है चेक बाउंस का केस**

बता दें कि अमीषा पटेल पर चेक बाउंस का केस चल रहा है. यह



मामला वर्ष 2017 का है. आरोपों के मुताबिक, फिल्म देसी मैजिक बनाने के नाम पर अजय सिंह ने ढाई करोड़ रुपये अमीषा पटेल के खाते में ट्रांसफर कर दिये. अजय कुमार सिंह लवली वर्ल्ड इंटरटेनमेंट के प्रोपराइटर हैं. फिल्म नहीं बनाने और पैसे वापस नहीं होने के बाद अजय कुमार सिंह ने अमीषा पटेल पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था.

# ईडी की जांच जारी, फिर किसके संरक्षण में हो रहा है कोयले का अवैध कारोबार

- हजारीबाग में अब भी लिंकेज कोयले का हो रहा अवैध धंधा

**सौरभ सिंह। रांची**

एक तरफ ईडी जहां हजारीबाग जिले में लिंकेज कोयला के कारोबार की जांच कर रही है, वहीं दूसरी ओर रामगढ़ और हजारीबाग जिले से लिंकेज कोयला का कारोबार शुरू हो गया है. जिले के कई बड़े कारोबारी तोपा और उरीमारी कोल परियोजना से सब्सिडी रेट पर मिले कोयला को अपनी फैक्ट्री में ना भेज कर सरकारी कागजात से छेड़छाड़ कर डेहरी-बनारस की मंडी में भेज दे रहे है. ऐसे में सवाल उठ रहा है, हजारीबाग में किसके संरक्षण में लिंकेज कोयला का कारोबार हो रहा है.

**हजारीबाग में लिंकेज कोयला का ईडी कर रही जांच :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बीते दिनों हजारीबाग के चर्चित कोयला कारोबारी इजहार अंसारी को गिरफ्तार किया था. ईडी की जांच में खुलासा हुआ है कि इजहार अंसारी ने लिंकेज (सब्सिडी दर) का 86568 टन कोयला वाराणसी और धनबाद की कोयला मंडियों में ज्यादा कीमत पर बेचा था. जिसकी कीमत बाजार मूल्य 71 करोड़ रुपए है.

ईडी की जांच से पता चला है कि इजहार अंसारी ने कोयला लिंकेज नीति का दुरूपयोग किया है. जिसके तहत कैप्टिव खपत के लिए छोटे और मध्यम उद्यम (एसएमई) को सब्सिडी वाला कोयला आवंटित किया जाता था. इजहार अंसारी की 13 ऐसी एसएमई फर्मों को 71 करोड़ रुपए के बाजार मूल्य वाला लगभग 86568 टन कोयला आवंटित किया गया था. हालांकि इजहार अंसारी ने उद्योग में उपयोग करने के बजाय कोयले को खुले बाजार में बेच दिया और इससे बड़े पैमाने पर लाभ कमाया.

**बाहर की मंडियों में खपाई जा रही है**

लिंकेज कोयला का हर माह आबंटन होता है. सब्सिडाइज्ड दर पर उन्हें कोयला देने का मकसद यह है कि स्थानीय छोटी कंपनियों को मदद मिल सके और लोगों को रोजगार मिल सके. लेकिन जिन्हें भी लिंकेज कोयला मिलता है, वह फैक्ट्री चलाते ही नहीं हैं या फिर उसे बनारस व डेहरी की मंडियों में ले जाकर बेच देते हैं. इसकी शिकायत मिलने पर साल 2016 में प्रधानमंत्री कार्यालय के निर्देश पर लिंकेज कोयला के प्रावधान को खत्म कर दिया गया था, लेकिन फिर से शुरू कर दिया गया है.

झारखंड में कुल पशुधन की **संख्या बढ़कर हुई 23614546**

# झारखंड में 5% बढ़ी गधों की संख्या, नंबर 400 के पार

**खास बातें**

- घोड़ों की संख्या में 75 .85 फीसदी की गिरावट दर्ज
- कृषि विभाग ने जारी किया है आंकड़ा

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड गधों की संख्या में 4.99 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है. सूबे में अब 400 गधे हो गए हैं. इससे पहले प्रदेश में गधों की संख्या 381 थी. वहीं घोड़ों की संख्या में कमी आई है. झारखंड में फिलहाल 1378 घोड़े हैं. 75.85 फीसदी की कमी आई है. यह खुलासा कृषि विभाग के आंकड़ों से हुआ है. कृषि विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में कुल पशुधन की संख्या 23614546 है.

**मवेशी की संख्या में 28.56 फीसदी की वृद्धि :** सूबे में मवेशियों की संख्या में 28.56 फीसदी की वृद्धि हुई है. भैंसों की संख्या में 13.86 फीसदी की वृद्धि हुई है. वहीं बकरी की संख्या में 38.59 फीसदी की वृद्धि हुई है. सूकर की संख्या में 32.69 फीसदी की वृद्धि हुई है. प्रदेश की सूकर की संख्या 1276973 है.



**कितने पशुधन हैं झारखंड में**

| | |
|---|---|
| गाय-बैल | 11223052 |
| भैंस | 1350313 |
| भेड़ | 6641183 |
| घोड़ा | 1378 |
| म्यूल | 73 |
| गधा | 400 |
| सूकर | 1276973 |
| कुत्ता | 120396 |
| खरगोश | 24207 |
| फॉल | 23004582 |
| बत्तख | 1704990 |
| टर्की | 34278 |
| पॉलट्री बर्ड | 60480 |

मूलवासी सदान वोट करें और बाहरी बने सांसद

# भाजपा रास प्रत्याशी तत्काल बदले : राजेंद्र

**संवाददाता। रांची**

मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने भाजपा द्वारा प्रदीप वर्मा को राज्यसभा प्रत्याशी बनाये जाने पर कड़ी आपत्ति जतायी है. मोर्चा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड में मूलवासी सदान सिर्फ वोटर बनकर रह गए हैं. उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को सिर्फ मूलवासी सदानों का वोट चाहिए, लेकिन जब मूलवासी सदानों को राजनीतिक अधिकार देने की बात आती है, तो उसे दरकिनार कर बाहरी व्यक्तियों को राज्यसभा और लोकसभा में भेजा जाता है. प्रसाद ने कहा कि वर्तमान परिवेश में मूलवासी सदानों का वोट भाजपा को मिलता है. प्रसाद ने कहा कि यह भाजपा के लिए आनेवाले समय में बहुत बड़ा घात होगा. उन्होंने मूलवासी सदान विधायक, सांसदों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि मूलवासी सदानों के अधिकारों को लुटते देखकर भी वे आखिर चुपचाप क्यों रहते हैं, जबकि उन लोगों की ओर से कड़ा इसका विरोध करना चाहिए. उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व से तुरंत प्रदीप वर्मा को बदल कर किसी मूलवासी सदान को प्रत्याशी बनाने की मांग है.

### 13 को आक्रोश रैली निकाली जाएगी : तिर्की

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर ईडी ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को जेल भेजा है. भूमाफिया द्वारा फर्जी कागजात बनाकर आदिवासी समाज की जमीन लूटी जा रही है. इस पर ईडी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है. शनिवार को आदिवासी मूलवासी संगठन के पदाधिकारी मीडिया से बातचीत कर रहे थे. कहा कि अब तो धार्मिक- सामाजिक उपयोग की जमीन भी सुरक्षित नहीं हो पा रहा है. पूर्व सीएम को जेल भेजने के विरोध में 13 मार्च को आक्रोश रैली निकाली जाएगी.

CLASSIFIED












राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रविवार 10 मार्च 2024 ● फाल्गुन अमावस्या , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 322 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



झारखण्ड राज्य राजमार्ग प्राधिकार द्वारा जामताड़ा जिला में

**वीरग्राम-बरबेंदिया पुल (4-Lane PSC Bridge)**

# निर्माण कार्य का शिलान्यास

दिनांक: 10 मार्च 2024 | समय: अपराह्न 12:30 बजे

स्थान: वीरग्राम फुटबॉल मैदान, जामताड़ा

**मुख्य अतिथि**

## श्री चम्पाई सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**गरिमामय उपस्थिति**

## श्री शिबू सोरेन

माननीय सांसद (राज्य सभा)

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग, झारखण्ड


**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास एवं उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बसंत सोरेन**
माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड

**₹263.88 करोड़** परियोजना की लागत

| सेतु की लंबाई | पहुंच पथ की लंबाई |
|---|---|
| 1584 मीटर | 1400 मीटर |

कुल लंबाई
**2984 मीटर**



गिरिडीह जिलान्तर्गत

# पीरटांड मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास

दिनांक: 10 मार्च 2024 | समय: 2.00 बजे अपराह्न

स्थान: मधुबन संक्रांति मेला मैदान, पीरटांड, गिरिडीह

**मुख्य अतिथि**

## श्री चम्पाई सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री बसंत सोरेन**
माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड

**श्रीमती बेबी देवी**
माननीय मंत्री, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड

**श्री हफीजुल हसन**
माननीय मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग तथा पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री चन्द्रप्रकाश चौधरी**
माननीय सांसद, गिरिडीह

**श्री सुदिव्य कुमार**
माननीय विधायक, गिरिडीह

**योजना की विवरणी**

| ₹639.20 | 8,531 |
|---|---|
| करोड़ से होगा निर्माण | हेक्टर भूमि होगी सिंचित |

गिरिडीह जिला के पीरटांड प्रखण्ड के 17 पंचायत की 1,09,515 आबादी को लाभ होगा

योजना का कार्य 3 (तीन) वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य

कुम्हरलालो, भरती चलकरी, चिरकी, मधुबन, बाँध, चिलगा, पालगंज, नावाडीह, विशनपुर, खरपोका, सिमराकोड़ी, हरलाडीह, मंडरो, खुखरा, तुइओ, बंदगाँव एवं कुडको पंचायत के लोगों को होगा लाभ

दामोदर-बराकर बेसिन अंतर्गत कुम्हरलालो पंचायत अंतर्गत दुधनिया ग्राम के समीप बराकर नदी पर एक वीयर/बराज का निर्माण किया जाएगा एवं पम्प मोटर से जल पाईपलाईन के माध्यम से चिन्हित क्षेत्र में चकवार सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

तापमान
28.0° अधिकतम | 16.4° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रविवार 10 मार्च 2024 ● फाल्गुन अमावस्या, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 322 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# नरकोपी के ईंट भट्ठा से मुक्त कराये गये छत्तीसगढ़ के 6 परिवार के 21 लोग

**प्रवीण कुमार/सत्य शरण मिश्रा। नरकोपी (रांची)**

दैनिक शुभम संदेश की खबर का एक बार फिर असर हुआ है. रांची के नरकोपी के सरवा में स्थित ईंट भट्ठा में बंधक बने 6 परिवार के 21 लोगों को जिला प्रशासन ने मुक्त करा लिया है. मांडर बीडीओ मनोरंजन कुमार ने नरकोपी थाना की पुलिस की मौजूदगी में 16 मजदूर और 5 बच्चों को तबारक खान के ईंट भट्ठा से रेस्क्यू कराया. इसके बाद पुलिस सभी मजदूरों और तबारक खान को लेकर थाना पहुंची. तबारक खान ने वहां सभी मजदूरों को बकाया राशि का भुगतान किया. मजदूरों को 1000 ईंट पर 750 की दर से मजदूरी का भुगतान हुआ. इसके बाद प्रशासन के दो अधिकारी सभी मजदूरों को तीन ऑटो से लेकर रांची के हटिया स्टेशन पहुंचे, जहां से उन्हें वापस उनके घर बस्ती जिला के सिंदरी गांव भेज दिया गया है. गौरतलब है कि शनिवार को दैनिक शुभम संदेश ने नरकोपी में 'छत्तीसगढ़ के 6 परिवार के 21 लोग बंधक' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी. खबर छपने के महज कुछ घंटे बाद ही डीसी राहुल सिन्हा के प्रयास से मजदूरों का रेस्क्यू प्रशासन ने करवा दिया.

**शुभम संदेश इंपैक्ट**

ईंट भट्ठा में काम करने आये थे, पैसे मांगने पर मारपीट करता है भट्ठा मालिक

**नरकोपी में छत्तीसगढ़ के 6 परिवार के 21 मजदूर बंधक**

शुभम संदेश एक्सक्लूसिव | मजदूर भाग न जाएं, इसलिए की जाती है निगरानी

शुभम संदेश में 09 मार्च को प्रकाशित खबर.

- **मांडर बीडीओ ने पुलिस की मौजूदगी में मजदूरों को मुक्त करा कर घर भेजा**
- **ईंट भट्ठा के मालिक ने सभी मजदूरों को बकाया राशि का भुगतान भी किया**



**51 हजार बकाया राशि का कराया गया भुगतान**

एसएसपी ने नरकोपी थाना प्रभारी को शुभम संदेश में छपी खबर का सत्यापन कर कार्रवाई करने का आदेश दिया था। इसके बाद थाना प्रभारी, बीडीओ और रांची से श्रम अधीक्षक की टीम ने सरवा गांव पहुंचकर मामले की जांच की. जांच में पाया गया कि नवम्बर 2023 में कुल 7 पुरुष एवं 9 महिला अपने परिवार सहित मजदूरी करने आये थे. शुरू में ईंट भट्ठा मालिक तबारक का व्यवहार अच्छा था. धीरे-धीरे ईट भट्ठा मालिक ने उन लोगों को जीवन यापन के लिए दिये जाने वाली सभी मूलभूत सुविधा बंद कर दी. साथ ही उन लोगों की मजदूरी का भुगतान भी बकाया रखा गया. प्रशासन की टीम ने मजदूरों की कुल बकाया राशि 51 हजार रुपए का भुगतान करवाया.

### 5 महीने से बंधक थे मजदूर

नरकोपी थाना क्षेत्र के सरवा में छत्तीसगढ़ के 6 परिवार के 21 लोग पिछले कई महीने से बंधक बने हुए थे. भट्ठा मालिक न इन्हें मजदूरी का भुगतान कर रहा था और न ही इन्हें वापस इनके घर जाने दे रहा था. ये लोग भाग न जाएं, इसलिए दिन रात मजदूरों की निगरानी की जा रही थी. मजदूर 5 महीने पहले यहां तबारक खान के टैब नाम की कंपनी के ईंट भट्ठा में काम करने आये थे. तबारक ने मजदूरों को 1000 ईंट बनाने पर 750 रुपए की दर से भुगतान करने की बात कही, लेकिन वो मजदूरों को पैसे नहीं दे रहा था. जब मजदूरों ने इसका विरोध किया और कहा कि वो उनका हिसाब कर दे. तब तबारक ने कहा कि वो 750 के बजाए 350 रुपए की दर से भुगतान करेगा. मजदूरों ने इसका विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की गई. तबारक की प्रताड़ना से तंग मजदूर वहां से मुक्त होने के लिए कई दिनों से प्रयास कर रहे थे.

---

**दर्दनाक : अपार्टमेंट में लगी भीषण आग**

# जलने से बुजुर्ग की मौत

**संवाददाता। रांची**

अपार्टमेंट में आग लगने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की जलकर मौत हो गयी. यह घटना जिले के चुटिया थाना क्षेत्र सिरमटोली स्थित पर्ल अपार्टमेंट में हुई है. जहां शनिवार सुबह अपार्टमेंट के दूसरे तल्ले में अचानक आग लग गयी. इस अगलगी में अपार्टमेंट के मालिक जुलतन सुरीन (75 वर्ष) की जलकर मौत हो गयी. जबकि उनकी बहन जोलेन होरो (80 वर्ष) बुरी तरह झुलस गयी. अग्निशमन दल के राजेश कुमार और अविनाश कुमार ने महिला को बाहर निकाला और अस्पताल भेजा. आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है. हालांकि आशंका जताई जा रही है, कि शॉर्ट सर्किट होने के वजह से अपार्टमेंट में आग लग गई.

**सुबह फ्लैट से धुआं निकलते देख लोगों ने दी जानकारी :** जानकारी के अनुसार, दोनों भाई बहन पर्ल अपार्टमेंट के दूसरे तल्ले में फ्लैट में रहते थे. दोनों बुजुर्ग है. भाई जुलतन सुरीन ने शादी नहीं की थी. वहीं बहन जुलेन होरो विधवा है और सेवानिवृत्त शिक्षक है. बताया जा रहा है कि दोनों रात में सोने के बाद आग लगी है. सुबह अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों ने पुलिस को जानकारी दी कि फ्लैट से धुआं निकल रहा है. उसके बाद चुटिया थाना प्रभारी उमाशंकर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे. दरबाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया. बुजुर्ग व्यक्ति पूरी तरह जल गया, जिससे उसकी मौत हो गयी. वहीं महिला बेहोश पड़ी थी. उसे बाहर निकालकर तुंरत अस्पताल भेजा गया. उसके बाद जले हुए शव को निकाला गया. बुजुर्ग महिला अभी कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं है.



**अगलगी में अपार्टमेंट के मालिक जुलतन सुरीन (75 वर्ष) की जलकर मौत हो गयी, जबकि उनकी बहन जोलेन होरो (80 वर्ष) बुरी तरह झुलस गयीं**

**क्या है नियम...**

**अग्निशमन विभाग से एनओसी और निगम से ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट जरूरी**

नियमतः हर 15 मीटर से अधिक ऊंचे भवन में फायर फाइटिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य है. इसके लिए निगम फायर सिस्टम से युक्त नक्शा पास करता है. घर बनने के बाद निगम ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट देता है. सर्टिफिकेट देने से पहले अग्निशमन विभाग एनओसी देता है. अग्निशमन विभाग द्वारा एनओसी दिए जाने के बाद ही नगर निगम ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट जारी करता है.

**3500 अपार्टमेंट, 150 का ही ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट :** रांची में 3500 अपार्टमेंट हैं. केवल 150 को ही ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट जारी किया गया है. वर्ष 2016 के बाद 15 मीटर से ऊपर और 500 स्क्वा. मीटर के दायरे में आने वाले कॉमर्शियल व रेसिडेंशियल अपार्टमेंट में फायर फाइटिंग की व्यवस्था करनी है.

---

**ट्रस्ट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शत्रुध्न लाल गुप्ता के भी हैं बड़े-बड़े खेल**

# गौशाला की जमीन 99 साल की लीज पर स्कूल को दे दी

**सुकूरहुट्टू गौशाला की 7 एकड़ जमीन का भी सौदा ?**

**प्रवीण कुमार ( रांची)।** गौशाला न्यास समिति के चेयरमैन और अध्यक्ष का पद बड़ा ही मलाईदार है. सदस्यों की मानें, तो इस पद पर जो भी बैठता है, उसके पौ-बारह हो जाते हैं. अनियमितता, मनमानी, हेराफेरी इनकी फितरत में शामिल हो जाती है. हेरापेरीका तो कहना ही नहीं. सदस्यों ने न्यास समिति के पूर्व अध्यक्ष शत्रुध्न लाल गुप्ता और रतन जालान ने जो किया है, उस पर भी सवाल उटाये हैं. आरोप है कि गुप्ता जी ने गौशाला की सात एकड़ भूमि का घालमेल किया, तो रतन जालान ने 15.95 एकड़ गोचर जमीन का बड़ा खेल कर दिया. दैनिक शुभम संदेश गौशाला न्यास समिति के कई कारनामों को सार्वजनिक कर चुका है. समिति के पदाधिकारियों **अब प्रस्तुत है पूर्व के अध्यक्ष शत्रुध्न लाल गुप्ता की कारगुजारी की परत-दर परत खोलती यह रपट....**



### डीएवी नीरजा सहाय स्कूल को मामूली किराये पर दे दी गौशाला की जमीन

गौशाला न्यास समिति के पूर्व अध्यक्ष शत्रुध्न लाल गुप्ता ने भी पद संभालते बड़े-बड़े खेल किये हैं. सदस्यों का कहना है कि अपने कार्यकाल में उन्होंने सुकूरहुट्टू गौशाला की सात एकड़ जमीन का सौदा औने-पौने में कर दिया था. आज उस सात एकड़ के भूखंड पर डीएवी नीरजा सहाय स्कूल चलाया जा रहा है. सदस्य बताते हैं कि गुप्ता जी ने स्कूल के लिए जमीन लीज पर दिलवा दी थी. इसके लिए भी सार्वजनिक तौर पर किसी से राजामंदी नहीं ली गयी थी. तुगलकी फरमान जारी कर दिया गया था. नाम न छापने की शर्त पर एक बुजुर्ग सदस्य बताते हैं कि सुकूरहुट्टू में गौशाला की 30 एकड़ जमीन पहले सीसीएल को लंबे अरसे के लिए लीज पर देने की बात थी. इसके लिए बकायदा एग्रीमेंट भी कर दिया गया था. लेकिन उठे विवाद के कारण सीसीएल से किया गया एकरारनामा रद्द करना पड़ा. बाद में शत्रुध्न लाल गुप्ता ने फिर से दांव खेला और सीसीएल को दी जाने वाली 30 एकड़ जमीन में से काट कर सात एकड़ जमीन डीएवी नीरजा सहाय स्कूल के लिए लीज पर आवंटित करा दी.

### गौशाला की जमीन लीज पर देने से नाराज हैं समिति के सदस्य

गौशाला न्यास समिति की जमीन जिस तरह से डीएवी नीरजा सहाय स्कूल के लिए दी गयी, उससे सदस्य अबतक नाराज हैं. समिति के सदस्यों में काफी रोष व्याप्त है. स्कूल को 30 साल के लिए लीज पर जमीन देने की बात कही गयी थी, लेकिन जमीन को 99 साल के लिए लीज कर दिया गया. सदस्यों का कहना है कि कम किराये पर आखिर स्कूल को इतने लंबे अरसे के लिए लीज पर जमीन कैसे दे दी गयी.

### लीज पर जमीन देने के विरोध में हो चुकी हैं कई बैठकें

डीएवी नीरजा सहाय को लीज पर जमीन दिए जाने के विरोध में गौशाला न्यास समिति की कई बैठकें हो चुकी हैं, इसके बावजूद अबतक कोई नतीजा नहीं निकाला जा सका है. सदस्य बताते हैं कि गौशाला न्यास समिति के दो ट्रस्टी डीएवी ग्रुप के भी मेंबर हैं, इस कारण स्कूल के विरोध में फैसला नहीं किया जाता है. सदस्यों ने बताया कि ट्रस्टी और पूर्व अध्यक्ष शत्रुध्न लाल गुप्ता और वर्तमान अध्यक्ष पुनीत पोद्दार भी डीएवी ग्रुप मैंनेजिंग कमेटी से जुड़े हैं.

### राजगढ़िया भी स्कूल मैनेजमेंट कमेटी में हैं शामिल

सुकूरहुट्टू गौशाला की आठ एकड़ जमीन पर बने डीएवी नीरजा सहाय स्कूल की मैनेजमेंट कमेटी में वर्तमान सचिव प्रदीप राजगढ़िया भी शामिल हैं. सदस्यों ने बताया कि उपकृत करने के लिए राजगढ़िया को स्कूल कमेटी में शामिल किया गया है, ताकि सब का मुंह बंद रहे. पूर्व चेयरमैन शत्रुध्न लाल गुप्ता, प्रचार्य किरण यादव, डीएवी गांधीनगर के प्राचार्य और अन्य लोग भी कमेटी में शामिल हैं.

**स्कूल के साथ मुकदमे की बात भी आ रही सामने**

गौशाला की जमीन डीएवी ग्रुप को दिए जाने के खिलाफ न्यायालय में मुकदमा भी दायर किया गया है. कुछ सदस्य बताते हैं कि इस बारे में स्पष्ट जानकारी तो नहीं है, पर कुछ न कुछ मामला तो चल ही रहा है. स्कूल सात एकड़ में से पांच एकड़ जमीन का ही उपयोग कर रहा है. ऐसे में दो एकड़ भूमि वापसी की भी मांग उठ रही है, लेकिन बताया जाता है कि इसके लिए स्कूल प्रबंधन तैयार नहीं है.

### सत्य सामने आना चाहिए, गलत हैं तो गौ माता माफ नहीं करेगी : प्रेम अग्रवाल

गौशाला न्यास समिति के उपाध्यक्ष प्रेम अग्रवाल ने कहा कि डीएवी नीरजा सहाय स्कूल पर गौशाला द्वारा मुकदमा किये जाने के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है. उन्होंने बताया कि गौशाला की जमीन के विवाद को लेकर जो भी सत्य है,वह सामने आना ही चाहिए. मिल-बैठक इसकी सत्यता की जांच हो. यदि कोई गलत किया है, तो गौ माता उसे माफ नहीं करेंगी. उन्होंने बताया कि दो माह पहले ही उनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है. जब तक पद रिक्त है, अध्यक्ष और सचिव के जिम्मे गौशाला के दैनिक कार्यो की देख-रेख की जिम्मेवारी है. गौशाला की अचल संपति के सर्वेसर्वा ट्रस्टी होते हैं.

**गौशाला हित को ध्यान में रखते स्कूल को दी गयी जमीन : शत्रुध्न लाल गुप्ता**

ट्रस्टी और पूर्व अध्यक्ष शत्रुध्न लाल गुप्ता ने बताया कि गौशाला के हित में ही सुकूरहुट्टू गौशाला की 7 एकड़ जमीन डीएवी नीरजा सहाय स्कूल को दी गयी है. इसका किराया लिया जाता है. स्कूल 5% बच्चों की उनकी अनुशंसा पर मुफ्त प्रवेश भी लेता है. स्कूल को जमीन देने में कोई गलत फैसला नहीं हुआ है. लाइजनिंग के एवज में लेन-देन की बात बेमानी है. डीड में सारी बातों का उल्लेख है. कब लीज हुई और कितने में हुई, यह सब तो याद नहीं है. आम सहमति बना कर पूरे 99 साल के लिए लीज पर स्कूल को जमीन दी गयी है.

### सदस्यों ने उठाये सवाल... गुप्ता जी ! याद न रहने की बात समझ से परे

सदस्यों ने लीज पर जमीन देने को लेकर सवाल उठाये हैं. कहा-ट्रस्टी और पूर्व अध्यक्ष शत्रुध्न लाल गुप्ता का स्कूल को जमीन दिलाने के मामले में यह कहना कि उन्हें याद नहीं है, समझ से पर है. डीएवी मैनेजमेंट कमेटी के निदेशक मंडल के सदस्य रहते हुए उन्होंने स्कूल खोलवाने से लेकर अन्य सभी तरह का काम किया, लेकिन अब वह यह कह रहे हैं कि याद नहीं, यह समझ से परे है. शत्रुध्न जी का यह भी कहना कि इसमें उनकी कोई भूमिका नहीं है, बेमानी लगती है. बैगर किसी तरह का हित साधे कोई भी कोई काम नहीं करता, तो पूर्व अध्यक्ष महोदय ने यह धर्मसेवा क्यों और किसके हित में की है,इस पर तो सवाल पूछे ही जाएंगे. सदस्यों को इस तरह के सवालों के जवाब चाहिए ही चाहिए.

---

# होली से पहले पीएम मोदी देंगे तीन वंदे भारत ट्रेन की सौगात

**संवाददाता। रांची**

झारखंड के लोगों के लिए अच्छी खबर है. झारखंड को एक और वंदे भारत की सौगात मिली है. आगामी 12 मार्च को रांची से तीसरी वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत होगी. यह ट्रेन रांची से वाराणसी के बीच चलेगी. मीडिया को इस बात की जानकारी रेलवे अधिकारी निशांत कुमार ने दी. पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हरी झंडी दिखा इसकी शुरुआत करेंगे.बता दें कि होली से पहले पीएम नरेंद्र मोदी देश को तीन और वंदे भारत का तोहफा देनेवाले हैं. ये तीनों ट्रेनें अगले हफ्ते से दौड़ना शुरू कर देंगी. खास बात यह है ये तीनों नई वंदे भारत चार राज्यों की राजधानियों को जोड़नेवाली हैं. यह चार राज्य हैं, उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड और झारखंड.

### अब रांची से वाराणसी जाना होगा आसान

ट्रेन मूरी, बोकारो, राजबेरा, कोडरमा, गया, सासाराम, डीडीयू होते हुए बनारस तक पहुंचेगी. ट्रेन भोर में 5 बजकर 10 मिनट पर रांची से खुलेगी और दोपहर एक बजे वाराणसी पहुंचेगी. वाराणसी से शाम 4 बजकर 5 मिनट पर खुलेगी और उसी रात 11 बजकर 55 मिनट पर रांची पहुंच जाएगी. ट्रेन गुरुवार छोड़कर सप्ताह में 6 दिन चलेगी.

# लाइट हाउस प्रोजेक्ट का पीएम आज करेंगे ऑनलाइन उद्घाटन



**रांची।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक लाइट हाउस प्रोजेक्ट का रविवार को पीएम नरेंद्र मोदी वर्चुअली उद्घाटन करेंगे. इस कड़ी में राजधानी रांची के मौसीबाड़ी मैदान में कुल-1008 आवासों का उद्घाटन किया जाएगा. इस कार्यक्रम को लेकर रांची नगर निगम तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है. नगर प्रशासक अमित कुमार ने लाइट हाउस का निरीक्षण किया. इस दौरान निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे. उन्होंने उद्घाटन की तैयारियों को लेकर जायज़ा लिया. कार्यक्रम की सभी तैयारियां ससमय पूरा करने का निर्देश दिया.

---

**अच्छी खबर** बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म में नामांकित हुई है टू किल ए टाइगर फिल्म, भुक्तभोगी परिवार ने ही निभाई है भूमिका

# बेड़ो के कादोजोरा दुष्कर्म घटना पर बनी फिल्म जीत सकती है ऑस्कर

**सुनील कुमार गुप्ता। बेड़ो (रांची)**

जिले के बेड़ो थाना क्षेत्र में 2017 में घटी सामूहिक दुष्कर्म की सच्ची घटना पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म टू किल ए टाइगर को मिल सकता है बेस्ट डॉक्युमेंट्री का ऑस्कर का अवार्ड. बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म की श्रेणी में भारत की टू किल ए टाइगर को नामित किया गया है. फिल्म की खासियत यह है कि इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म में भुक्तभोगी 13 वर्षीया नाबालिग छात्रा ने खुद अपनी भूमिका निभाई है. इस फिल्म को निर्माता देव पटेल, मैंडीकिलिंग एवं रूपी कौर ने संयुक्त रूप से फिल्म का निर्माण किया है, जबकि भारतीय मूल की कनाडाई फिल्म निर्देशक निशा पाहूजा एवं मनाल पाहुजा ने निर्देशित किया है. रंजीत मुंडा ने बताया कि 1 घंटे 17 मिनट की फिल्म में भुक्तभोगी छात्रा किरण मुंडा (बदला हुआ नाम) ने अपनी आवाज भी दी है. फिल्म में उसके पिता रंजीत मुंडा के समक्ष आई समस्याओं एवं उसके संघर्षों की कहानी है.






**इनकी भी है छोटी भूमिका**

फिल्म में स्थानीय पंचायत के तत्कालीन मुखिया बुधराम बाड़ा तथा समाजसेवी कोरेश मिरदाहा ने भी छोटी सी भूमिका निभाई है. रंजीत मुंडा ने बताया कि इस घटना पर आधारित फिल्म बनाने के लिए उन्होंने ही इजाजत दी थी और भविष्य में ऐसी घटना ना घटे इसके लिए उन्होंने फिल्म के माध्यम से लोगों तक संदेश पहुंचाने के लिए फिल्म निर्माता और निर्देशक को अपनी सहमति दे दी थी. फिल्म में भुक्तभोगी छात्रा की मां जगंती मुंडाइन ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.

**14 माह में मिला न्याय**

घटना के 14 माह बाद न्याय मिला. तीनों आरोपियों को 25 - 25 साल की सजा हुई और 60-60 हजार का जुर्माना लगाया गया. भुक्तभोगी 20 साल की हो गई है और पढ़ाई पूरी कर रही है. मुआवजे में उसे 3 लाख का चेक मिला. रंजीत और उनका परिवार अमेरिका के लॉस एंजलिस में हैं जहां 10 मार्च को ऑस्कर की घोषणा होनी है. लोगों के निगाहें कादोजोरा की घटना पर टिकी हुई हैं.

**अपने ही रिश्तेदारों ने किया दुष्कर्म**

रंजीत ने बताया कि बेटी के साथ हुए दुष्कर्म उसके अपने रिश्तेदारों कपिल, ईश्वर और लंगड़ मुंडा ने ही किया था. उसके रिश्तेदार के यहां सराती आया हुआ था रात में खाना पीना चल रहा था. रात में किरण घर लौट रही थी तब रात के 12 बज रहे थे. अचानक ईश्वर मुंडा ने उसका हाथ पकड़ लिया और शेष दोनों ने उसका अपहरण कर गांव से दूर डहू पेड़ के नीचे ले गए और गैंगरेप किया. दुष्कर्म के बाद उसे धमकी दी गई कि अगर किसी को बताओगी, तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे. किरण को संभलने में दो-तीन घंटे लग गए. आरोपी उसे छोड़ कर भाग निकले. किरण 3 बजे घर पहुंची और अपनी मां को घटना के बारे में बताया. पिता ने जब घटना के बारे में जाना तो उसका खून खौल गया. पिता ने कहा कि कोई बात नहीं हम लोग हिम्मत से लड़ेंगे. उन्होंने घटना की जानकारी बेड़ो पुलिस को दी. 10 मई को बेड़ो थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई. तीनों आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए. अब आरोपी के परिजन रंजीत मुंडा को आरोपी के परिजन धमकी देने लगे कि केस उठा लो, नहीं तो ठीक नहीं होगा.

---

# सीटू के बैनर तले निकाली गई एचईसी बचाओ एकजुटता रैली



**संवाददाता। रांची**

भारतीय ट्रेड यूनियन केन्द्र (सीटू) के राज्य कमेटी के आह्वान पर 4 मार्च से पूरे झारखंड राज्य में चल रहे एचईसी बचाओ संघर्ष एकजुटता सप्ताह का समापन शनिवार को रांची में राज्यस्तरीय रैली के साथ हुआ. एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं के साथ राज्यभर से आए सीटू के हजार से ज्यादा सदस्यों ने जिला स्कूल से राजभवन तक रैली निकाली और प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के दौरान सभी वक्ताओं द्वारा एचईसीएल एवं उसके कर्मियों के प्रति केंद्र सरकार के उदासीन रवैये पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कर्मियों के लंबित वेतन एवं अन्य बकाये का तत्काल भुगतान करने, बैंक गारंटी बहाल करने, कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने एवं पूर्णकालिक निदेशक नियुक्त करने जैसे मांगों को दोहराया गया.

**आज सीएम से मिलेंगेः सीटू**

मुख्यमंत्री कार्यालय से मिले समय के अनुसार रविवार को सीटू का एक प्रतिनिधिमंडल सीएम चंपाई सोरेन से मिलकर एचईसी के मुद्दे पर चर्चा करेगा.

चुनावी समर 2024

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

रविवार 10 मार्च 2024 ● फाल्गुन अमावस्या , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 322

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

पीएम की सिलीगुड़ी रैली में उमड़ी भीड़

## अब तक भ्रष्टाचारी व वंशवादी राजनीति से देश का भला नहीं

**सिलीगुड़ी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार एवं वंशवादी राजनीति के मुद्दे पर शनिवार को टीएमसी पर निशाना साधा और कहा कि विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल



टीएमसी तथा कांग्रेस जैसी पार्टियों को केवल परिवारों के विकास की चिंता है. मोदी ने एक रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी को हराने का आह्वान किया और कहा, बगाल से भ्रष्ट सरकार को अपदस्थ करने का मार्ग लोकसभा चुनावों से खुलेगा. उन्होंने कहा, मैंने माताओं को मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करते देखा है. विपक्षी दलों की वंशवादी राजनीति पर प्रहार करते हुए पीएम मोदी ने कहा, दीदी को केवल अपने भतीजे की, जबकि कांग्रेस को केवल अपने राजपरिवार की चिंता है.उन्होंने अभिषेक बनर्जी और कांग्रेस में गांधी परिवार का संदर्भ देते हुए यह कहा कि इनसे देश का भला नहीं होनेवाला.

राहुल करायेंगे जाति गणना के साथ आर्थिक मैपिंग भी

## हम सरकार में आये तो तोड़ देंगे 50% आरक्षण की सीमा

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि अगर चुनाव के बाद उनकी पार्टी सत्ता में आती है, तो जातिगत जनगणना के साथ आर्थिक मैपिंग कराई जाएगी जिसके



आधार पर आरक्षण की 50% की सीमा को खत्म किया जाएगा. यह कदम सही आरक्षण, हक और हिस्सेदारी दिलाएगा. राहुल ने एक्स पर पोस्ट किया, क्या हमने सोचा है कि गरीब कौन हैं? कितने हैं और किस स्थिति में हैं? क्या इनकी गिनती जरूरी नहीं? बिहार में हुई जातिगत गिनती से पता चला कि गरीब आबादी के 88% लोग दलित, आदिवासी, पिछड़े व अल्पसंख्यक समाज से आते हैं. बिहार के आंकड़े देश की तस्वीर की छोटी सी झलक मात्र हैं, हमें अंदाजा तक नहीं कि देश की गरीब आबादी किस हाल में है. इसीलिए हम जातिगत गिनती, आर्थिक मैपिंग, जिसके आधार पर हम 50 प्रतिशत की आरक्षण सीमा को खत्म करेंगे.

पटना के पालीगंज में अमित शाह की रैली

## सिर्फ अपने पुत्रों को ही आगे बढ़ाना चाहते हैं लालू-सोनिया

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आरोप लगाया कि सोनिया गांधी और लालू प्रसाद का एकमात्र लक्ष्य अपने-अपने बेटों को क्रमशः पीएम और सीएम बनाना है. शाह ने



पालीगंज में भाजपा के ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित महासम्मेलन में पीएम मोदी के हालिया बिहार दौरे का जिक्र करते हुए कहा, अभी मोदी जी आए थे, उन्होंने देश में दो लाख करोड़ से ज्यादा योजनाओं का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया. मगर मोदी जी को बिहार की जनता की ओर से विशेष बात के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं. इतने सालों कांग्रेस और लालू जी सत्ता में रहे, लेकिन उन्होंने कर्पूरी ठाकुर जी का सम्मान नहीं किया. कर्पूरी को भारत रत्न देने का काम हमारे पीएम मोदी जी ने किया. शाह ने आरोप लगाया, सोनिया गांधी का एकमात्र लक्ष्य राहुल गांधी को पीएम बनाना है. लालू जी का एकमात्र लक्ष्य अपने बेटे को सीएम बनाना है.

केजरीवाल की महिलाओं से खास अपील

## पति अगर मोदी-मोदी करे तो उसे खाना मत देना

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने प्रचार का आगाज कर दिया है. इसी कड़ी में दिल्ली की महिलाओं के साथ सीएम अरविंद केजरीवाल का एक



कार्यक्रम का आयोजित किया गया. इस दौरान केजरीवाल ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना पर बात की और बताया कि ये योजना कैसे उन्हें लाभ पहुंचाएगी. उन्होंने महिलाओं से खास अपील भी की. कहा है कि इस बार वोट केजरीवाल को ही करना और अगर पति ज्यादा मोदी-मोदी करें, तो उसे रात का खाना मत देना. उन्होंने महिलाओं को तीन काम दिए. पहला काम तो ये है कि सभी को वोट डालना है और झाड़ू का बटन दबाना है. दूसरा काम-मर्दों से भी कहना है कि वो हमें वोट दें. तीसरा काम- अगर पति मोदी-मोदी करें, तो रात का खाना मत देना और अपने सिर की कसम दे देना. इसके बाद हर पति को पत्नी की बात माननी पड़ेगी.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,200 |
| चांदी (किलो) | 76,000 |

### ब्रीफ खबरें

### आशा राष्ट्रीय एसटी आयोग की सदस्य

**रांची।** भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री और रांची की पूर्व मेयर आशा लकड़ा को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है. इसके बाद आशा लकड़ा ने ट्वीटर (एक्स)



पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है. कहा कि वे सभी के उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी. गौरतलब है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अनुशंसा के बाद मिनिस्ट्री ऑफ ट्राइबल अफेयर्स के एनसीएसटी सेक्शन की ओर से शनिवार को इस संबंध में सूचना जारी की गयी. यह पद केंद्रीय राज्य मंत्री के समकक्ष है.

### अब ये सत्ता से जानेवाले हैं: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव को संविधान और लोकतंत्र को बचाने वाला चुनाव बताया. यादव ने कहा,



यह संविधान बचाने का चुनाव है. यह लोकतंत्र बचाने का चुनाव है. जो लोग 2014 में (सत्ता में) आए थे, वे 2024 में (सत्ता से बाहर) जाने वाले हैं. कभी, 10 साल हिटलर का समय था. वह वहां 10 साल से ज्यादा नहीं रह सका. तो, अब इनके भी (पीएम मोदी की ओर इशारा करते हुए) 10 साल भी पूरे हो गए हैं.

### आंध्र में भाजपा, तेदेपा के बीच गठबंधन

**नयी दिल्ली।** तेलुगु देशम पार्टी अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव और आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए उनकी पार्टी, भाजपा और जनसेना पार्टी के बीच एक गठबंधन करने पर सहमति बन गई है. तेदेपा आंध्र में बड़े भाई की भूमिका में होगी.


### तमिलनाडु में कांग्रेस व डीएमके साथ आये

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस-द्रमुक के बीच तमिलनाडु की 40 सीटों पर सीट शेयरिंग पर सहमति बन गई है. कांग्रेस ने कहा कि डीएमके प्रमुख स्टालिन के साथ सौहार्दपूर्ण बातचीत हुई है. कांग्रेस राज्य की 40 में से 9 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी. वहीं, पुडुचेरी की सीट पर भी कांग्रेस चुनाव लड़ेगी. तमिलनाडु की बाकी सभी सीटों पर कांग्रेस द्रमुक और गठबंधन दलों के उम्मीदवारों का समर्थन करेगी.

### पाकिस्तान में जरदारी बने नये राष्ट्रपति

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली और प्रांतीय विधानसभाओं के सदस्यों ने शनिवार को राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान किया, जिसमें आसिफ अली जरदारी दूसरी देश के राष्ट्रपति चुने गये हैं.

पेयजल विभाग



23 करोड़ों की संदिग्ध निकासी की जांच ईडी से कराने का आग्रह



# 87 लाख जमा कर एकाउंटेंट फरार

अमित सिंह। रांची

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के रुक्का प्रमंडल (स्वर्णरेखा शीर्ष कार्य प्रमंडल) में संदिग्ध निकासी की रकम में लगातार बढोत्तरी हो रही है. पहले 1.32 करोड़ के संदिग्ध निकासी का मामला प्रकाश में आया. एजी ने जांच की तो सदिग्ध निकासी की रकम 20 करोड़ तक पहुंच गई. विशेष टीम की जांच में यह रकम बढ़ कर 23 करोड़ तक पहुंच गई है. जिम्मेवारों का कहना है कि संदिग्ध निकासी के रकम में और बढोत्तरी हो सकती है. जांच के बाद विभाग के कई जिम्मेवार संदिग्ध निकासी मामले में खुद को बचाने में जुट गए है.

पेयजल विभाग की विशेष टीम को एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट सौपना था, मगर एक माह से ज्यादा समय गुजर जाने के बाद भी विशेष टीम ने रिपोर्ट नहीं सौंपा है. रांची का सदर थाना भी मामले की जांच कर रहा है. मगर थाने को भी जांच में अबतक विशेष जानकारी हाथ नहीं लगी है. जबकि थाने में रुक्का प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता द्वारा ही करोड़ों के अवैध निकासी का मामला दर्ज कराया गया है. इधर मामले का मुख्य आरोपी रुक्का प्रमंडल का अकाउंटेंट संतोष कुमार फरार है.

**एकाउंटेंट के खिलाफ सर्टिफिकेट केस :** सरकारी खाते से करोड़ों के संदिग्ध निकासी मामले में मुख्य अरोपी रुक्का प्रमंडल के एकाउंटेंट संतोष कुमार ने 87 लाख रुपए फरवरी माह में जमा कर सबको चौंका दिया. पेयजल विभाग में राशि जमा करने के बाद से संतोष कुमार ट्रैसलेस है. एकाउंटेंट ने राशि जमा कर यह साबित कर दिया है कि स्वर्णरेखा शीर्ष कार्य प्रमंडल के खाते से संदिग्ध निकासी की गई है. अब रुक्का प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता चंद्रशेखर कुमार ने संतोष कुमार के खिलाफ सर्टिफिकेट केस किया है. सतोष कुमार से संदिग्ध निकासी की पूरी रकम वसूलने का आग्रह किया है.

### ऐसे सामने आया मामला, एजी की रिपोर्ट ने सबको चौंकाया

- रुक्का प्रमंडल में वित्तीय वर्ष 2019-20 से ही संदिग्ध निकासी का खेल चल रहा है. 28 दिसंबर 2023 को प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता चंद्रशेखर ने पेयजल विभाग के मुख्यालय को पत्र लिख कर मामले की जानकारी दी थी. पत्र में बताया था कि लार्सन एंड टूब्रो कंपनी की जगह किसी अन्य को 1.32 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है.
- **पेयजल विभाग ने पूरे मामले की जांच के लिए एजी से आग्रह किया. एजी की जांच में पता चला कि वर्ष 2022-23 और 2023-24 में कुल 64 चेक से 20 करोड़ की संदिग्ध निकासी कर भुगतान किया गया है.**
- वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल चार चेक जारी किए गए. सारे चेक 9 मार्च 2023 से 29 दिसंबर 2022 के बीच जारी हुए. इसस 2.30 करोड़ की निकासी हुई.
- **वर्ष 2023-24 में कुल 60 चेक से 17 .68 करोड़ की निकासी कर भुगतान किया गया है. यह निकासी डीडीओ कोड (आरएनसीडब्लयूएसएस0017) से हुई है.**
- उक्त कोड चंद्रशेखर (ईईडीडब्ल्यू एंड एसएसएचडब्लयू) के नाम आवंटित है. चंद्रशेखर, रुक्का प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता है.
- **जिस कोड से राशि की निकासी व भुगतान किया गया है, उसका हिसाब पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट द्वारा नहीं किया गया जा रहा है.**
- दिसंबर 2022 से नवंबर 2023 की अवधि के दौरान 20 करोड़ से ज्यादा का संदिग्ध भुगतान ईई के कोड से किया गया है.
- **जिला कोषागार, रांची द्वारा संबंधित पीडब्ल्यूडी डिवीजन को जारी किए गए भुगतान प्रमाणपत्र में दर्ज राशि, जो पीडब्ल्यूडी डिवीजन द्वारा प्रस्तुत फॉर्म 51 के साथ प्राप्त हुई है, जो 64 चेक की सूची से पूरी तरह मेल नहीं खा रहे हैं.**

### ईडी से जांच कराने का आग्रह

रुक्का प्रमंडल से 23 करोड़ की संदिग्ध निकासी हुई, जिसकी जांच चल रही है. पेयजल विभाग ने थाने में मामला दर्ज कराया है. एजी की जांच में भी करोड़ों के संदिग्ध निकासी का पता चल गया है. इस मामले की विस्तृत जांच के लिए पीएमओ और गृह मंत्रालय को पत्र लिखा गया है. पत्र के माध्यम से पेयजल विभाग में सदिग्ध निकासी से संबंधित मामले लगातार प्रकाश में आ रहे है. प्रदेशभर में अबतक 250 करोड़ से ज्यादा की संदिग्ध निकासी हुई है, जिसे लेकर पेयजल विभाग ने थाने में मामला भी दर्ज कराया है.

खूंटी, हजारीबाग, चक्रधरपुर, चाईबासा, रांची और धनबाद में कई मामले अबतक समाने आ चुके हैं. ऐसे गंभीर मामलों की जांच ईडी से कराने पर संदिग्ध निकासी के षडयंत्र में शामिल लोगों का चेहरा उजागर होगा. कपटपूर्ण निकासी के कई मामलों की जानकारी देते हुए शिकायतकर्ता ने बताया है कि दर्जनभर से ज्यादा मामले थाने में पेयजल विभाग ने एफआईआर दर्ज कराया है. उन मामलों को ईडी जांच के लिए ले सकता है.

### कहां कितने की अवैध निकासी का मामला आ चुका है सामने

- पेयजल विभाग के हजारीबाग प्रमंडल में 10 करोड़ के अवैध निकासी की गई.
- पेयजल विभाग के चाईबासा प्रशाखा मंझारी में 62 हजार का संदिग्ध.भुगतान किया गया.
- पेयजल विभाग चाईबासा के तांतनगर जलापूर्ति योजना में 17 करोड़ के संदिग्ध भुगतान किया गया.
- पेयजल विभाग के जमशेदपुर प्रमंडल में 50 लाख 83 हजार और आदित्यपुर प्रमंडल में 66 लाख 16 हजार की अवैध निकासी बताया गया.
- महागामा ग्रामीण जलापूर्ति योजना के लिए 1.64 करोड़ आवंटित हुए. जिसमें से एजेंसी को बिना काम के ही 70 लाख का भुगतान कर दिया गया.

> एकाउंटेंट संतोष कुमार ही मुख्य आरोपी है. मैने जब मामले की जानकारी मुख्यालय को दी, थाने में एफआईआर दर्ज कराया, उसके बाद संतोष कुमार ने मुझे जान से मारने की धमकी दी. अबतक की जांच में 23 करोड़ के संदिग्ध निकासी का पता चल चुका है. रकम में और बढोत्तरी हो सकती है. संतोष कुमार ने फर्जी डीडीओ कोड बनाकर अपने ही खाते में पैसा ट्रांसफर कर लिया है. अब पूरी राशि की वसूली के लिए संतोष कुमार के खिलाफ सर्टिफिकेट केस किया गया है. जिसके बाद उसने 87 लाख रुपए जमा भी किए है. उसके बाद से फरार है.
>
> **-चंद्रशेखर,** ईई, रुक्का प्रमंडल

## धर्मशाला टेस्ट में भारत ने इंग्लैंड को पारी और 64 रन से हराया




भाषा। धर्मशाला

भारत ने धर्मशाला टेस्ट में इंग्लैंड को पारी और 64 रन से हारा दिया. इसी के साथ टीम इंडिया ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 4-1 से जीत ली. एचपीसीए स्टेडियम में गुरुवार को इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी थी. पहली पारी में इंग्लैंड 218 और टीम इंडिया 477 रन पर ऑलआउट हो गई. भारत को दूसरी पारी में 259 रन की बढ़त मिली, इंग्लैंड टीम 195 रन पर ही सिमट गई. इस तरह इंग्लिश टीम को पारी और 64 रन से हार का सामना करना पड़ा. अपना 100वां टेस्ट खेल रहे रविचंद्रन अश्विन ने मैच में 9 विकेट लिए. यह घरेलू मैदानों पर भारत की पिछले 12 साल में लगातार 17वीं सीरीज जीत है.

### घरेलू मैदान पर 17वीं सीरीज जीती

यह घरेलू मैदानों पर भारत की पिछले 12 साल में लगातार 17वीं सीरीज जीत है. घर में लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड पहले से भारतीय टीम के नाम है.

- **टीम इंडिया की अब टेस्ट में जीत-हार बराबर :** इंग्लैंड को हराकर 178 टेस्ट जीता, घर में 118 मैच जीते
- **अश्विन ने तोड़ा अनिल कुंबले का रिकॉर्ड टेस्ट में सबसे ज्यादा 5 विकेट हॉल लेने वाले भारतीय**

■ मैन ऑफ द मैच : कुलदीप ■ मैन ऑफ द मैच : जायसवाल

**टेस्ट में टीम इंडिया**

| मैच | जीत | हार | टाई | ड्रॉ |
|---|---|---|---|---|
| 579 | 178 | 178 | 01 | 222 |


विस्तृत खबर खेल पेज पर पढ़ें

लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड में बरतनी होगी विशेष सावधानी

## हिंसा फैलाने की तैयारी में ये 39 बड़े नक्सली

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने की राह में बड़ी




चुनौती नक्सली हिंसा पर लगाम लगाना ही है. झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान जारी है, जिस वजह से नक्सली संगठन बैकफुट पर है. हालांकि 39 ऐसे बड़े नक्सली हैं, जो लोकसभा में चुनाव में हिंसा फैलाने की तैयारी में हैं. यह जानकारी खुफिया रिपोर्ट में मिली है. -शेष पेज 11 पर

### झारखंड को अस्थिर करने में जुटे हैं ये नक्सली

39 बड़े नक्सली जो चुनाव के दौरान हिंसक घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं, उनमें प्रयाग मांझी, मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी और असीम मंडल का नाम शामिल है. मिसिर बेसरा को छोड़कर सभी माओवादियों की सेंट्रल कमेटी के मेंबर हैं. मिसिर बेसरा पोलित ब्यूरो मेंबर है. इसके अलावा अनुज, ब्रजेश गंझू, चमन उर्फ लंबू, लालचंद्र हेंब्रम, रघुनाथ हेंब्रम, अजय महतो और प्रकाश महतो भी हिंसा फैलाने की फिराक में हैं. टीपीसी सुप्रीमो ब्रजेश गंझू को छोड़कर सभी भाकपा माओवादी संगठन के सैक सदस्य हैं. रिजनल कमिटी के मेंबर मेहनत, रणविजय महतो, छोटू खेरवार, मार्टिन केरकेट्टा, आक्रमण गंझू, रामप्रसाद मारडी, नितेश यादव, रविंद्र गंझू, अमित मुंडा, बेला सरकार, गणेश भारती, पूनम और मदन महतो हिंसक घटनाओं को अंजाम देने की तैयारी कर रहे हैं. वहीं जोनल कमिटी के मेंबर मनोहर परहिया, आरिफ, रामदयाल महतो, मृत्युंजय जी, अरविंद भुइयां, पप्पू लोहरा, मनोहर गंझू, नीरज सिंह खेरवार, साहेबराम मांझी, विवेक यादव, सीताराम रजवार और गोदराय यादव का भी नाम इसमें शामिल है.

**सूरत-ए-हाल** राज्य प्रशासनिक सेवा का चरमराया है कैडर मैनेजमेंट, वेतनमान में भी विरोधाभास

## 30 साल सेवा, प्रमोशन सिर्फ 3, 1200 नहीं बन पाए विशेष सचिव



रवि भारती। रांची

राज्य प्रशासनिक सेवा का भी कैडर मैनेजमेंट चरमराया हुआ है. राज्य गठन के बाद से अब तक 1200 से अधिक अफसर एडिशनल और विशेष सचिव नहीं बन पाये. वजह उदासीनता और समय पर प्रोन्नति नहीं मिलना है. कई लोग संयुक्त सचिव के पद पर पहुंचते-पहुंचते रिटायर हो गए. सचिवालय सेवा का भी यही हाल है. यहां 2300 पद हैं. इसमें प्रशाखा पदाधिकारी, अवर सचिव, उपसचिव व संयुक्त सचिव हैं. कई अफसर अवर सचिव बनते-बनते ही रिटायर हो जाते हैं. करीब 2000 लोग अवर सचिव तक आते-आते रिटायर हो गये.


### कितने पद हैं स्वीकृत

राज्य प्रशासनिक सेवा के लिए संयुक्त सचिव के 120, एडिशनल सेक्रेटरी के 15 और स्पेशल सेक्रेटरी के 10 पद हैं. वहीं राज्य प्रशासनिक सेवा के लिए 1235 पद स्वीकृत हैं. वेतनमान को लेकर भी विरोधाभास की स्थिति है. आईएएस संवर्ग में स्पेशल सेक्रेटरी का ग्रेड पे 8700 रुपए है. जबकि राज्य सेवा से स्पेशल सेक्रेटरी में प्रोन्नति पाने पर ग्रेड पे 8900 रुपए मिलती है. वहीं सचिव रैंक का ग्रेड पे 10,000 रुपए है. विशेष सचिव बनने के लिए अफसरों को पांच पड़ाव पार करना पड़ता है. वहीं आईएएस संवर्ग में भी प्रोन्नति पाने के बाद भी स्पेशल सेक्रेटरी का रैंक नहीं मिल पाता है.

**सिर्फ नौ प्रमोटी आइएएस हैं स्पेशल सेक्रेटरी रैंक में :**

राज्य प्रशासनिक सेवा के आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति पाए अफसर आलोक त्रिवेदी, संजय सिन्हा, हरि कुमार केसरी, सुमन कैथरीन किस्पोट्टा, बालकिशुन मुंडा, लालचंद दादेल, गायत्री कुमारी, नेलशन बागे और शशि प्रकाश झा स्पेशल सेक्रेटरी रैंक में पदस्थापित हैं.

### ऐसा है प्रोन्नति का पद सोपान




### ये प्रमोटी आइएएस हैं एडिशनल सेक्रेटरी रैंक में

अंजनी मिश्रा,अंजनी दूबे,अमित प्रकाश, गोपालजी तिवारी, शेखर जमुआर, संजय कुमार, अरविंद कुमार, राजू रंजन राय, पवन कुमार,अनिल कुमार, अक्षय कुमार सिंह, मनमोहन प्रसाद, शशि भूषण मेहरा, प्रदीप तिग्गा, पूनम प्रभा तिर्की, कुमुद सहाय, मनोहर मरांडी, ज्ञानेंद्र कुमार, अजय कुमार सिंह, अमल कृष्ण, सत्यजीत, अभय नंदन अंबष्ठ, विधानचंद्र चौधरी, शैलेंद्र कुमार लाल, राजीव रंजन, सुनील कुमार,सुनील सिंह,विजय कुमार गुप्ता कृष्णा कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार, रंजीत कुमार लाल और मनोज कुमार रंजन फिलहाल एडिशनल सेक्रेटरी रैंक में ही हैं. इसमें से अधिकांश अफसर इस साल ही रिटायर हो जाएंगे.

## भाजपा ने प्रदीप वर्मा को रास चुनाव में उम्मीदवार बनाया

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा ने झारखंड से डॉ. प्रदीप वर्मा को अपना उम्मीदवार घोषित किया है. प्रदीप वर्मा भाजपा के महासचिव हैं. पार्टी के जारी बयान में कहा गया है कि भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने राज्य में होने वाले राज्यसभा के चुनाव के लिए प्रदीप वर्मा के नाम पर मुहर लगा दी है. भाजपा की ओर से प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद प्रदीप वर्मा ने पार्टी के शीर्ष और प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार जताया है.

**मई में इन दो सांसदों का कार्यकाल होगा समाप्त :** झारखंड में विधानसभा सदस्यों की कुल संख्या 81 है. भाजपा के विधायकों की संख्या 26 है. ऐसे में संख्या बल के लिहाज से प्रदीप वर्मा का निर्वाचित होकर राज्यसभा जाना लगभग तय माना जा रहा है. झारखंड से इस साल राज्यसभा की दो सीटें खाली हो रही हैं. राज्यसभा की दो सीटों के लिए 21 मार्च



को वोटिंग कराई जानी है और उसी दिन परिणाम भी घोषित किए जाएंगे. राज्यसभा के सदस्य धीरज साहू और समीर उरांव का कार्यकाल 3 मई को समाप्त हो रहा है.

**झामुमो से हो सकते हैं ये उम्मीदवार :** धीरज साहू कांग्रेस और समीर उरांव भाजपा के नेता हैं. दोनों का निर्वाचन वर्ष 2018 में हुआ था. माना जा रहा है कि सत्तारूढ़ झामुमो की ओर से डॉ सरफराज अहमद को उम्मीदवार बनाया जा सकता है. भाजपा की ओर से व्यवसायी हरिहर महापात्रा के नाम पर चर्चा चल रही थी, लेकिन आखिरी मुहर प्रदीप वर्मा के नाम पर लगी.

## रिम्स ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ मनोज कुमार
- सर्जरीः डॉ पंकज बोदरा
- ऑर्थोपेडिकः डॉ जीके गुप्ता
- न्यूरोसर्जरीः डॉ आनंद प्रकाश
- गायनीः डॉ नीलम नलिनी
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- रेडिएशन आंकोलॉजीः डॉ रश्मि
- सर्जिकल आंकोलॉजीः डॉ रोहित कुमार झा
- नेत्रः डॉ सुनील कुमार
- स्किनः डॉ प्रभात कुमार
- ईएनटीः डॉ बिनोद कुमार सिन्हा
- न्यूरोलॉजीः डॉ रूपेश प्रसाद

## सदर अस्पताल

- मेडिसिनः डॉ अरुणोदय, डॉ बीएन पोद्दार और डॉ सत्येंद्र
- सर्जरीः डॉ अजीत कुमार
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ मुस्सरत यामिनी और डॉ श्रुति प्रभा
- पीडियाट्रिक(शिशु रोग): डॉ सूर्या
- हेमाटोलॉजीःडॉ अभिषेक रंजन
- सर्जीकल आंकोलॉजीः डॉ प्रकाश भगत
- नेफ्रोलॉजीः डॉ नवीन कुमार

## शहर में आज

1. इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग का प्रदर्शन, अल्बर्ट एक्का चौक में दोपहर 3.30 बजे
2. आत्माभिषेक साधना, संतमरिया महागिरजा घर में दिन के 9 बजे
3. इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर, मोरहाबादी मैदान में दिन के 11 बजे
4. झामुमो का उपवास कार्यक्रम मोरहाबादी में दिन के 11 बजे
5. कृष्णा नगर कॉलोनी, लालगुटवा में शिलान्यास, संध्या 4 बजे
6. शहर के अन्य हिस्सों में कार्यक्रम दिन के 10 बजे से

**सूचनाः** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### एसबीयूः डायरेक्ट टैक्स मैनेजमेंट पर कार्यशाला

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू) के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग में 'डायरेक्ट टैक्स मैनेजमेंट : प्रैक्टिकल इंप्लीमेंटेशन इन टैली एंड एक्सल' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसमें आईसीए के सेंटर हेड रजनीश पांडा ने व्याख्यान देते हुए पाठ्यक्रम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी. विशेषज्ञ इंद्रनील रॉय ने एडवांस एक्सल संबंधित जानकारी के साथ रोजगार के अवसर पर अपनी राय व्यक्त की. टैक्स विशेषज्ञ दीपेंद्र नाथ साहदेव ने प्रत्यक्ष कर से संबंधित सभी पहलुओं पर बात की. उन्हें इनकम टैक्स फाइल रिटर्न से संबंधित जानकारी मुहैया करवाई.

### मौर्य एक्सप्रेस अब संबलपुर से चलेगी

**रांची।** हटिया-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस अब ओडिशा के संबलपुर से चलेगी. यानी रांची से एक और ट्रेन छिन गई. शनिवार के लिए इसके 1500 टिकट रद्द कर दिए गये. इससे पहले रांची-जयनगर एक्सप्रेस को भी राउरकेला तक विस्तार दे दिया गया था. अचानक इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई थी. हटिया-गोरखपुर एक्सप्रेस में साल भर टिकट के लिए वेटिंग की लंबी कतार रहती है. इस ट्रेन में सीट के लिए मारामारी मची रहती है. बिहार और यूपी जाने वाले यात्रियों की इस ट्रेन में जबरदस्त भीड़ रहती है. अब इस ट्रेन को संबलपुर तक विस्तार देने से झारखंड के लोगों को टिकट के लिए लंबा इंतजार करना होगा.

### सांसद ने किया पोषण किट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ, कक्षा एक से पांचवी तक के गरीब बच्चों को दी जाएगी किताब

# 2500 कुपोषित व गर्भवती महिलाओं को मिलेगी पोषण किट : सेठ

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

रांची सांसद संजय सेठ की पहल पर रांची लोकसभा क्षेत्र की ढाई हजार गर्भवती और कुपोषित महिलाओं को पोषण किट मुहैया करायी जाएगी. इस पोषण किट में ड्राई फ्रूट्स, नट्स समेत कई पोषक चीजें शामिल हैं. भाजपा महानगर और ग्रामीण कार्यकर्ताओं ने 2500 गर्भवती और कुपोषित महिलाओं की लिस्ट तैयार की है.

कार्यकर्ता घर-घर जाकर किट का वितरण करेंगे. सांसद संजय सेठ ने शनिवार को पोषण किट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया. प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उन्होंने बताया कि गेल इंडिया के सीएसआर मद से पोषण किट दी जा रही है. इस मौके पर एक कक्षा-एक किताब नाम की पुस्तक के वितरण की भी शुरुआत की की गयी. सांसद ने कहा कि ढाई लाख पुस्तकें छपवायी गयी हैं. कक्षा एक से 5 तक के गरीब बच्चों के लिए यह किताब है. हर आंगनबाड़ी केंद्र को यह किताब दी जाएगी, ताकि बच्चे पढ़ सकें. सांसद ने कहा कि राजनीति के क्षेत्र में रह कर इस तरह के सामाजिक कार्य करके ही लोगों के दिल में जगह बनायी जा सकती है.

**वितरण कार्यक्रम**

- सामाजिक काम करने से ही जनता के दिल में बनती है
- एक कक्षा-एक किताब नामक पुस्तक के वितरण की शुरुआत



### 'रेलवे-एयरपोर्ट को केंद्र से फंड दिलाया'

सांसद ने कहा कि उनकी पहल पर ही झिरी में 300 मीट्रिक टन का वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट बना है. इससे न सिर्फ कचरे का निस्तारण होगा, बल्कि 10 हजार लीटर सीएनजी गैस और 18 टन खाद बनेगी. सांसद ने बताया कि उनकी पहल पर 2023 में रांची रेलवे को सौंदर्यीकरण के लिए 2000 करोड़ मिले. इसमें रांची रेलवे स्टेशन का 488 करोड़, हटिया का 385 करोड़, पिस्का का 97 करोड़ और नामकुम का 18 करोड़ है. वहीं कुछ दिन पहले रांची रेलवे को और 400 करोड़ मिले हैं. उनकी एक डिमांड पर केंद्र सरकार ने रांची-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस दे दिया. वहीं, उनकी पहल से एयरपोर्ट के सौंदर्यीकरण के लिए 118 करोड़ भी मिला है.

### 'बीते 3 साल में मेरी पहल से रांची लोकसभा क्षेत्र में कई बड़े कार्य हुए'

सांसद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने 5 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनायी. सांसद ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में रांची को आदर्श लोकसभा बनाने का प्रयास किया. कोरोना काल में भी वे दो साल घर में नहीं बैठे. भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सड़क पर उतर कर नमो आहार, नमो सुरक्षा किट जरूरमंदों के बीच बांटे. बीते 3 साल के अंदर उनकी पहल से रांची लोकसभा क्षेत्र में कई बड़े कार्य हुए. तुपुदाना में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बना. अब हर रोज शराब और राइस फैक्ट्रियों समेत कई जगहों से आने वाला 35 लाख लीटर पानी एसटीपी में शुद्ध होकर स्वर्णरेखा नदी में जाएगा. वहीं बड़गांई में 304 करोड़ से एसटीपी बना है, जिससे हर दिन 53 वार्ड का 370 लाख लीटर गंदा पानी स्वच्छ होकर जुमार नदी में गिरेगा. सांसद ने यह भी कहा कि राज्य सरकार की उदासीनता के कारण पिछले डेढ़ साल से यह काम ठप पड़ा है.

### सीएम ने कांटाटोली फ्लाईओवर निर्माण कार्य की समीक्षा की

# निर्माण में पहले ही काफी देर अब और विलंब न हो : चंपाई

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कांटाटोली फ्लाईओर को लेकर जुडको के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की. सीएम ने अधिकारियों को इसके निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया. कहा कि फ्लाईओवर के निर्माण में पहले ही काफी देर हो चुकी है. अब और देर न हो, इसलिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से यह भी कहा कि कांटाटोली फ्लाईओवर के चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट हर सप्ताह समर्पित करें, ताकि उसकी समीक्षा विस्तृत रूप से हो सके.

इससे कार्यों की निगरानी करने में भी सहूलियत होगी और जरूरत पड़ने पर आवश्यक निर्देश भी दिए जा सकेंगे. उन्होंने कहा कि यह फ्लाईओवर राजधानी रांची की ट्रैफिक व्यवस्था के लिए काफी अहमियत रखता है. इसके चालू होने से ट्रैफिक जाम से निजात मिल सकेगी. गौरतलब हो कि मुख्यमंत्री ने 6 मार्च को कांटाटोली और सिरमटोली फ्लाईओवर का निरीक्षण किया था. इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इसके निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया था. यह भी कहा था कि इसके निर्माण के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को भी दुरुस्त रखा जाए, ताकि आवागमन में आम लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े.



**समीक्षा बैठक**

- राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था के लिए फ्लाईओवर अहम
- सीएम ने 6 मार्च को किया था फ्लाईओर का निरीक्षण

### अगस्त तक हैंडओवर कर देंगे फ्लाईओवर : जुडको

जुडको के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को बताया कि कांटाटोली फ्लाईओवर के निर्माण कार्य में तेजी लाई गई है और इस वर्ष अगस्त तक इसका निर्माण पूरा कर लिया जाएगा. उन्होंने यह भी बताया कि जमीन अधिग्रहण और यूटिलिटी शिफ्टिंग में देर होने की वजह से कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण कार्य प्रभावित हुआ. लेकिन, अब तेज गति से निर्माण कार्य चल रहा है और अगस्त तक इसे हैंडओवर कर दिया जाएगा.

### संगठन सेवा का प्रदीप वर्मा को मिला ईनाम, भाजपा ने दिया राज्यसभा का टिकट

# राजनीति व समाजसेवा से बनाई पहचान

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

भाजपा ने प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा को झारखंड से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया है. वैश्य समुदाय से आने वाले प्रदीप वर्मा लंबे समय से राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं. वे रांची के महिलौंग के रहने वाले हैं. उन्होंने सेवा भारती के प्रांतीय संपर्क टोली में सह सचिव पद पर भी काम किया हैं. वहीं, 2009 से 2012 तक आरएसएस के प्रांतीय संपर्क टोली के सदस्य रहे हैं.

प्रदीप वर्मा 1992 में खिजरी मंडल से भाजपा के प्राथमिक सदस्य बने थे. 1997 में में इन्हें खिजरी मंडल का सदस्यता प्रभारी बनाया गया था. 2011 में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के साथ-साथ प्रदेश सह प्रशिक्षण प्रमुख बने. 2013 में भाजपा के प्रदेश मंत्री का दायित्व मिला था और फिर 2013 में भाजपा के प्रदेश मंत्री, 2015 में प्रदेश सदस्यता प्रभारी और 2016 में प्रदेश उपाध्यक्ष बने. वहीं, 2020 से अबतक प्रदेश महामंत्री के पद पर हैं. वे झारखंड के प्रवासी कार्यकर्ताओं की टोली के साथ उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल और गुजरात जैसे राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में सक्रिय सांगठनिक भूमिका निभा चुके हैं. प्रदीप वर्मा रांची के प्रसिद्ध सरला-बिरला विश्वविद्यालय, सरला बिरला पब्लिक स्कूल के संस्थापक और संचालक हैं. भारत सरकार के एमएमटीसी लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक भी हैं. भारतीय डाक विभाग के हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य हैं.



**खास बातें**

- सरला बिरला विश्वविद्यालय के संस्थापक हैं प्रदीप वर्मा
- भाजपा के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार जताया

### शीर्ष नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा : प्रदीप

झारखंड राज्यसभा की उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद प्रदीप वर्मा ने कहा कि पार्टी नेतृत्व में मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता पर विश्वास जताया है. यह झारखंड के हर एक भाजपा कार्यकर्ता का सम्मान है. इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, झारखंड भाजपा प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र जी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित पार्टी के केंद्र एवं प्रदेश के नेताओं का आभार जताया है. कहा कि यह भाजपा में ही संभव है कि जमीनी स्तर का कार्यकर्ता भी उच्च सदन में जा सकता है. उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा नेतृत्व के इस विश्वास पर पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरने का प्रयास करूंगा.

### जानलेवा इंसीजनल हॉर्निया से पीड़ित महिला मरीज को मिली राहत

# पारस अस्पताल में सफल इलाज

**संवाददाता। रांची**

एचईसी के पारस अस्पताल के डॉक्टरों ने वीपी शंट माइग्रेशन के साथ दुर्लभ इंसीजनल हर्निया का सफल ऑपरेशन कर मरीज की जान बचाई. 50 साल की महिला मरीज पेट के दाहिने हिस्से में गंभीर दर्द और सूजन की शिकायत लेकर पारस अस्पताल पहुंची थी. महिला ने बताया कि वह असहनीय दर्द से गुजर रही है. कई सरकारी और निजी अस्पतालों में दिखाया, मगर कहीं इलाज नहीं हो पाया.

पारस के डॉक्टरों ने महिला को अस्पताल में एडमिट कर लिया और फिर उनका इलाज शुरू किया. जांच में बड़े आकार 15 सेमी गुणा 15 सेमी का सिस्टिक सूजन पाया गया. इसके बाद डॉक्टरों ने पूरे पेट का सीटी स्कैन कराया, जिसमें पता चला कि बड़े आकार का ब्रेन का पानी सिस्ट के रूप में जमा है. ब्रेन के पानी को संट कर एक नली के द्वारा पेट के अंदर किसी अन्य अस्पताल में कुछ वर्ष पूर्व ऑपरेशन किया गया था. अब वह नली हर्निया के द्वारा पेट से निकल छाती के नीचे एवं पेट के ऊपर एक सिस्ट के अंदर पड़ा हुआ था. न्यूरो सर्जन डॉ संजय कुमार एवं डॉ पैट्रिक मिंज ने इस शंट की नली को दुरुस्त किया और पेट के अंदर दूरबीन की मदद से सिस्ट को काट कर निकाला.



**चिकित्सीय सेवा**

- पेट के दाहिने हिस्से में गंभीर दर्द से परेशान थी महिला
- विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सिस्ट काट कर निकाला

सभी विभागों के विशेषज्ञ के मौजूद रहने के कारण मरीज को जल्द राहत और कम खर्च में अस्पताल से छुट्टी दे पाना संभव हो पाया.

डॉ. मेजर रमेश दास एवं डॉ ओमप्रकाश, मिनिमली इंवेशिव लेप्रोस्कोपिक सर्जन की टीम ने दूरबीन के द्वारा बड़े से हर्निया को ऑपरेट कर मेस डाल कर रिपेयर किया. इसी टीम के सहयोग से एक ही बेहोशी में यह पूरी प्रकिया की गई. अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नितेश कुमार ने बताया कि पारस एचईसी अस्पताल में मरीजों का विशेष ख्याल रखा जाता है. मरीजों की स्थिति के अनुसार हमारी टीम उनकी सेवा में सदैव तत्पर रहती है.

### शैल्बी डिवाइन सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में महिला डॉक्टर सम्मानित

**रांची।** विश्व महिला दिवस के अवसर पर शैल्बी डिवाइन सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने सभी महिला डॉक्टरों और महिला कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मानित किया. साथ ही मरीजों और उनकी महिला रिश्तेदारों को गुलाब का फूल देकर सम्मान दिया. प्रबंधन की ओर से बताया गया कि अपने वादे के अनुसार, हमने सभी महिला रोगियों को निःशुल्क परामर्श दिया और हमारी महिला रोगियों को पैथोलॉजिकल टेस्ट, रेडियो इमेजिंग टेस्ट और दवाओं पर विशेष छूट दी गई. इन प्रस्तावों को 16 मार्च तक बढ़ा दिया गया है. कहा गया कि महिलाएं हर मामले में पुरुषों से कम नहीं हैं, इसलिए हम अपनी महिला डॉक्टरों और कर्मचारियों को न केवल इस शुभ दिन के लिए नहीं, बल्कि महिला सशक्तीकरण की अवधारणा को रोजमर्रा की पूर्ति के लिए विशेष मानते हैं.



### राष्ट्रीय लोक अदालत : 40 करोड़ रुपये से ज्यादा राशि की हुई वसूली

# रांची में 1 लाख मामलों का हुआ निपटारा

**संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के निर्देश पर व्यवहार न्यायालय, रांची में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत लगी. इस दौरान 31 पीड़ितों के बीच 63,30,000 रुपए की मुआवजा राशि वितरित की गई.

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच 74,94,80,000 रुपए वितरित किये गये. इस दौरान 25 बेंच और कार्यपालक दंडाधिकारियों के लिए 20 बेंच का गठन किया गया था. राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल एक लाख से अधिक मामलों का निष्पादन किया गया एवं 40 करोड़ से अधिक की राशि की वसूली की गई. जिसमें प्रीलिटिगेशन एवं लिटिगेशन के मामलों का निष्पादन शामिल रहा. लोक अदालत में दिव्यांग बच्चे को व्हील चेयर भी दिया गया.

**इनकी रही अहम भूमिका :** राष्ट्रीय लोक अदालत के उदघाटन में बतौर मुख्य अतिथि न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय के रशिकेश कुमार, उपायुक्त सह उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी सह सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार चंदन कुमार सिन्हा, डालसा सचिव राकेश रंजन, आरडीबीए, रांची के अध्यक्ष शंभू प्रसाद अग्रवाल, आरडीबीए, रां के सचिव संजय विद्रोही, न्यायिक पदाधिकारी, मध्यस्थ, पैनल अधिवक्ता, पीएलवी एवं अन्य लोग उपस्थित थे.

राष्ट्रीय लोक आदालत का उद्घाटन मंचासीन सभी गणमान्य व्यक्तियों एवं दिव्यांग बच्चों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया.



झारखंड हाईकोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत

**विधिक लाभ**

- मामलों के निपटारे के लिए 45 बेंच का किया था गठन
- प्रीलिटिगेशन एवं लिटिगेशन के मामलों का हुआ निष्पादन

### 5 करोड़ से अधिक की राशि से पक्षकार लाभान्वित

**रांची।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के तत्वावधान में झारखंड उच्च न्यायालय में विधिक सेवा समिति द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया. इसमें उच्च न्यायालय में लंबित रिट, पेंशन, मोटर एक्सीडेंट क्लेम, भूमि विवाद तथा सुलहनीय आपराधिक मामलों इत्यादि को रखा गया. झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सह उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष रंगन मुखोपाध्याय एवं न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी की अध्यक्षता में कुल दो बेंचों का गठन किया गया था. पेंशन और वाहन दुर्घटना के मामलों से संबंधित इंश्योरेंस कंपनियों के पदाधिकारी, पक्षकारों और उभय पक्षों के अधिवक्ताओं के सकारात्मक प्रयासों के फलस्वरूप पांच करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ विभिन्न लाभुकों को प्राप्त हुआ. लोक अदालत में कुल 47 मामलों का निष्पादन किया गया. अनुकंपा के आधार पर सीसीएल के कुल 12 लाभुकों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया गया.

स्वागत भाषण भाषण एवं मंच का संचालन डालसा सचिव राकेश रंजन ने किया. न्यायामूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद लोक अदालत में उपस्थित हुए और बनाये गये बेंचों का निरीक्षण किया. न्यायामूर्ति ने अपने हाथों से पीड़ितों के बीच मुआवजा राशि का वितरण किया.

**हस्तशिल्प**

### गांधी शिल्प बाजार में 100 अलग-अलग स्टॉल पर दिखा शिल्पकारों का हुनर

# टेराकोटा, जलकुंभी, बांस व जूट के उत्पाद आकर्षण का केंद्र

**संवाददाता। रांची**

न्यू एजी कॉलोनी स्थित चिल्ड्रेन्स पार्क में गांधी शिल्प बाजार लगा है, यहां देशभर से आए विभिन्न शिल्पकारों ने अपन-अपने स्टॉल लगाए हैं. करीब 100 अलग-अलग स्टॉल पर लगे विभिन्न हस्तशिल्प वस्तुएं लोगों को अपनी ओर आकर्षिक कर रही हैं. इसमें टेराकोट्टा, जलकुंभी, बांस और जूट से बनी वस्तुएं लोगों के बीच आकर्षण बना हुआ है.

**टेराकोट्टा से बने प्याली, दीये व गणेशजी :** टेराकोट्टा से बने प्याली, दीये व गणेशजी लोगों को खूब लुभा रहे हैं. पश्चिम बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर से आए शिल्पकार समरेश चंद्र रॉय ने बताया कि टेराकोट्टा से बनी वस्तुएं काफी खूबसूरत दिखती हैं, इसलिए लोगों के बीच इसकी डिमांड अधिक है. इसमें खास तरह की दीयों से लेकर भगवान की मूर्ति और प्रतिदिन इस्तेमाल होने वाली वस्तुएं शामिल हैं.

**बाजार सजा**

- टेराकोटा से बने उत्पादों की शिल्प मेला में भारी डिमांड
- रोजमर्रा के उपयोग वाले उत्पादों की हो रही खरीदारी



### बांस की शानदार चूड़ियां व जलकुंभी से बना झोला

बांस से बनी शानदार चूड़ियां देखकर लोग हस्तशिल्प का लोहा मानने लगे हैं. यूपी के पिलीभीत से आई सरस्वती देवी ने बताया कि 12 साल पहले सुल्तानपुर की वर्तमान सांसद मेनका गांधी ने जलकुंभी से चीजें कैसे बनती हैं, उसे सीखने के लिए 25 लोगों के साथ मुझे असम भेजा था.



### जूट से बने खिलौने और भगवान की मूर्तियां भी

पश्चिम बंगाल के बर्धमान की रहनेवाली ताप्ती कोनार पिछले 23 वर्षों से जूट की वस्तुएं तैयार कर रही हैं. उन्होंने बताया कि कार्ड बोर्ड की मदद से हम जूट के खिलौने, भागवान की मूर्तियां सहित कई होम डेकोरेशन उपयोगी चीजें बनाते हैं, जो प्रर्यावरण के लिए अनुकूल हैं.



### लोगों को खूब लुभा रही है कतरन से बनी सूट

शिल्प बाजार में कतरन से बनी सूट लोगों को खूब लुभा रही है. पश्चिम बंगाल के बर्धमान से आए ऋषिकेश ने बताया कि अक्सर किसी कपड़े को तैयार करने के बाद उसमें से बचा हुआ कतरन कपड़ा बर्बाद हो जाता है. हम उन्हीं कतरन को जोड़ कर हस्तशिल्प सूट तैयार करते है.

### फैशन डिजाइनर निधि कुमार को मिला राष्ट्रीय डिजाइनर पुरस्कार

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची की फैशन डिजाइनर निधि कुमार को इमर्जिंग टैलेंट इन इंडो वेस्टर्न फैशन के अंतर्गत 'राष्ट्रीय डिजाइनर पुरस्कार 2023' से सम्मानित किया गया है. निधि के परिवार की पृष्ठभूमि भारतीय सेना की रही है. हालांकि उन्होंने फैशन की दुनिया में अपना ब्रांड-लेबल निधि कुमार बनाया और चर्चित हुईं. निधि अपने परिवार में पहली उद्यमी के रूप में कार्य कर रही हैं. हाल ही में फैशन जगत में काम करने वाले भारतीय लोगों के लिए वर्ल्ड डिजाइन फोरम द्वारा नई दिल्ली में नेशनल डिजाइनर्स अवॉर्ड सीजन-6 का आयोजन किया गया. इसमे निधि कुमार को 'राष्ट्रीय डिजाइनर पुरस्कार 2023' से सम्मानित किया गया.

# राजनीति में सामूहिकता का बोध जरूरी : सुदेश महतो

- मिलन समारोह में दर्जनों युवाओं ने थामा आजसू पार्टी का दामन

**संवाददाता। रांची**

राज्य की राजनीति में सकारात्मक बदलाव के लिए युवाओं की भागीदारी जरूरी है. राजनीति में किसी एक व्यक्ति का विचार नहीं, बल्कि सामूहिकता के बोध के साथ अनेक विचारों को समाहित करना महत्वपूर्ण होता है. उक्त बातें आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने थड़पखना उर्दू स्कूल मैदान में आयोजित मिलन समारोह में कही. इस दौरान तबरेज शम्स उर्फ अर्शी के नेतृत्व में काफी संख्या में युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. मिलन समारोह में मुख्य रूप से पार्टी के मुख्य केंद्रीय प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, जितेंद्र सिंह केंद्रीय सचिव सह रांची महानगर प्रभारी, मो. मोहसिन खान, सल्लू खान, एस अली, बंटी यादव, अमित वर्मा, आजसू छात्र संघ के प्रदेश प्रभारी हरीश कुमार समेत आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता व नेत्री उपस्थित रहे. संचालन आमिर सोहेल ने किया.

**इन्होंने ली सदस्यता :** तबरेज शम्स (अर्शी), शमीम अख्तर (विक्की), मो. कलीम, मंसूर हवारी, अफरीदी जावेद, मो. तौशी, अशर वसी, मुमताज़ हुसैन (गोलू), मो. फैसल, मो. सगीर हवारी, मो. सज्जाद हवारी, मो. फिरोज, मो. आसिफ परवेज़ समेत अन्य युवाओं ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की.

## ब्रीफ खबरें

### रांची विवि में सरहुल पूर्व संध्या समारोह 10 अप्रैल को

रांची। रांची के मोरहाबादी स्थित जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय परिसर में सरना नवयुवक संघ की केंद्रीय समिति की बैठक अध्यक्ष डॉ हरि उरांव की अध्यक्षता में हुई. इसमें सरना नवयुवक संघ के तत्वावधान में 10 अप्रैल 2024 को रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में सरहुल पूर्व संध्या समारोह का आयोजन करने का निर्णय हुआ. समारोह में संघ द्वारा प्रकाशित 'सरना फूल पत्रिका' का भी लोकार्पण भी किया जाएगा. रचनाकार सरना फूल पत्रिका पत्रिका में प्रकाशन के लिए अपनी रचना 25 मार्च 2024 तक भेज सकते हैं.

### आदिवासियों का जुटान सुतियाम्बे में 17 मार्च को

रांची। कांके प्रखंड के सुतियांबे में 17 मार्च को आदिवासियों का महाजुटान होगा. यह जानकारी देते हुए कांके सरना समिति के अध्यक्ष डबलू मुंडा ने बताया कि सुतियांबे में हजारों आदिवासी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे. इस कार्यक्रम का प्रचार प्रसार गांवों से लेकर शहरों तक किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि छोटानागपुर के महाराजा मदरा मुंडा ने आदिवासियों की शासन व्यवस्था की शुरुआत सुतियाम्बे से की थी. इधर सुतियांबे और उसके मुड़हर पहाड़ पर भूमि माफियाओं द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है.

### श्रीश्याम भक्तों का जत्था खाटूधाम के लिए रवाना

रांची। श्रीश्याम भक्तों का जत्था शनिवार की शाम छह बजे रेल मार्ग से खाटू धाम के लिए रवाना हुआ. जत्था में 60 श्रद्धालु शामिल हैं. भक्तगण सोमवार को रींगस से 17 किलोमीटर की पदयात्रा कर खाटू धाम मंदिर में श्रीश्याम प्रभु और हनुमान जी को निशान अर्पित करेंगे. 13 मार्च तक रांची लौटेंगे. चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, जीतेश अग्रवाल, नितेश लाखोटिया, विवेक ढांढनिया, अमित जालान, अंकित मोदी, कौशल अग्रवाल, नितेश केजरीवाल, शशि बागला, मीना देवी गोयल, रत्न मोर आदि जत्था का नेतृत्व करने वालों में मुख्य हैं.

### भारत मुंडा समाज ने बुजुर्ग महिला को दिया व्हीलचेयर

रांची। भारत मुंडा समाज की ओर से शनिवार को हुसड़ी हातू गांव निवासी 71 वर्षीय बुजुर्ग महिला निरस मुंडा को ह्वील चेयर प्रदान किया. इस दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने उस असहाय महिला को ह्वील चेयर पर बैठाकर घुमाया गया. ह्वील चेयर मिलने से वह महिला बहुत अधिक खुश थी और उसने भारत मुंडा समाज को धन्यवाद दिया. संगठन के प्रवक्ता ने बताया कि भारत मुंडा समाज की ओर को उक्त महिला के संबंध में जानकारी मिली कि वह लकवा बीमारी से ग्रस्त हो गयी है और काफी दिनों से परेशानी में जीवन व्यतीत कर रही है.

### पीजीटी के सात विषयों के अभ्यर्थियों ने किया हवन

रांची। पीजीटी के सात विषयों के अभ्यर्थियों ने शनिवार को हवन करवाया. यह हवन जेएसएससी को सद्बुद्धि देने के लिए किया गया. जेएसएससी पीजीटी के अभ्यर्थी पिछले 5 दिनों से राजभवन के सामने धरना दे रहे हैं. धरना पर बैठे अभ्यर्थियों ने पीजीटी के सात विषयों की परीक्षा दी थीं. जेएसएससी ने पीजीटी की परीक्षा ली थी. परीक्षा 11 विषयों के लिए ली गयी थी. लेकिन 4 विषयों का रिजल्ट जारी कर नियुक्ति पत्र भी दे दिया गया है. वहीं बाकी 11 विषयों का रिजल्ट नहीं दिया गया है.

**संस्था : स्थापना काल से ही भाषा, साहित्य, शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में सेवा देता आया है विश्वंभर फाउंडेशन ट्रस्ट**

# सुभाष चंद्र यादव को आज मिलेगा विश्वंभर मैथिली साहित्य सम्मान

संवाददाता। रांची



**खास बातें**
- कहानीकार, समीक्षक एवं अनुवादक हैं डॉ सुभाष
- 2018 में किया गया विश्वंभर फाउंडेशन ट्रस्ट का गठन

विश्वम्भर फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में मैथिली के लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार एवं समालोचक डॉ. सुभाषचन्द्र यादव को विश्वंभर मैथिली साहित्य सम्मान से नवाजा जायेगा. यह सम्मान डॉ. यादव को 10 मार्च को हरमू स्थित स्वागतम वैंकवेंट हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में समाज के गणमान्य अतिथियों एवं साहित्यकारों की उपस्थिति में प्रदान किया जायेगा.

डॉ. यादव मैथिली, हिन्दी, बंगला, संस्कृत, उर्दू, अंग्रेजी, स्पेनिश एवं फ्रेंचभाषा के ज्ञाता हैं. इनका जन्म 5 मार्च 1948 में हुआ. ये कथाकार, समीक्षक एवं अनुवादक हैं. डॉ. यादव मूलतः सुपौल जिले के बलबामेनाही गांव के रहने वाले हैं. जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नईदिल्ली से हिन्दी में स्नातकोत्तर एवं शोध करने के बाद उन्होंने कई वर्षों तक अध्यापन के क्षेत्र में योगदान दिया. महज एक कहानी "घरदेखिया" से सुभाष ने मैथिली तथा हिन्दीजगत में अपनी धमक बनाई. इनकी कई कथाएं, साहित्य अकादमी दिल्ली की पत्रिकाएं 'पहल', 'ज्ञानोदय' व 'हंस' में प्रकाशित हो चुकी हैं. वर्ष 2013 में सुभाष को प्रबोध साहित्य सम्मान प्रदान किया गया था. मैथिली भाषा में इनकी लगभग 70 से अधिक कथाएं, 30 समीक्षाएं एवं हिन्दी, बंगला एवं अंग्रेजी में अनेक अनुवाद प्रकाशित हो चुके हैं.

उल्लेखनीय है कि विश्वम्भर फाउंडेशन ट्रस्ट का गठन वर्ष 2018 मे किया गया. इसके सचिव नवीन कुमार झा हैं, जो मिथिला नगरी दरभंगा जिला के अथारगांव के मूल निवासी हैं.इनके परिवार के सदस्यों ने मिलकर अपने पिता की स्मृति में इस फाउंडेशन का गठन किया. नवीन कुमार झा अपने अनुज राजेश झा के साथ रांची में रियलस्टेट के व्यापार से जुड़े हैं. विश्वम्भर फाउंडेशन एक चैरिटेबल ट्रस्ट है. यह न्यास सामाजिक, सांस्कृतिक और भाषा-साहित्य के विकास के लिए कार्य करता है. मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म का कार्य है, इसी मूल मन्त्र को ध्यान में रखकर फाउंडेशन अनवरत अपने स्थापनाकाल से भाषा, साहित्य, शिक्षा एवं अनेक क्षेत्र में सेवा देता आया है.



## जेसीआई रांची ने मनाया महिला दिवस

संवाददाता। रांची

जेसीआई रांची की महिला शाखा ने जेसीआई ऑफिस में महिला दिवस का आयोजन किया. मुख्य अतिथि के रूप में डॉ नम्रता महनसरिया तथा ओल्ड एज होम संचालक सुशीला गुप्ता शामिल हुईं. कार्यक्रम में लोगों ने कई गेम्स खेले और स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आनंद उठाया. इसी बीच सुविधा से वंचित 20 फुटबॉल खिलाड़ियों को ट्रैकसूट और जूता वितरण किया गया. कार्यक्रम का आयोजन कृति मोदी और नंदिनी सरावगी ने नीमा मस्कारा की देखरेख में किया गया. मौके पर अध्यक्ष विक्रम चौधरी, महिला शाखा अध्यक्ष रुचि झुनझुनवाला, मयंक अग्रवाल, वंदना खोवाल, कंचन महेश्वरी, श्वेता महेश्वरी, आशा पोद्दार, मेघा चौधरी, संतोषी मुरारका, वीणा अग्रवाल, शीतल शर्मा, अमिता केडिया आदि शामिल थे.

**चैंबर संग होटल एंड बैंक्वेट उप समिति की बैठक**

# थाना जाकर डेली रिपोर्ट जमा करना संभव नहीं



संवाददाता। रांची

**खास बातें**
- विभिन्न समस्याओं पर भी विचार-विमर्श किया गया
- समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन से बात करेगा चैंबर

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के होटल एंड बैंक्वेट उप समिति की बैठक शनिवार को चैंबर भवन में हुई. उप समिति चेयरमेन अरविंदर सिंह खुराना और त्रिलोचन सिंह ने संयुक्त रूप से होटल व बैंक्वेट संचालकों की समस्या पर अपनी बातें रखीं. उन्होंने कहा कि होटल और बैंक्वेट से प्रत्येक माह शुल्क लेने के बाद भी नियमित रूप से कचरा उठाव नहीं किया जाता.

उन्होंने संबंधित थाना में जाकर डेली रिपोर्ट जमा करने की बाध्यता से होनेवाली परेशानी से भी अवगत कराया. शादियों के दौरान देर रात तक डीजे बजाने पर होटल और बैंक्वेट पर कार्रवाई होने पर भी होटल संचालकों ने चिंता जताई, चैंबर के कार्यकारिणी सदस्य नवजोत अलंग ने कहा कि हमारे संज्ञान में ऐसी कई शिकायतें आई हैं, जहां बुकिंग से पूर्व डिक्लेरेशन लेने और मना करने के बाद भी कई लोग नहीं मानते. देर रात तक डीजे बजाने के कारण होटलों और बैंक्वेट पर कार्रवाई हो जाती है. जबकि संबंधित पार्टी इसके लिए ज्यादा जिम्मेवार हैं तथा होटल, बैंक्वेट के साथ पार्टी पर भी कार्रवाई होनी चाहिए. प्रशासन द्वारा पार्टी को जिम्मेवार बनाने से लोग शादियों में 10 बजे के बाद डीजे बजाने से बचेंगे. होटल संचालकों की समस्या की वास्तविकता अवगत होने के बाद चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि थाना जाकर डेली रिपोर्ट जमा करना संभव नहीं है, हमने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि ईमेल अथवा वॉट्सएप्प से डेली रिपोर्ट ली जाय. इससे होटल संचालक अनावश्यक कठिनाई से बचेंगे. उन्होंने जल्द ही इस मामले में जिला प्रशासन से वार्ता के लिए आश्वस्त किया.

उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि नई पर्यटन नीति के तहत होटल को उद्योग का दर्जा दिया गया है. नीति के तहत नये प्रोजेक्ट लाने पर सब्सिडी समेत कई आकर्षक प्रावधान हैं, उद्यमी इस नीति का लाभ लें. मौके पर उप समिति चेयरमेन त्रिलोचन सिंह, अरविंदर सिंह खुराना, सदस्य सतपाल सिंह, राजु सिंह, चिंरजीव रॉय, हरमित सिंह खुराना, नमन सिंह, संतोष सिंह, पंकज कुमार, हरजीत जग्गी, बिनिता, हृदयानंद उपाध्याय, इंदरजीत सिंह, राजा बग्गा, हरजीत सिंह, प्रवीण कुमार, राजीव चौधरी, संजीव कुमार, मेघा, नीरज कुमार, रिषू तिवारी, होटल एसोसिएशन के पदाधिकारी समेत शहर के कई होटल एवं बैंक्वेट संचालक शामिल थे.

### श्रीश्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी का जन्मोत्सव आज

रांची। सत्संग बिहार, कांके में रविवार को श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचंद्र जी का 136वां जन्मोत्सव अनुयायी श्रद्धाभाव से मनायेंगे. इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है. शैलेश कुमार सिन्हा ने बताया कि सुबह साढ़े चार बजे वेद मांगलिक शहनाई के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी. इसके बाद उषा कीर्तन, सामूहिक विनती, प्रार्थना और पवित्र वाणी का पाठ आदि कार्यक्रम होंगे. इसचिव देवाशीष गुप्ता सचिन, डॉ. आरएस पान, रंजीत गुप्ता, शुभम कुमार, मंदिर निर्माण समिति के सेवक अर्जुन प्रसाद सिंह, योगेंद्र प्रसाद सिंह,अरूप पॉल, डॉ. जयदेव पति, रूपेश कुमार साहू, रणवीर, अमल डे, शैलेश कुमार सिन्हा, ममता मां, हीरा बनी रूपसी, आंचल, रोमी, कल्पलता आदि इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दे रहे हैं.

## मेगा ट्रेड फेयर में लोग कर रहे मनचाही खरीदारी

संवाददाता। रांची



मोरहबादी मैदान में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के आठवे दिन शनिवार को भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ी. लोग बड़ी संख्या में ट्रेड फेयर में खरीदारी के लिये पहुंच रहे हैं. साथ ही खाने का भी आनंद उठा रहे हैं.

ट्रेड फेयर में लोगों को तीन हजार या इससे अधिक की खरीदारी पर सुनिश्चित उपहार दिया जा रहा है. ट्रेड फेयर में दुबई, थाईलैंड, ईरान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, तुर्की, मलेशिया समेत 12 देश व राज्यों के स्टॉल लगे हुए हैं. जहां तरह-तरह के उत्पादों का प्रदर्शन किया गया है. एक ही प्लेटफार्म के नीचे हर आयुवर्ग के लिए उत्पाद उपलब्ध होने के कारण शहरवासी स्टालों में मनपसंद चीजें खरीद रहे हैं. साथ ही मनोरंजन का भी आनंद उठाया. स्टॉल धारकों के मुताबिक, सबसे अधिक बिक्री खाने-पीने की चीजों की और लाइफस्टाइल की वस्तुओं की हुई. इनमें सबसे अधिक साड़ियां, सूट, जूती, सैंडल, मेकअप के सामान आदि वस्तुओं की खरीदारी हो रही है. वहीं, गृहिणियां घरेलू सामान एवं आर्टिफिशियल ज्वैलरी खरीदती नजर आई. ट्रेड फेयर में गारमेंट्स, पंजाबी व राजस्थानी जूती, क्रॉकरी तथा घर की साज सजावट के सामान के स्टाल पर खूब रौनक रही. बच्चों के खिलौने, पठन-पाठन की सामग्री भी बिक रही है. अफगानिस्तान के स्टाल में ड्राई फ्रुट को लोग खूब पसंद कर रहे हैं.

# ऑड्रे हाउस में स्लो फूड फेस्टिवल का आयोजन

संवाददाता। रांची







मनुष्य वर्तमान जिस तरह की भाग दौड़ वाली जिंदगी जी रहा है. लोगों के पास खाना खाने का समय नहीं है. आधुनिकता के साथ देश विकास की गति में आगे बढ़ रहा है, पर हमारे खानपान पर इसका बुरा असर हुआ है, जिससे लोग सभी चीजें जल्दी करने की होड़ में फास्ट फूड का इस्तेमाल ज्यादा कर रहे हैं. फास्ट फूड मनुष्य की भूख भले ही मिटा दे, पर शरीर को इसका कोई फायदा नहीं होता. ये विचार ऑड्रे हाउस में आयोजित एक दिवसीय स्लो फूड फेस्टिवल में वक्ताओं ने व्यक्त किये. फेस्टिवल में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल थीं. उनका स्वागत झारखंडी नृत्य प्रस्तुत करने के साथ ही साथ झारखंडी परंपरा के अनुसार कांसे की थाली में हाथ धोकर व झारखंडी गमछा देकर किया गया. मुख्य अतिथि ने नगाड़ा बजाकर फूड फेस्टिवल का शुभारंभ किया. इस फूड फेस्टिवल में चतरा, लोहरदगा, ओडिशा एवं अन्य जगहों के लोगों ने भाग लिया. इस फूड फेस्टिवल में ऐसे खान-पान के तरीकों को दिखाया गया, जिसे पूर्वजों द्वारा खाया जाता था, पर अब लोग उसे भूलते जा रहे हैं. बथुआ साग, मड़ुआ की रोटी, ज्वार, बाजरा, मोरिंग, कच्चे केले के छिलके की चटनी, मोरिंग के फूल की सब्जी, सेम बीज के लड्डू, झारखंडी साग, चाकोड़, ओल, महुआ, कुदरूम की सब्जी-भुजिया सहित कई ऐसे खाने की व्यवस्था फेस्टिवल में की गयी थी. लोगों ने फेस्टिवल का लुत्फ उत्साह के साथ उठाया.

# अपना पूरा जीवन प्रभु यीशु को कर दें समर्पित : संतोष



संवाददाता। रांची

संत मरिया महागिरजा घर के पल्ली पुरोहितों की ओर से आयोजित तीन दिवसीय आत्माभिषेक साधना शनिवार को दूसरे दिन सफलता पूर्वक जारी रही. रांची पेरिश के हजारों धर्म बहनें और सिस्टर शामिल हुईं. कार्यक्रम में स्तुति के साथ साथ परमेश्वर के बारे में लोगों को बताया गया कि यीशु के सामने पूरे जीवन को समर्पित करना चाहिए, क्योंकि प्रभु यीशु ही पाप से मुक्ति दिला सकते हैं. इस दुनिया में तेजी से पाप फल फूल रहा है. इसे प्रभु यीशु ही दूर कर सकता है. अपना जीवन प्रभु को सौंप दें. अपने घर प्रभु को समर्पित करें और उनकी शक्ति को समझें और यीशु का स्तुति करे. प्रभु हमारे जीवन में हैं और उन्हें कभी दूर नहीं किया जा सकता है. दिल्ली की सांत्वना कम्युनिटी के संतोष और सिस्टर सैली ने कहा कि ईश्वर हमारे जीवन के पानी का स्रोत है. प्रभु को पवित्र रखना है. यदि तुम साधना दिवस पर चर्च नहीं जाओगे तो तुम्हें प्रभु का आनंद नहीं मिलेगा. परमेश्वर की आराधना और विनती हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण है.

# प्रेस क्लब में तीन दिनी बसंत मेले के दूसरे दिन लोगों की उमड़ी भीड़

संवाददाता। रांची



**खास बातें**
- मेले में इलेक्ट्रॉनिक सामान कपड़े, आभूषण के सजे स्टॉल
- रजनी सेन की पेंटिंग ग्राहकों को कर रही है आकर्षित

करमटोली स्थित प्रेस क्लब में आयोजित तीन दिवसीय बसंत मेले में दूसरे दिन शनिवार को लोगों की भीड़ उमड़ी. मेले में लोगों ने हस्तशिल्प से बनी चीजों को खूब सराहा. मेले में इलेक्ट्रॉनिक सामान, कपड़े, आभूषण, पेंटिंग, बच्चों के खिलौने और खाने के स्वादिष्ट खाने के स्टॉल लगे हैं. बसंत मेले में हेल्थ प्वांइट हॉस्पिटल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. मेले में एक स्टॉल रजनी सेन का है, जो खूबसूरत पेंटिग से भरा हुआ है. रजनी सेन एक्रेलिक कलर पेंटिंग, कैनवस, कपड़े , मधुबनी पेंटिंग, पोट्रेट पेंटिंग एवं अन्य पेंटिग करती हैं. उन्होंने बताया कि उन्हें पेंटिंग बचपन से पसंद रही है, पर उसे वे शौकिया तौर पर किया करती थीं. कोविड ने उन्हें अपने आपको निखारने और बेहतर बनाने का मौका दिया. मेले में उनकी राम लला की पेंटिंग लोगों को खूब पसंद आ रही है, जिसकी कीमत 2100 रुपये है. पेंटिंग स्टॉल में रियलस्टीक पेंटिंग हैं. पेंटिंग में भगवान राम, सीता माता एवं लक्ष्मण, राधा कृष्ण, नंदी माता, भगवान गणेश एवं रवींद्रनाथ टैगोर, लता मंगेशकर, स्वामी विवेकानन्द आदि की तस्वीरे हैं. छोटी से बड़ी पेंटिंग की कीमत एक सौ रुपये से शुरू होकर 12 हजार तक है. बसंत मेले में महिला उद्यमी द्वारा कपड़े के न्यू कलेक्शन के स्टॉल, ऑसडाइज ज्वलेरी आदि भी लोगों को पसंद आ रहा है.

# रिम्स में मेटा-विश्लेषण पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता। रांची



**खास बातें**
- चिकित्सा विज्ञान का काम स्वास्थ्य को बरकरार रखना
- चिकित्सा विज्ञान के लिए बहुत कारगर है मेटा-विश्लेषण

रिम्स अनुसंधान विभाग द्वारा शनिवार को मेटा-विश्लेषण पर व्यावहारिक कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यशाला का उद्देश्य विशेषज्ञों, चिकित्सकों और शोधकर्ताओं के बीच संवाद, सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है. कार्यशाला का उद्घाटन डीन प्रो विद्यापति, डीन (परीक्षा) मनोज कुमार और चिकित्सा अधीक्षक हीरेन्द्र बिरुआ ने किया. इस कार्यशाला में झारखंड के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के साथ-साथ विभिन्न राज्यों जैसे एम्स पटना, एनएमसीएच, सासाराम बीएचयू वाराणसी, बीएसएससीसीआरआई भुवनेश्वर और कैरियर इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज लखनऊ से कुल 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया. कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राज कुमार ने मेटा-विश्लेषण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि चिकित्सा विज्ञान का काम स्वास्थ्य को बरकरार रखना और उपचार सुनिश्चित करना है. जिसे उपलब्ध सर्वोत्तम साक्ष्यों द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है. लेवल एक (सर्वोत्तम साक्ष्य) का साक्ष्य प्राप्त करने के लिए मेटा विश्लेषण किया जाना चाहिए. साथ ही उन्होंने कहा कि मेटा-विश्लेषण चिकित्सा विज्ञान के लिए बहुत अच्छा है. इसकी शुरुआत करने के लिए या तो एक दुर्लभ मामला ढूंढें या एक सामान्य मामले में दुर्लभता ढूंढें.

**अनुष्ठान**

**श्री श्याम मंदिर में फाल्गुन अमावस्या पर आज होगा खाटू नरेश का महास्नान**

# रंग रंगीला श्रीश्याम भंडारे के प्रसाद में बंटा स्वादिष्ट व्यंजन

संवाददाता। रांची



**खास बातें**
- मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं का होगा श्रृंगार
- नवीन पोशाक पहना कर लगाया जाएगा पंचमेवा भोग

श्रीश्याम मित्र मंडल के श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में शनिवार को श्रीश्याम का रंग रंगीला 103वां वृहत भंडारा चला. इसमें श्रद्धालुओं के बीच स्वादिष्ट व्यंजन परोसा गया. दोपहर बाद मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया और उपमंत्री अनिल नारनौली के सान्निध्य में संतोष जैन और उनकी पत्नी किरण जैन, विजय जैन, श्रद्धा जैन, विराज जैन, अधिराज जैन ने स्तुति-प्रार्थना कर मंगल कामना की. इसके बाद भंडारे का प्रसाद देवी, देवताओं और गुरुजनों को अर्पित किया गया. भक्तों ने भजन गायन कर खाटू नरेश के श्रीचरणों में श्रद्धा के पुष्प चढ़ाये. फिर सबसे पहले आचार्य को भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण कराया गया. बाद में आम भक्तों के बीच प्रसाद रूप में केसर भोग, इडली, दाल, बड़ा, उपमा, नारियल चटनी आदि प्रसाद रूप में परोसा गया. संतोष जैन, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, किरण प्रदीप राजगढ़िया, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, रतन जैन, अनिल नारनौली, प्रेम प्रकाश आर्य, नरेंद्र जैन, केसर सिंह, डॉक्टर दिनेश गुप्ता, गुरदीप सिंह, अमित सरावगी, सलज अग्रवाल, सोनू, अभिषेक सरावगी, राहुल मारू, रौनक पोद्दार, अरविंद सोमानी, कौशल चौधरी, अनुज मोदी, वेद भूषण जैन, पप्पू, स्नेह पोद्दार, रमा सरावगी, सरिता अग्रवाल, मनोज खेतावत, उपेंद्र पांडे, मनीष वर्मा, अंकित सिंह आदि ने इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया. वहीं रविवार को श्रीश्याम मंदिर में खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान होगा.

पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटू धाम के परंपरानुसार फाल्गुन अमावस्या के मौके पर इसका आयोजन किया जा रहा है. मंदिर के आचार्यों के सान्निध्य में प्रभु को महास्नान कराने के बाद मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को नवीन पोशाक पहनाया जायेगा. पुष्प श्रृंगार कर मंगल कामनाएं की जायेंगी. पंचमेवा भोग लगेगा. साकेत पोद्दार, विष्णु, प्रिया, राजेश सिंघानिया, सारिका सिंघानिया, हर्ष सिंघानिया विशेष श्रृंगार की सेवा निवेदित करेंगी.

**गणेश पूजन से होगा रंगोत्सव का शुभारंभ, फिर श्रीदादी जी का जलाभिषेक**

# श्रीराणी सती मंदिर में होली रंगोत्सव 15 से

संवाददाता। रांची



श्रीराणी सती मंदिर कमेटी का तीन दिनी होली रंगोत्सव 15 मार्च से शुरू होगा. इसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है. अध्यक्ष सतीश तुलस्यान ने बताया कि मंदिर में शाम चार बजे श्रीगणेश पूजन से उत्सव की शुरुआत होगी. इसके बाद छह बजे श्रीदादी की संगोष्ठी होगी. तेजस राणा कथा वाचन करेंगे. दूसरे दिन शनिवार को सुबह आठ बजे श्रीदादी जी का जलाभिषेक किया जायेगा. दिन के दस बजे कृष्ण यादव और मनोज शर्मा के सान्निध्य में मेहंदी उत्सव मनाया जायेगा. फिर दिन के 11 बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी. शाम चार बजे ज्योत प्रज्वलन के साथ भक्ति गीतों का कार्यक्रम शुरू होगा, जो देर रात तक चलेगा. मनोज शर्मा, हर्षिता डीडवानिया और पायल अग्रवाल भक्ति गीतों की अविरल धारा बहायेंगी. इस दौरान शाम सात बजे चुनरी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. रात आठ बजे महाआरती उतारने के साथ दूसरे दिन का कार्यक्रम संपन्न होगा. अंतिम दिन 17 मार्च को सुबह सात बजे अखंड ज्योत प्रज्वलित किया जाएगा. इसके बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु राजस्थानी वेशभूषा में मंगला पाठ करेंगी. दिन के दो बजे भजन-संकीर्तन किया जायेगा. शाम पांच बजे प्रसिद्ध भजन गायक सौरभ मधुकर और केशव मधुकर भक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुति देंगे. मौके पर आयोजित हाउजी महोत्सव का अलग आकर्षण रहेगा. रात आठ बजे श्रद्धालु फूलों की होली खेलेंगे. रात नौ बजे से बनारस के आचार्यों द्वारा गंगा आरती उतारी जायेगी. इसी के साथ तीन दिनी उत्सव संपन्न हो जायेगा. मंत्री गजानंद अग्रवाल और महोत्सव संयोजक प्रदीप नारसरिया इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दे रहे हैं.

# जहां सत्य है शम्भु वहीं पर, आशुतोष भगवान



कविता कलम
डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**संसार** और जीवन का सरगर्भित आध्यात्मिक वाक्य है- सत्यं शिवं सुंदरं. सत्य सर्वोपरि है. परम ब्रह्म है. कोटि सूर्यों के तेज से भी अधिक प्रखर है. कल्पांत में प्रलय का आगमन होता है तो सबकुछ समाप्त हो जाता है, लेकिन सत्य अपने स्वरूप में ज्यों का त्यों बना रहता है. उसके रूप और रंग में कोई परिवर्तन नहीं होता. सत्य तभी सर्वग्राही होता है, जब वह शिव के संग होता है. शिव महादेव हैं, मंगलकारी हैं. उनके संग प्रखर सत्य भी सौम्य और सुंदर बन जाता है. शिव सत्यमय हो जाता है और सत्य शिवमय. तब दोनों की सुंदर एकात्मता कल्याणकारी बन जाती है. लोक उसे सहजता पूर्वक ग्रहण कर लेता है और धन्य हो जाता है. उसका जीवन सभी प्रकार से सार्थक हो जाता है. सत्य पुरुष है, सत्य प्रकृति है. उसी पुरुष का मंगलमय रूप शिव है और प्रकृति है शक्ति स्वरूपा. पुरुष और प्रकृति अभिन्न हैं. इसी प्रकार शिव भी तभी तक मंगलकारी हैं, जबतक शक्तिमय हैं. युगों युगों से शिव और शक्ति एकाकार हैं. वसंत ऋतु में आनेवाला पर्व महाशिवरात्रि शिव और शक्ति के मिलन का पर्व है, जब श्रद्धालु भक्त उनके वैवाहिक समारोह का स्मरण करते हैं और भवानी के साथ भव की पूजा-अर्चना करते हैं. इस पर्व पर पूरे झारखंड के देवालयों में पूरे विधि विधान के साथ भगवान शिव और जगतजननी पार्वती के विवाह प्रसंग दुहराये जाते हैं. ऐसे भक्तिमय वातावरण में झारखंड की कवयित्री **पुष्पा पाण्डेय** शिव और गौरी के विवाह का सजीव चित्रण इस प्रकार कर रही हैं.



सरसि छंद में लिखित उनकी रचना का शीर्षक है- दूल्हा महादेव

चले महेश्वर व्याह रचाने, गौरा जी के संग.
बाराती थे भूत-प्रेत सब, किए रंग में भंग.
देख अचेत हुई हिमरानी, मिला मूढ़ दामाद.
अति कोमल लाडो है मेरी, करती रही विवाद.
डोली नहीं कहार वहाँ था, शंकर बैल सवार.
मुंड- माल के माला पहने, लगा भभूत लिलार.
भस्म लगा था उबटन जैसा, मुकुट बना था नाग.
पाँव न पनही फटा बिवाए, हो न सके अनुराग..
आसमान के नीचे आसन, नहीं झोपड़ी गेह.
कहाँ रहेगी मेरी लाडो, क्या खाएगी खेह.
रहे कुआँरी चाहे बिटिया, होगा नहीं विवाह.
द्रोही कब की थी मैं नारद, मेरा कौन गुनाह..
अवसर पर आए नारद जी, दिए शम्भु पहचान.
जन्म- जन्म के साथी दोनों, जोड़ी रही महान.
पूर्व जन्म की सती भवानी, अलग किया था वक्त.
शिव की शक्ती रही भवानी, किया शम्भु ने व्यक्त..
जहाँ सत्य है शम्भु वही पर, आशुतोष भगवान.
सृष्टि के आधार हैं शंकर, करे जगत कल्यान.
करते पान हलाहल भगवन, करे सुधा का दान.
नमन करूँ मैं हे शिव शंकर, कृपा करो ईशान..

सनातन शास्त्रों के अनुसार उमा-महेश्वर की जोड़ी आदर्श जोड़ी मानी जाती है. मान्यता है कि इस जोड़ी के नित्य नियमित दर्शन से दांपत्य जीवन में कटुता समाप्त हो जाती है और पति-पत्नी के बीच प्रेम संबंध में प्रगाढ़ता आती है. इसे प्रीत कहें, प्रेम कहें या स्नेह कहें या प्यार कहें, इसके बिना जीवन में सरसता नहीं आ पाती. इस प्रसंग में जिस देश में गंगा बहती है फिल्म का यह गाना याद आता है-प्यार कर ले, नहीं तो फांसी चढ जाएगा. एक दिन का प्यार भी जीवन में वसंत ले आता है, लेकिन जिसकी जिंदगी का हर लम्हा प्यार ही प्यार हो, उसका क्या कहना. उसके हाले दिल जानने के लिए रांची की कवयित्री **कंचन सिंह** की इस कविता से रूबरू होना जरूरी जान पड़ता है. शीर्षक है एक दिन प्यार का.



मेरी जिंदगी में हर लम्हा प्यार है.
मेरा प्यार किसी दिन का मोहताज नहीं.
जिस मुस्कुराहट पर ,ये दिल भूल जाए हर फिक्र.
वह दिल किसी इजहार का मोहताज नहीं.
जिन आँखों की नमी से ,मेरी आंखें पिघल जाएं.
उसे बयां करने का कोई अल्फाज नहीं.
हाँ, वक्त बहुत लगा तुम्हें समझने में मुझे.
अब चाहती मैं कोई इकरार नहीं.
लेकिन कभी तो महसूस हो तुम्हें ,भी
और कभी तुम भी मुझे महसूस कराओ.
हाँ, मैं खास हूँ तुम्हारे लिए,
कभी तुम खुद भी मेरे पास आओ.

प्यार में ऐसा आत्मविश्वास हो, संग-संग गाने-गुनगुनाने का अवसर हो, मुस्कराने का मौका हो तो जिंदगी सफल हो जाती है. कंचन जी की इस बात का मैं खुले दिल से समर्थन करता हूं कि यदि आपके दिल में प्यार है तो उसका इजहार होना भी उतना ही जरूरी है. यह बताना भी जरूरी है कि आप उसके लिए खास हैं. तभी तो प्रेयसी के दिल में रांची की कवयित्री **रंजना वर्मा उन्मुक्त** के शब्दों में यह भावपूर्ण पंक्ति मचल उठती है- मैं धड़कन तेरी बनी पिया.



दरिया बनकर दिल में रहती, तुझे प्रेम का सागर कहती.
मैंने तुझसे जब प्यार किया, मैं धड़कन तेरी बनी पिया...
चांद अलग नहीं चांदनी से, राग अलग नहीं रागिनी से.
प्यार यहाँ किसने नहीं किया, मैं धड़कन तेरी बनी पिया...
अटूट बड़ी प्रीत की डोरी, नहीं किसी ने इसको तोड़ी .
जीने मरने का कसम लिया, मैं धड़कन तेरी बनी पिया...
नासमझ जरा समझना तू, दिल कहता है परवाना तू.
देख प्यार का इजहार किया, मैं धड़कन तेरी बनी पिया...
प्रेम दिलों में जब लहराए, फूलों पर भँवरा मँडराए.
खिले वही जिसने प्यार किया, मैं धड़कन तेरी बनी पिया...
नदिया को बहते जाना है, वापस सागर में आना है.
प्रेम बिना कोई नहीं जिया, मैं धड़कन तेरी बनी पिया...

नदियों में सागर के प्रति अगाध प्रेम तो देखिए, उससे मिलन के लिए कितनी व्याकुलता पूर्वक तेजी से मचलती हुई बहती जा रही हैं. जबतक सागर से मिलन न हो जाए, उन्हें चैन कहां है? जब ऐसा प्रेम हो तो वसंत का आनंद सहजता पूर्वक प्राप्त हो ही जाता है. जब वसंत का मौज मचलता है तो समय का इंतजार किये बिना ही आ धमकती है. जैसा कि **रेणु झा रेणुका** के साथ हुआ और उनके कंठ से यह होली का गीत फूट पड़ा-



आम मंजर गए, महुआ महके,
पलाश को देखके, दिल मेरा दहके,
बह रही फागुन बयार सजना,
क्यों बैठे हो सरहद के पार सजना,
हो क्यों बैठे हो सरहद के पार सजना..
सारे बुड्ढ़े बन रहे देवर, बाइस जैसे इनके तेवर,
बाट में मिलते नित बहनोई
कोई बरजोरी करे, कोई नैनों से वार सजना,
क्यों बैठे हो, सरहद के पार सजना,
क्यों बैठें हो सरहद के पार सजना..
मैं तेरी राधा, तू मेरा मोहन
तुझ बिन कैसे बीते फागुन
तन मेरा कोरा, मन भी कोरा,
आके चुपके से रंग दो डाल सजना,
करके बैठी हूं सोलह श्रृंगार सजना,
तुझसे ही मेरे त्योहार सजना,
क्यों बैठे हो सरहद के पार सजना,
हो क्यों बैठे हो सरहद के पार सजना..

होली के आने में अभी दो सप्ताह बाकी हैं. उम्मीद की जा सकती है कि सरहद के पार बैठा सजना होलिका जलने से पहले ही अपनी प्रेयसी के पास आ जाएगा. तब तक तो प्रेमिका को भी धैर्य रखना ही होगा. चलिए, हम भी धैर्य के साथ इंतजार करेंगे. आनेवाली होली सबके जीवन को रंगीन बनाएगी. इसी कामना के साथ जय हिंद! जय झारखंड!!




# लोकतंत्र और नागरिक की जिम्मेदारी





चौराहा
प्रमोद कुमार झा

**सैकड़ों** सालों की गुलामी के बाद हमारी आज़ादी के छिहत्तर वर्ष पूरे हो चुके. हमने लोकतंत्र को जैसा बनाना चाहा वैसा बना. असल में लोकतंत्र की रूपरेखा और स्वरूप देश के नागरिक के रुचि, सोच और विवेक पर निर्भर करता है! सबसे पहले तो हमें अपने सम्पूर्ण देशवासियों का अभिनंदन करना चाहिए कि हमलोगों ने लोकतंत्र को अक्षुण्ण रखा. एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया और विश्व के देशों में जिस तरह लोकतंत्र को अलग-अलग दरकिनार किया गया, वैसा कुछ भी हमारे देश में नहीं हुआ. जब कभी किसी ने तानाशाह बनने की कोशिश की भारतीय जनमानस ने सिरे से उसे नकार दिया. ऐसा दक्षिण पूर्व एशिया के किसी देश में ही बार बार हुआ. हमारे देश के लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में कुछ मौलिक दुर्गुण हैं, जिसके कारण यह पूरी तरह पुष्पित पल्लवित नहीं हो पा रही! हमारे देश में लोकतंत्र में सैकड़ों कानूनी रूप से सजायाफ्ता नागरिक भी देश के लोकतंत्र के मंदिरों में प्रवेश पा जाते हैं. उनका नामांकन कैसे स्वीकार किया जाता है, उन्हें आमजन क्यों वोट देते हैं, राजनीतिक पार्टी उन्हें क्यों उम्मीदवार बनाती है. यह एक बड़ी उलझन मेरे सामने रही है. अगर आप सोचेंगे तो आपको भी विचित्र लगेगा! एक आश्चर्यजनक बात है कि हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों का अपने क्षेत्र के लोगों की अनदेखी पर सभी चर्चा करते हैं, पर चुनाव के दिन जब मतदान का समय होता है तो एक पुराने दोषपूर्ण मुहावरे का पालन करते हैं "बेटी और वोट अपनी बिरादरी को ही दें"! चाहे कितना ही दोष हो, कुछ भी दुर्गुण हो पर वोट अपनी जाति वालों को ही! राजनीतिज्ञों ने इस बात को भी अच्छे से समझ लिया है, इसलिए आज़ादी के पचहत्तर सालों बाद भी लगभग सभी राजनीतिक पार्टियां जातिगत जनगणना की पक्षधर हैं! इससे उन्हें अपना वर्चस्व स्थापित करने में सहायता मिलेगी! उससे भी बड़ी संक्रामक बीमारी है परिवारवाद! पूरे देश में लगभग सौ परिवारों के हाथ में पचहत्तर प्रतिशत राजनीतिक पार्टियां हैं! विडंबना ये है कि लगातार नेहरू को परिवारवाद के लिए पानी पी पी कर कोसने वाले लोगों ने भी अपने परिवार के लोगों के लिए ही पार्टी का गठन किया. किसी किसी पार्टी में तो पत्नी, बेटा, बेटी, दामाद, बहू, समधी, समधन, साढ़ू इत्यादि पार्टी के सभी पदों पर काबिज हैं, सारे सदनों में सदस्य हैं और पार्टी के सारे लोग उनके ही 'गुलाम' की तरह हैं! देश की कोई भी राजनीतिक पार्टी अपवाद नहीं है, जिसमें परिवार के सदस्यों को उम्मीदवार नहीं बनाया गया हो! एक और कैंसर जैसा रोग है दल बदल. सदनों के सदस्य रहते हुए, प्रत्येक चुनाव के पूर्व और अवसर मिलते ही निर्लज्जतापूर्वक लोग दल बदल रहे हैं! लोगों को प्रत्येक ऐसे राजनीतिक सोच के लोगों को वोट देते समय सबक सिखाना चाहिए! यह आम मतदाता का अज्ञान ही है कि ऐसे बिना पेंदी के लोटे भी लगातार चुनाव में विजयी होते रहे! अशिक्षित लोग जब हमारे जन प्रतिनिधि होते हैं तो कानून बनाने में उनकी कोई सार्थक भूमिका नहीं होती है. उनका सारा ध्यान और कार्य येन केन प्रकारेण अपने को समृद्ध बनाना, परिवारजनों के लिए राजनीतिक जमीन तैयार करना होता है. नियमों को तो छोड़िए उन्हें संविधान का भी प्रायः ज्ञान नहीं होता है! आप देखेंगे और सोचेंगे तो लगेगा कि भारतीय लोकतंत्र भी एक "लोकतांत्रिक राजतंत्र" है. देश के एक मुखयमंत्री ने अपना कार्यकाल पूरा होने से पूर्व एक सुंदर नया मुख्यमंत्री आवास बनवाया करोड़ों में, ताकि उनका पुत्र मुख्यमंत्री के रूप में चुनाव के बाद रह सके! दुर्भाग्य की बात यह हुई कि उनकी पार्टी चुनाव के बाद सत्ता में नहीं आ सकी! हाल ही में झारखंड में भी मंत्रियों के 'सुविधाजनक' आवास के लिए सौ करोड़ से अधिक स्वीकृति दी गयी है! आप ही सोचिये कि क्यों न कोई मंत्री बनाना चाहे? चुनाव का समय आ रहा है. हमें जाति नहीं, धर्म नहीं, व्यक्तिगत स्वार्थ नहीं, प्रलोभन नहीं, पैसा नहीं, सम्प्रदाय नहीं, बल्कि सिर्फ और सिर्फ योग्य लोगों को ही अपना वोट देना होगा. यह हमारा नैतिक दायित्व है!

# जानकी की जन्म भूमि सीतामढ़ी का पुनौरा धाम



यायावर
डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय


**बिहार** प्रांत के प्रायः सभी ऐतिहासिक, भौगोलिक, पौराणिक एवं धार्मिक तीर्थ स्थलों का दर्शन कर चुका हूं; केवल बिहार प्रांत का सीतामढ़ी जिला शेष था. इस वर्ष एक पारिवारिक वैवाहिक समारोह में 29 फरवरी (तिलकोत्सव)और 6 मार्च (परिणयोत्सव) को सपरिवार (डॉ. तारामणि पाण्डेय के साथ) सीतामढ़ी जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और इसी बहाने मेरी चिर वांछित मनोकामना पूर्ण हुई. सीतामढ़ी जिला कई मायने में शिष्ट और विशिष्ट रहा है. एक तो यह मिथिला नरेश महाराज जनक की भूमि है, दूसरे पुंडरीक ऋषि की तपोभूमि है और तीसरे जनक नंदिनी जानकी की उद्‌गम भूमि है.

पुनौरा धाम सीतामढ़ी का मुख्य पर्यटन स्थल है. कहा जाता है कि पौराणिक काल में यह वनाच्छादित था और यहां पुंडरीक ऋषि का आश्रम था. लंकापति रावण ने देवताओं से लिए गये कर के रूप में रक्त के घड़े को इसी क्षेत्र में जमीन में गाड़ दिया था, जिसके फलस्वरूप 12 वर्षों तक इस क्षेत्र में अकाल पड़ गया. मिथिलावासी जलाभाव और अन्नाभाव के कारण मरने लगे. महाराज जनक अत्यधिक चिंतित हुए. संतों महात्माओं के अनुरोध पर महाराज जनक ने इंद्र देवता को प्रसन्न करने के लिए यज्ञ किया. यज्ञोपरांत महाराज जनक ने स्वयं सोने के हल को चलाया. हल चलाते हुए जब वे पुंडरीक ऋषि के आश्रम (पुनौरा) के करीब पहुंचे तो उनके हल का अग्रभाग एक घड़े से टकराया और तत्काल रोती हुई एक नवजात बालिका का प्राकट्य हुआ. हल के अग्रभाग सित के संस्पर्श से उत्पन्न होने के कारण उस नवजात बालिका का नाम सीता पड़ा. महाराज जनक ने उस बालिका का पालन-पोषण बड़े लाड़ प्यार से किया, वही बालिका कालांतर में जगत जननी जानकी के रूप में विख्यात हुई. धनुष यज्ञ में सफलता प्राप्त करने के पश्चात् प्रभु श्रीराम से उसका शुभ विवाह संपन्न हुआ.



किंवदंती है कि हल धारण करते ही इंद्रदेव की कृपा से मूसलाधार बारिश हुई. वारिश से बचने के लिए जनक ने एक मढ़ई का आश्रय लिया, इसलिए वह स्थान सीतामढ़ई के नाम से जाना जाने लगा, जो कालांतर में मुख सुख के कारण सीतामढ़ी हो गया. प्राचीन काल में इस स्थान को सीतामही भी कहा जाता रहा है. यहां जानकी जी की स्मृति में जानकी जी का एक साधारण, लेकिन भव्य मंदिर स्थापित है. जहां नित्य प्रति सुबह शाम पूजा अर्चना होती है. यहां मंदिर परिसर में विवाह मंडप बना हुआ है, जहां लग्न के दिनों में आएं दिन दर्जनों शादियां होती हैं. मंदिर के ठीक पीछे एक बड़ा गहरा सरोकार है, जिसका पानी स्वच्छ और निर्मल है, जिसमें मछलियां जल क्रीड़ा करती नजर आयेंगी. इस सरोवर की मछलियां सर्वथा सुरक्षित और संरक्षित है. इन मछलियों की जल क्रीड़ा को देखकर उन्हें पकड़ने की लालसा बलवती हो जाती है, लेकिन वे डर कर जल समाधि लेने लगती हैं और दाना डालने पर पुनः जल ऊपर आ जाती हैं. प्रकृति की गोद में अवस्थित पुनौरा धाम अपनी पावनता और पुनीतता के लिए प्रसिद्ध है.29 फरवरी को प्रो राम सियावर सिंह के साथ इसके दर्शन किये थे.और पुनः दूसरी बार 7 मार्च को अपनी धर्मपत्नी डॉ. तारामणि पाण्डेय, पुत्री ज्योत्स्ना पाण्डेय और नाती सृजन त्रिवेदी के साथ इस जानकी मंदिर के दर्शन किये और मां जानकी से सबके मंगल की कामना की. यहां की प्राकृतिक सौन्दर्य को देखकर जनकपुर के प्राकृतिक सौन्दर्य का स्मरण हो जाना सहज स्वाभाविक है.

# चंदन वंदन और लंपटनंदन



नश्तर
सुधीर राघव

**मोहल्ले** भर की महिलाओं में लंपट चंद मशहूर थे. पूरा नाम था उनका, लंपट चंद चुटियाधारी. मोहल्ला लेवल की राजनीति करते थे और अंतरराष्ट्रीय स्तर की बात. ट्रम्प से उनका तू वाला रिश्ता था और बाइडेन से मैं वाला. यह उनका कहना था. सुनक और अलथानी उनके हम निवाला थे. जिनपिंग को झुलाने, मेलोनी को टहलाने के साथ साथ पुतिन को राजनीति उन्होंने ही सिखाई. यह भी उनका कहना था. वह तो यह भी बताते थे कि जिस दिन चाहेंगे, उसी दिन यूक्रेन युद्ध रोक देंगे. अकेले वही हैं जो इजरायल को बंदूक छोड़कर शांति का कबूतर उड़ाने को मजबूर कर सकते हैं. अभी नेतन्याहू को फोन करेंगे तो घुटनों के बल आएगा.

इतना सब होने के बाद भी लंपट चंद दुनिया में अकेले थे. उनका कोई परिवार नहीं था. शिल्पा सा फिगर और बेबो सी अदा की तलाश में लंपट चंद चुटियाधारी ने शादी के दूसरे साल में ही बीवी छोड़ दी थी. बीवी भोली-भाली सीधी-सादी थी. लंपट चंद शकीरा और एंजलीना जोली से नीचे सोचते ही नहीं थे. बीवी छोड़कर तो वह एकदम छुट्टा सांड हो गये. इसलिए मोहल्ले की सारी भाभियों की तकलीफों का खास ध्यान रखते. उनके खाली सिलेंडर भरवाते. मोहल्ले की दुकान से दही ला देते. उनके रोते बच्चों के घुमाने ले जाते. कोई महिला सब्जी का थेला लिए सड़क पर दिख गई तो उसका थेला उठाकर घर तक छोड़ आते.

बस इसी से खलिहर लंपट चंद की राजनीति चमक गई. जब वोट के दिन नजदीक आए तो उन्होंने खुद झाड़ उठाकर पूरा मोहल्ला साफ किया. हर घरे के आगे सड़क साफ की. पहले से ही प्रसन्न भाभियां उनकी इस अदा पर रीझ गईं. सबने लंपट चंद को भर भर वोट दिए और पतियों से भी दिलवाए. कुछ तो लंपट चंद के लिए अपने पतियों से लड़ गईं. नतीजतन लंपट चंद प्रचंड बहुमत से जीते और भाभियों ने पूरे मोहल्ले में दिनभर भंगड़ा डाला. उस दिन ढोलक फाड़ डांस हुआ. जश्न देखकर सबको लगा कि इस मोहल्ले के तो अच्छे दिन आ गए. चुनाव जीतकर लंपट चंद नेता बन गए. इसलिए आए दिन विदेश दौरे पर रहते. मोहल्ले की भाभियों के खाने में स्वाद न रहा, क्योंकि अब कोई दुकान से लाकर दही देने वाला नहीं था. बच्चों की चिल्ल-पों दिनभर मची रहती, क्योंकि उन्हें घुमाने वाला कोई नहीं था. मोहल्ले की सारी गलियां लंपट चंद के इंतजार में गंदगी से भर गईं. सब्जी का थैला और गैस सिलेंडर उठाने से बहुत सी भाभियों को स्लिप डिस्क हो गई.



यह सब देखकर विपक्ष की बांछें खिल गईं. वे घूम घूमकर कहने लगे कि परिवारहीन लंपट मोहल्ला नहीं संभाल सकता. इसके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाओ. उसे तत्काल हटाओ. लंपट जब थाईलैंड के पांच दिवसीय दौरे से लौटा तो मोहल्ले में विपक्ष के तेवर देखकर तैयारी भांप गया. उसने घर घर जाकर भाभियों से कहा, आपके रहते विपक्ष मुझे परिवारहीन कह रहा है. मैंने तो सदैव इस मोहल्ले को अपना परिवार समझा. सदैव चंदन वंदन किया. कल पार्क में मैंने सभा बुलाई है. आप सभी पहुंचकर बताएं कि आप ही मेरा परिवार हैं. अगले दिन पार्क में गजब नजारा था. मोहल्ले के सारे बच्चे हाथ में तख्ती लिए खड़े थे, जिस पर लिखा था- मैं भी लंपट नंदन. उनके पीछे उनकी माताएं बोर्ड लिए खड़ी थीं, जिस पर मोटे अक्षरों में लिखा था - लंपट चंद का परिवार. दूसरी ओर मोहल्ले के अधिकांश शादीशुदा पुरुष गायब थे, वे सब कचहरी दौड़ गये थे और तलाक के वकीलों को ढूंढ रहे थे.

# गीता मरांडी के प्रयास से आकर्षक हो गयीं गांव की दीवारें



कला-संवाद
मनोज कुमार कपरदार







**व्यक्तिगत** विचारों में कला एक गम्भीर विषय है, जो व्यक्ति की अन्तर्निहित अभिव्यक्तियों से जुड़ा है. पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से किए हुए सृजन में स्वतः ही भाव प्रस्फुटित होता है. दर्शक इन्हीं भावों को अपने अन्दर के भावों से जोड़ता है और आनंदित होता है और उससे सौन्दर्य का अहसास होता है. सौन्दर्य, जो कला की आत्मा है उसको एक कलाकार ही मनन, चिन्तन तथा प्रयोगों से जिन्दा रख सकता है और समाज को दिशा दे सकता है. समाज में विभिन्न प्रकार के व्यक्ति हैं, जो भ्रष्टाचार, कुरीतियों, अन्धविश्वास आदि सामाजिक विषमताओं को जन्म देते हैं. कलाकार वर्ग ही अभिव्यक्तियों के माध्यम से सामन्जस्य बनाए रखता है और निश्चित दिशा का सूत्रपात करता है.

भौतिक दुनिया में आप जितनी भी वस्तुएं देखते हैं, वे सभी अपने ही मूल स्पा की छाया या प्रतिविम्ब है. हर कलाकार अपने ही नजरिये से दुनिया को देखता है. तभी तो जो है और उसने जैसा देखा है, उसमें फर्क होता है, क्योंकि हर व्यक्ति की दृष्टि दूसरे से अलग होती है. यही कारण है कि असलियत और एक दृष्टि विशेष से नजर आने वाली असलियत में फर्क होता है. यही फर्क कलाकार की दुनिया और वास्तविक दुनिया में होता है. झारखंड के आदिवासी आवास की झोपड़ी को आधुनिक रूप देकर देशी एवं विदेशी मिश्रित रूप बहुत देखने को मिल रहे हैं. कई बड़े प्रतिष्ठान, सरकारी भवन, होटलों, सार्वजनिक स्थलों में आदिवासी भ्रम रूपी झोपड़ी बनाई जाने लगी हैं. इसमें आदिवासी वास्तुकला का आवरण देने की कोशिश की जाती है, लेकिन ऊपरी सज्जा एवं कई आंतरिक सज्जा के उपयोग की वस्तु को प्लास्टिक रूप देकर सजाया जाता है. यह आदिवासी झोपड़ी के प्रतिरूप मात्र है, जो सिर्फ अल्पाहार ग्रहण करें इतने समय के लिए ही ठीक है, इसमें वास्तविक आदिवासी स्थापत्य की आत्मा नही हैं. लेकिन दुमका के एक गांव में गीता मरांडी अपनी कलाकृतियों से घर की दीवारों को जैसा सजा रही है, वह अनूठा ही है. दुमका जिला मुख्यालय से 38 किलोमीटर दूर मसलिया प्रखंड के कठलिया गांव की निवासी गीता मरांडी ने अपने गांव की हर दीवार को सजा कर आकर्षक बना दिया है. आदिवासी बहुल इस गांव की सभी घर मिट्टी के बने हुए हैं और इन दीवारों को सजाने में गीता मरांडी को इनकी सहेली पूजा हेम्ब्रम और सोनी हेम्ब्रम बखूबी साथ दे रही है. इनकी खास चित्रकारी से गांव की कई दीवारें रेल के डब्बे जैसी दिखती हैं तो कोई फूल-पत्तियों से हरी भरी लगती है. कई दीवारों पर आदिवासी कला-संस्कृति की झलक भी लोगों को आकर्षित करती है. गीता मरांडी अब तक कठहलिया, कुकुरतोपा, सीतासाल, राजमहल गांव के दीवारों में चित्र बनाकर गांव की खूबसूरती को बढ़ाया है. पिता सरकार मरांडी और मां माइनोमति मुर्मू के घर जन्मी गीता मरांडी 2022 से इस तरह की पेंटिंग कर रही है. दुमका महिला कॉलेज की छात्रा गीता मरांडी हर इसे मकर संक्रांति के बाद जनवरी फरवरी में बनाती है. गीता मरांडी को पेंटिंग के लिए इनके पिता ने ही प्रेरित किया. इनके द्वारा दीवारों पर बनायी गई कलाकृतियों से पूरे गांव की दीवारें ललित और सुंदर दिख रही हैं .

बंगाल से बसों के माध्यम से धनबाद पहुंचती है लॉटरी, बोरियों में पैक कर भेजी जाती हैं, हर लॉटरी संचालक का अलग है कोड

# बेलगड़िया व बलियापुर में रविकांत का साम्राज्य

रिजवान शम्स। धनबाद

धनबाद में अवैध लॉटरी के कारोबार में इलाका-दर इलाका अलग-अलग लोगों का साम्राज्य स्थापित है. अब तक आपने धनबाद, झरिया आदि इलाकों के लॉटरी माफियाओं को जाना है, आज हम बात करेंगे लोदना एरिया में रहने वाले रविकांत, रिंकू और गोस्वामी की. जिनका बेलगडिया से लेकर बलियापुर और लोदना समेत कई कोलियरी क्षेत्रों और आउटसोर्सिंग स्थलों पर कब्जा जमाए है. इनमें रविकांत सबसे बड़ा लॉटरी का अवैध कारोबारी है.

*बरटांड बस स्टैंड, पूजा टाकिज और स्टेशन रोड में उतारी जाती है लॉटरियां*

जिसकी लॉटरी बेलगड़िया के मजदूरों और गरीब तबके के लोगों का खून चूस रही है.

वैसे तो लोदना के इस इलाके में भी समीर व तनवीर की लॉटरी बिकती है , लेकिन समीर के बाद यहां कोई अपना ब्रांड बेचता है तो वो है रविकांत, रविकांत लोदना का ही रहने वाला है और हाल के कुछ दिनों लॉटरी की कमाई से गदगद हो गया



### बंगाल में छपती है लाटरी की टिकट, फिर धनबाद सप्लाई

धनबाद में बिकने वाली अवैध लॉटरी बंगाल में छपती है, ये बंगाल से आने वाली बसों से चिहिन्त जगहों पर उतारी जाती हैं . यहां से फिर लॉटरी माफिया के पास चली जाती है . इनमें बरटांड़ बस स्टैंड, धनबाद स्टेशन रोड आदि इलाके प्रमुख हैं . हालांकि पूजा टाकीज मोड़ में भी लॉटरी उतारी जाती है . बस वाले बताये इलाकों में लॉटरी गिरा देते हैं, हर लॉटरी संचालक का अलग कोड होता है, जो बोरे पर लिखा होता है, इसे देखकर ही धंधेबाज समझते हैं कि इस बोरे में किसकी लॉटरी है .

### सटीक सूचना के बाद भी नहीं पहुंच पाई थी पुलिस

धनबाद के एक पुलिस अधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी कि जामाडोबा में एक स्थान पर अवैध लॉटरी की छपाई या भंडारण का काम किया जाता है . सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने यहां दबिश देने की कोशिश की . लेकिन कोशिश नाकाम रही . क्योंकि मौके पर काफी लोग जमा हो गए और पुलिस को कह दिया कि यहां कुछ होता ही नहीं, यहां तक कि जिस जगह पर अवैध लॉटरी की छपाई या भंडारण हो रही थी, वहां तक पहुंचने ही नहीं दिया गया .

## ब्रीफ खबरें

### धूमधाम से मना शिव मंदिर का वार्षिकोत्सव

**डकरा।** मुंडाधौड़ा डकरा शिव मंदिर का 15 वीं वार्षिकोत्सव पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ. इस अवसर पर 24 घंटे से चल रहे हरि कीर्तन समाप्त किया गया. सुबह उड़िया समाज के द्वारा सारे अनुष्ठान कर महाप्रसाद के रूप में खिचड़ी बांटी गई. जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में चरका किशोर प्रधान सीमांचल पुष्टि, रमेश विशाल, राजन नायक, विचित्र परीडा, रमेश सेठी,गगन स्वाई, रमेश गौड,बंगाली डाकुआ,सुरेंद्र जेना,लड्डू किशोर बेहरा, बसंत भारतीया, गंधार विशाल, आशीष सेठी, संजीत बहेरा,विश्वात नाहक,शिवराम नाहक, संतोष पुजारी,अनिल गौड़ आदि अपना सराहनीय योगदान रहा.

### घर में सो रहे अधेड़ की गोली मारकर हत्या

**बुढ़मू।** बुढ़मू थाना क्षेत्र के सूमो गांव में बीती रात्र एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई. मृतक का नाम कतिया उरांव (45 वर्ष ) है. वह बुढ़मू थाना क्षेत्र के सूमो गांव का ही रहने वाला था. घटना रात्रि लगभग 12 बजे के आसपास की बताई जा रही है. सूत्रों की मानें तो बाइक सवार तीन अपराधकर्मियों ने उक्त घटना को अंजाम दिया है. परिजनों के अनुसार हेलमेट पहने 3 अपराधी घर में घुसे और सो रहे कतिया उरांव के सिर में गोली मार दी और फरार हो गये. घटना को किसने और क्यों अंजाम दिया, इस बात की पुष्टि अभी तक नहीं हो पायी है. पुलिस कई बिन्दुओं पर छानबीन कर रही है. मृतक की पत्नी के अनुसार घटना के पीछे आपसी रंजिश हो सकती है.

### डायरेक्टर ऑपरेशन ने किया पिपरवार का दौरा

**पिपरवार।** सीसीएल के डायरेक्टर ऑपरेशन हर्षित दुहान ने शनिवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया.इस दौरान पिपरवार पहुंचने पर बचरा संगम विहार गेस्ट हाउस में पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय ने फूलों का गुलदस्ता देकर डायरेक्टर का स्वागत किया. जिसके बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ अशोक परियोजना खुली खदान का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान कोयला उत्पादन और कोयला डिस्पैच सहित अन्य बातों की उन्होंने जानकारी ली. उन्होंने कोयला खदान विस्तारीकरण में भूमि अधिग्रहण को लेकर उत्पन्न हो रही समस्या की जानकारी ली.इस दौरान कोयला उत्पादन और डिस्पैच बढ़ाने को लेकर उपस्थित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए.जिसके बाद उन्होंने पिपरवार मे खुलने वाली नई भूमिगत खदान के स्थल का भी निरीक्षण कर तैयारी की समीक्षा की.

### प्रदीप वर्मा को रास प्रत्याशी बनने पर लोगों ने दी बधाई

**मैक्लुस्कीगंज।** डॉ प्रदीप वर्मा को राज्यसभा प्रत्याशी बनाने पर मैक्लुस्कीगंज के भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है. भाजपा कार्यर्कताओं ने साथ ही प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा को भी बधाई दी है . वहीं लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पार्टी को अधिक से अधिक सीट पर जीत दिलाने का संकल्प लिया. बधाई देने वालों में भाजपा कार्यकर्ता में जिला महामंत्री प्रीतम साहू, जितेंद्रनाथ पांडेय, अनिल गंझू, रामसूरत यादव, शशि प्रसाद साहू,कुलदीप प्रसाद साहू ,रविन्द्र मुंडा,रामधारी गंझू आदि शामिल है.

धनबाद पहुंचे आईजी-डीआईजी, पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# पुलिस के सामने गोली बम चलना गंभीर : आईजी

**तेतुलमुड़ी वारदात**

- कोल डंप में रंगदारी पर सख्त कार्रवाई का निर्देश
- चुनाव की तैयारी में गंभीरता से जुट जाने का दिया निर्देश

संवाददाता। धनबाद

पुलिस के सामने गोली-बम चलने काफी गंभीर बात है, ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए. उक्त बातें बोकारो प्रक्षेत्र के आईजी माइकल राज एस ने कही. वे शनिवार को धनबाद चुनाव की तैयारी और अपराध नियंत्रण पर किए जा रहे कार्य की समीक्षा करने पहुंचे थे. उन्होंने कहा कि धनबाद में आउट सोर्सिंग स्थलों पर होने वाली रंगदारी और गोली-बम की वारदातों पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया है. आईजी के साथ बोकारो प्रक्षेत्र के डीआईजी सुरेंद्र झा भी साथ थे.

दोनों अधिकारियों ने धनबाद के एसएसपी एचपी जर्नादनन, सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी समेत जिले के डीएसपी के साथ बैठक की. इस दौरान आइजी ने कहा कि चुनाव की रणनीतियां पर चर्चा हुई है. संवेदनशील बूथों से लेकर अन्य मुद्दों पर कई निर्देश दिए गए हैं. खासकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चुनाव के दौरान कैसी पुलिसिंग हो, इस पर व्यापक चर्चा हुई. टुंडी के इलाके में हेलीपैड बनाया जाएगा, ताकि मतदान कर्मियों और फोर्स की तैनाती बिना किसी दिक्कत के हो सके. नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की बूथों में संवेदनशील, अतिसंवेदनशील बूथों की सूची तैयार की जा रही है, जहां अतिरिक्त बलों की तैनाती की जाएगी.



### ढुल्लू समेत पांच दर्जन नामजद और तीन सौ अज्ञात पर मुकदमा

**कतरास।** कोल डंप में वर्चस्व को ले दो पक्षों में हुए गोलीबारी व बमबाजी के मामले में जोगता पुलिस ने तीन प्राथमिकी दर्ज की है. इन केसों में एक में विधायक ढुल्लू महतो के अलावे 5 दर्जन लोगों को नामजद व 300 अज्ञात को आरोपी बनाया गया है. पुलिस ने दो नामजद को जेल भेजा है. इनमें गोलू शर्मा उर्फ रोहित तथा लोयाबाद के बॉसजोडा के मनोज शामिल हैं. पहला केस पुलिस ने कोल डंप पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी बबलू दास की शिकायत पर दर्ज किया है. जिसमें अनुज सिन्हा, हरेंद्र चौहान, रीता देवी, सपना सिंह,नागराज, धीरज,रवि भुईयां, छोटू चौहान, बादल,राजु चौहान , राजा राम यादव , प्रकाश वर्मा, गणेश, छोटू रवानी, गोबिन्द उर्फा बुंदा , अन्य 50 नामजद सहित 250 अज्ञात के खिलाफ फायरिंग, बम विस्फोट, वाहन क्षतिग्रस्त कर देने की शिकायत पर मामला दर्ज किया है. जबकि लोयाबाद थाना के बॉसजोडा के डीओ धारक के मुंशी मनोज कुमार की लिखित शिकायत पर पुलिस ने दूसरी प्राथमिकी दर्ज की है. मनोज ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार को विधायक ढुल्लू महतो के गुंडों द्वारा लोड कोयला ट्रक को रोक दिया गया. जिसमें नागराजा, सुनील,राजा राम, गोबिन्द उर्फ बुंदा , सुजित, श्री भुईयां,टोमु सिंह, दीपक श्रीवास्तव, सहित अन्य 35 नामजदों के खिलाफ शिकायत देते हुऐ रंगदारी मांगने, 35 हजार रुपए छीनने तथा बम गोली चलाने की शिकायत की है. जबकि ढुल्लू समर्थक राजा राम की शिकायत पर पुलिस ने तीसरी प्राथमिकी दर्ज की है. राजा राम ने शिकायत में कहा कि हम लोग धरने में बैठे थे. तभी अरुण चौहान, राज कुमार, सुरेश, जसीम, हरेंद्र चौहान,मोना, विशाल, अनुज सिन्हा सहित 22 लोग पहुंचे. सभी ने तलवार,लाठी से हमला किया. उक्त लोगों ने गोली बम भी चलाया. जिससे धारणा में बैठे लोगों में भगदड मच गई. पुलिस ने कुल 22 नामजद को आरोपी बनाया है.



### कोल डंप में पुलिस के जवान तैनात, लोडिंग प्वाइंट पर आने-जाने पर लगी पाबंदी



**कतरास।** जोगता थाना अंतर्गत बीसीसीएल एरिया पांच के तेतुलमुड़ी कोलडम्प में वर्चस्व को लेकर हुई बमबाजी और गोलीबारी की घटना के बाद शनिवार को घटनास्थल पर वीरानी छाई रही . घटना में शामिल लोगों की धरपकड़ के लिए शुक्रवार की देर रात से ही पुलिस लगातार आरोपियों के संभावित ठिकानों पर छापामारी कर रही है. इसके साथ ही पुलिस ने करीब आधा दर्जन लोगों को पूछताछ के लिए थाना लाई है, हालांकि शनिवार की सुबह एटक समर्थक लोडिंग प्वाइंट पर धरना देने पहुंचे थे लेकिन पुलिस ने लोडिंग कार्य बंद रहने का हवाला देकर तथा वार्ता करवाने का आश्वासन देकर लोगों को लौटा दिया. ऐहतियातन के तौर पर कोलडंप में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है . लोडिंग कार्य पूरी तरह बंद रहा, लोडिंग प्वाइंट में आने-जाने पर रोक लगा दी गई है . इधर घटनास्थल का जायजा लेने दोपहर को धनबाद लॉ एंड ऑर्डर डीएसपी दीपक कुमार तेतुलमुड़ी कोलडम्प पहुंचे. वहां मौके पर मौजूद पुलिस पदाधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली.

## सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने का समय है : मुफ़्ती अब्दुल



**इटकी।** संविधान बचेगा तो देश बचेगा. उक्त बातें इटकी रहमत नगर मकतब जामे ए रसीद के तत्वावधान में आयोजित शैक्षणिक प्रदर्शन सह समाज सुधार कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते बतौर मुख्य वक्ता ओडिशा के मुफ़्ती अब्दुल अलीम कासमी नक्शबंदी ने कही. शिक्षा पर जोर देते हुए सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने की बाते कहीं. उन्होंने कहा कि कुरान ने हमें सीख दी है कोई नफरत करें तुम उससे मोहब्बत से पेश आओ पैगम्बर मुहम्मद (स0अ0स) के बताए मार्ग पर चलकर ही दीन दुनिया दोनों जहां की कामयाबी मिलेगी. कार्यक्रम में मकतब के बच्चों ने तकरीर, नात सहित शैक्षणिक प्रदर्शन किया. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरष्कृत किया गया. कार्यक्रम में शायर इमरान नजीर, कारी साद और अताउर्रहमान ने अपने दिलकश आवाज में नात प्रस्तुत किया. कॉन्फ्रेंस को मौलाना मुफ्ती शौकत साहब मजाहरी धनबाद, ने भी संबोधित किया. संचालन मौलाना सालिक ने किया. मौके पर हाफिज जावेद, मौलाना इस्माईल, मौलाना कलीम, मौलाना शोएब कासमी, हाजी अरशद, कारी एनमुल्लाह, मौलाना मोख्तार, मौलाना अंसार, हाफिज शहीद, मो एनामुल सहित सैकडों लोग शामिल थे.

### चान्हो,मांडर में समीर उरांव का हुआ स्वागत

**चान्हो।** राज्यसभा सदस्य समीर उरांव का चान्हो में जोरदार स्वागत हुआ. शुरूआत में सिलगाई स्थित शहीद वीर बुधु भगत की मूर्ति पर माल्यार्पण किया. सिलागाई बाजार में लोगों से मिले,वहीं चान्हो भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया . चान्हो जाने के क्रम में रास्ते में भैंसादोन में माला पहनाकर स्वागत किया गया. बिजुपड़ा मंडल में भी जोरदार स्वागत किया गया. मांडर शिव दुर्गा मंदिर, तथा मुड़मा में शक्ति खूंटा में माथा टेक कर आशीर्वाद मांगा. लोगों की बातों को सुना. इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवनाथ तिग्गा, प्रदीप महली,सतीश साहू, विजय कुमार महतो, फीक आलम, सोनी तबासूम, विशेश्वर महतो, राजीव गुप्ता, दीपक साहू, सुनील उरांव, रामबालक ठाकुर, खद्दी उरांव, नवल तिवारी, जनार्दन साहू,कैलाश गुप्ता, सालिक राम पांडेय ,हेमंत कुमार , सतानंद सिंह, हेमंत साही, सफीक आलम , सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे.

पिपरवार में हुई इंडिया गठबंधन की बैठक

## चतरा व हजारीबाग लोस सीट के प्रत्याशी को लेकर हुई चर्चा



संवाददाता। पिपरवार

सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा पंचवटी सभागार में शनिवार को इंडिया गठबंधन की बैठक हुई. बैठक में कांग्रेस,झामुमो, राजद, सीपीआई, रैयत विस्थापित मोर्चा सहित इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगी दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए .बैठक की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह और संचालन रैयत विस्थापित मोर्चा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने किया. बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई. मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव में चतरा और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से स्थानीय को उम्मीदवार बनाने की मांग की गई. बैठक में मुख्य रूप से मुद्रिका प्रसाद, इस्लाम अंसारी, कासिम उर्फ मुन्ना, विद्यापति सिंह, सतीश पाण्डेय, बिजली महतो, इरफान आलम, सकील अंसारी, पप्पू खान, मोहम्मद जुलफाम, दिरपाल भगत, उमेश यादव, बंसत गुप्ता, सकील अंसारी,मो. नेजाम, किशन सिंह, जाबीर अंसारी, दीपक केशरी, शहनवाज आलम, बिजय बाउरी सहित काफी संख्या में गठबंधन के लोग मौजूद थे.

**आक्रोश** आदिवासी-मूलवासी संघर्ष समिति ने अनगड़ा डाक बंगला से निकाला जुलूस

# जन समस्याओं को लेकर प्रखंड कार्यालय का किया घेराव

संवाददाता। अनगड़ा



आदिवासी - मूलवासी संघर्ष समिति ने शनिवार को विभिन्न जन समस्याओं को लेकर प्रखंड कार्यालय का घेराव किया. बड़ी संख्या में शामिल लोग अनगड़ा डाक बंगला से जुलूस के शक्ल में नारेबाजी करते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचे. नेतृत्व संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा कर रहे थे. उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार की वजह से प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हो पा रहा है. इससे छात्रों का भविष्य अधर में है. जमीन से संबंधित समस्या वर्षों लटकाई जाती है. पैसे के बिना प्रखंड में कोई काम नहीं होता है. प्रति डिसमिल दो से पांच हजार रुपया मांगा जाता है. करीब चार घंटे घेराव प्रदर्शन के बाद नौ सूत्री मांगपत्र अंचल कार्यालय को सौंपा गया. इन मांगों में जाति आवासीय प्रमाण पत्र जल्द निर्गत करने, पंजी टू की त्रुटियों को अविलंब दूर करने, अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी को सुधार करने, प्रखंड के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को रोजगार देने तथा पंचायत सचिवालय में राजस्व कर्मचारियों को बैठने सहित अन्य शामिल है. घेराव कार्यक्रम में नन्हे कच्छप, पिंकू मुंडा, प्रदीप साहू, धीरज नायक, अनिल मुंडा, वासुदेव गोस्वामी, सुरेश लोहरा, छविनाथ बेदिया, जतरु लोहरा, अजय बेदिया सहित अन्य शामिल थे.

### कई समस्याओं का ऑन स्पॉट हुआ समाधान

घेराव प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने विधवा पेंशन नहीं मिलने की शिकायत की. बीडीओ जयपाल सोय ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अधीनस्थ कर्मचारियों को प्राप्त आवेदन को अग्रतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया. वैजनाथ टाटा की एक विरहोर महिला ने जर्जर आवास होने की समस्या बताइए. बीडीओ ने आवास को एक सप्ताह में मरम्मत कराने का आश्वासन दिया. कई अन्य लोगों ने राशन कार्ड से संबंधित समस्याओं को बताया. बीडीओ ने सभी लोगों से आवेदन लिया और संबंधित अधिकारियों को दो दिन के अंदर समस्याओं का निष्पादन करने का आदेश दिया.

## न्यूज अपडेट

### पिपरवार में कार्यकर्ताओं ने सुदेश महतो का स्वागत किया



**पिपरवार।** पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक में शनिवार को आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का जोरदार स्वागत किया गया. सुदेश महतो रांची से पिपरवार के रास्ते टंडवा में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे,इसी बीच बचरा चार नम्बर स्थित शहीद कृष्णा महतो चौक में आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सुदेश महतो का स्वागत किया.आजसू पार्टी के पिपरवार नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह उर्फ विधायक के नेतृत्व मे पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूलों का गुलदस्ता देकर एवं माला पहनाकर सुदेश महतो का जोरदार स्वागत किया.इस मौके पर पिपरवार नगर अध्यक्ष विनोद सिंह, अर्जुन महतो,नरेश महतो,प्रकाश लोहार, विनय सिंह,रामु गोप,राम बच्चन यादव सहित काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे.

### फुटबॉल खिलाड़ी दिव्यानी लिंडा को समिति ने दी बधाई



**ओरमांझी।** अंडर 16 इंडिया फुटबॉल टीम में दिव्यानी लिंडा का चयन होने परआदिवासी सरना 22 पड़हा कार्यकारिणी समिति ने दी बधाई. दिव्यानी लिंडा को आदिवासी सरना 22 पड़हा कार्यकारिणी समिति ने मां प्रतिमा देवी के घर जाकर हाल चाल पूछा तब पता चला की हां मेरी बड़ी बेटी दिव्यानी फुटबॉल खेलने नेपाल गई है.आदिवासी सरना 22 पड़हा कार्यकारिणी समिति सदमा ओरमांझी - कांके क्षेत्र ने दिव्यानी की मां को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रविवार को सदमा स्कूल में 22 पड़हा का पुनर्गठन किया जाना है. इसके बाद दिव्यानी लिंडा जब आएगी उस दिन 22 पड़हा लिंडा को स्वागत व सम्मानित करेंगे.

### मुरी से आनंद विहार के लिए शुरू हुई ट्रेन,सांसद ने रवाना किया



**सिल्ली/मुरी।** मुरी जंक्शन में रांची के सांसद संजय सेठ ने पुरी से आनन्द विहार तक शुरू हुई ट्रेन को मुरी रेलवे स्टेशन से - शनिवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस मौके पर रांची के उप महापौर संजीव विजयवर्गीय, खिजरी के पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, भाजपा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष सह सिल्ली परामर्शदातृ सलाहकार समिति के सदस्य विनय महतो धीरज समेत अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे. सभी अतिथियों ने संजय सेठ को उनके लोकसभा क्षेत्र में किए गये ऐतिहासिक विकास कार्य के लिए उनका अभिनन्दन किया.

### कृषि अनुसंधान केंद्र प्लांडु को क्षेत्रीय राजभाषा का द्वितीय पुरस्कार



**कांके।** भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र प्लांडु को केंद्रीय कार्यालयों की श्रेणी में वर्ष 2022-23 के लिए क्षेत्रीय राजभाषा द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है. संघ की राजभाषा नीतियों के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए कार्यालय प्रमुख डॉ अरुण कुमार सिंह को शील्ड एवं राजभाषा अधिकारी श्रीमती अणिमा प्रभा को संघ की राजभाषा नीतियों के श्रेष्ठ निष्पादन के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है.डॉ अरुण कुमार सिंह ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निशिथ प्रामाणिक, गृह राज्य मंत्री से पुरस्कार ग्रहण किया.

### बाबा स्पोर्टिंग को हराकर तेलंगाना टाइटंस फाइनल में




**सिल्ली/मुरी।** झारखंड प्रीमियर लीग के सेमी फाइनल का मैच शनिवार शाम को सिल्ली स्टेडियम में खेला गया. पहला सेमीफाइनल मैच तेलंगाना टाइटंस और बाबा स्पोर्टिंग्स के बीच खेला गया. तेलंगाना टाइटंस ने एक शून्य से मैच जीत कर फाइनल में जगह बना लिया. पूरे समय तक मैच संघर्ष पूर्ण रहा मध्यांतर तक किसी भी टीम ने गोल करने में सफलता नहीं पाई थी लेकिन मैच के अंतिम समय में तेलंगाना टाइटंस के मेघनाथ किस्कू ने बेहतर मूव का फायदा लेकर गोल दाग दिया. प्रतियोगिता का फाइनल 11 मार्च को खेला जाएगा. मैच का उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष वीना चौधरी एवं अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया. मौके पर, गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, अंतर्राष्ट्रीय लॉन बॉल खिलाड़ी दिनेश महतो, ब्रजेश प्रसाद, विकास महतो समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे.

### एमआरडी कॉलेज की छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली



**ओरमांझी।** मोती राज देवी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज ने गाइडिंग शिविर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया. इस अवसर पर छात्राओं ने मतदाता जागरूकता और स्वच्छता के लिए निकाली असरदार रैली. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, मतदाता जागरूकता और स्वच्छता पर आकर्षक रैली निकाली गई. रैली का संयोजन उप प्राचार्या आरफा सदफ ने की. प्रारंभ में महाविद्यालय परिसर की सफाई के बाद रैली परिसर से बाहर निकलकर, सिकिदिरी क्षेत्र में जागरूकता का प्रसार करती हुई ब्लॉक चौक पर समाप्त हुई. छात्राओं ने मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने और अपना मत व्यर्थ न करने हेतु भी नागरिकों को जागरूक किया, जो आगामी चुनाव को देखते हुए प्रासंगिक प्रयास था. मौके पर सलोनी तिर्की, ज्योत्सना, शाहीन, बिनीता, अनीशा, नामरोधी , जेनक, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे.

### समीर उरांव ने महादानी मंदिर और सरना स्थल में मत्था टेका



**बेड़ो।** सांसद समीर उरांव ने शनिवार बेडो शहरी क्षेत्र का दौरा किया. इसके पूर्व समीर उरांव ने देवी मंड़प, महादानी मंदिर से लेकर सरना स्थल में पूजा अर्चना व माथा टेक कर आशीर्वाद मांगा. बेड़ो के बाद प्रसिद्ध खुखरागढ़ स्थित मुड़हर बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया. इस मौके पर समीर उरांव ने कहा मांडर विधानसभा क्षेत्र कृषि बहुत क्षेत्र है. हमारी प्राथमिकता रहेगी कि यहां के किसानों को समय से खाद, बीज और खेतों की सिंचाई के लिए पानी की सुविधा उपलब्ध कराना है . पूर्व विधायक मांडर विधानसभा की संयोजक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि इस बार चार सौ पार में एक लोहरदगा संसदीय क्षेत्र भी होगी. मौके पर भाजपा नेता शिवनाथ तिग्गा, वाणी राय,धनंजय रॉय, भवानी शरण सिंह,मोती लाल गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, राजीव रंजन अधिकारी आदि लोग थे.

### पिठौरिया में चाकूबाजी, दो घायल, सांसद ने जाना हाल



**कांके।** पतरातू के दो युवकों को पिठौरिया में चाकू मार कर घायल कर दिया गया. दोनों को गंभीर स्थिति में रिम्स ट्रॉमा सेंटर लाया गया. जहां उनका इलाज चल रहा है. वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है. बताया जाता है कि पतरातू के दो युवक किसी काम से पिठौरिया आये थे. इसी दौरान कुछ लोगों से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई. जिसके बाद उक्त दोनों युवकों पर चाकूओं से वार कर गंभीर रुप से घायल कर दिया. उक्त जानकारी पिठोरिया थाना के प्रभारी गौतम राय ने दी. उधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस जांच में जुटी हुई है. वहीं घायलों को देखने सांसद संजय सेठ रिम्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचे. उन्होंने पूरे मामले की जानकारी ली. वहीं पुलिस से मामले की कार्रवाई करने को कहा.




## टेस्ट सीरीज : भारत ने 4-1 से श्रृंखला जीतकर इंग्लैंड की बैजबॉल शैली पर लगाया प्रश्नचिन्ह

# 100वें टेस्ट में अश्विन ने अंग्रेजों को अपने 'पंजे' में फंसाया

**भाषा । धर्मशाला**

रविचंद्रन अश्विन ने अपने 100वें टेस्ट मैच में पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा किया, जिससे भारत ने इंग्लैंड को पांचवें टेस्ट मैच में हराया. पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के तीसरे दिन ही शनिवार को भारत ने इंग्लैंड को पारी और 64 रन से करारी शिकस्त दी. साथ ही भारत ने इंग्लैंड की आक्रामक अंदाज में खेलने की 'बैजबॉल' शैली पर भी प्रश्न चिन्ह लगा दिया. भारत ने इस तरह से पांच मैच की श्रृंखला 4-1 से जीती. यह 'बैजबॉल' शैली अपनाने के बाद इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार है. इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 218 रन पर आउट हो गई थी, जिसके जवाब में भारत ने 477 रन बनाकर 259 रन की बढ़त हासिल की. इंग्लैंड की टीम अपनी दूसरी पारी में तीसरे दिन दूसरे सत्र में ही 195 रन पर सिमट गई. उसके अधिकतर बल्लेबाजों ने गैर जिम्मेदाराना शॉट खेल कर अपने विकेट इनाम में दिए. पहली पारी में चार विकेट लेने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 77 रन देकर पांच विकेट लिए. इंग्लैंड की तरफ से जो रूट ने सर्वाधिक 84 रन बनाए. भारत श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुका था, लेकिन वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध था. भारत की यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसने यह विराट कोहली और मोहम्मद शमी जैसे सीनियर खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में हासिल की. ऐसे में यशस्वी जयसवाल जैसे खिलाड़ियों ने मौके का पूरा फायदा उठाया. अश्विन ने सुबह के सत्र में चार विकेट लेकर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी थी. इंग्लैंड ने लंच तक पांच विकेट पर 103 रन बनाए थे. भारतीय गेंदबाजों ने बाकी बचे पांच विकेट दूसरे सत्र में हासिल किये. भारत ने अपनी पहली पारी में सुबह केवल चार रन जोड़कर अपने बाकी बचे दो विकेट गंवाए. मइंग्लैंड के बल्लेबाजों ने इसके बाद आक्रामक रूख अपनाया और इस प्रयास में अपने विकेट गंवाए. इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (02) को लंच से ठीक पहले अश्विन ने पवेलियन की राह दिखाई.

**195** *रन पर दूसरी पारी में सिमटा इंग्लैंड*

**05** *विकेट चटकाए अश्विन ने दूसरी पारी में*

## 700 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बने एंडरसन

इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज और कुल तीसरे गेंदबाज बन गए हैं. अपना 187वां टेस्ट मैच खेल रहे 41 वर्षीय एंडरसन ने शनिवार को यहां भारत के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के तीसरे दिन कुलदीप यादव को विकेट के पीछे कैच कराकर अपना 700वां विकेट हासिल किया. टेस्ट क्रिकेट में 600 से अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में केवल दो तेज गेंदबाज शामिल हैं. इस सूची में एंडरसन के बाद उनके साथी खिलाड़ी स्टुअर्ट ब्रॉड का नाम शामिल है. पिछले साल संन्यास लेने वाले ब्रॉड के नाम पर 604 विकेट दर्ज हैं. सभी गेंदबाजों में श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन 800 विकेट लेकर शीर्ष पर काबिज हैं. उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के शेन वार्न (708 विकेट) का नंबर आता है.



## शानदार उपलब्धि है 700 टेस्ट विकेट : तेंदुलकर

एंडरसन की उपलब्धि पर सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा कि मैंने एंडरसन को पहली बार तब देखा जब वह 2002 में ऑस्ट्रेलिया में खेल रहे थे. गेंद पर उनका नियंत्रण विशेष नजर आ रहा था. नासिर हुसैन ने तब उनकी बहुत प्रशंसा की थी और वह आज भी ऐसा करते हैं. मुझे पूरा यकीन है कि वह कहेंगे 'मैंने बोला था' क्योंकि उन्होंने बहुत पहले उनकी प्रतिभा पहचान ली थी. तेंदुलकर ने कहा कि 700 टेस्ट विकेट शानदार उपलब्धि है. एक तेज गेंदबाज 22 साल से खेल रहा है और लगातार अच्छा प्रदर्शन करके 700 विकेट लेने में सक्षम है, यह तब तक काल्पनिक लगता होगा जब तक कि एंडरसन ने वास्तव में ऐसा नहीं कर दिखाया. वास्तव में बेहतरीन.

## स्कोर कार्ड

**इंग्लैंड पहली पारी : 218 रन**

**भारत पहली पारी :**

यशस्वी जायसवाल स्ट फोक्स बो बशीर 57
रोहित शर्मा बो स्टोक्स 103
शुभमन गिल बो एंडरसन 110
देवदत्त पड्डिकल बो बशीर 65
सरफराज खान का रूट बो बशीर 56
रविंद्र जडेजा पगबाधा बो हार्टली 15
ध्रुव जुरेल का डकेट बो बशीर 15
रविचंद्रन अश्विन बो हार्टली 00
कुलदीप यादव का फोक्स बो एंडरसन 30
जसप्रीत बुमराह स्टं फोक्स बो बशीर 20
मोहम्मद सिराज नाबाद 00

अतिरिक्त : 06 रन ,कुल योग : (124.1 ओवर में सभी आउट) 477,विकेट पतन : 1- 104, 2-275, 3-279, 4-376, 5- 403, 6- 427, 7-427, 8-428, 9-477, 10-477 गेंदबाजी : जेम्स एंडरसन 16-2-60-2, मार्क वुड 15- 1-89-0, टॉम हार्टली 39-3-126-2, शोएब बशीर 46.1-5-173-5, बेन स्टोक्स 5-1-17-1, जो रूट 3-0-8-0

**इंग्लैंड दूसरी पारी**

क्राउली का सरफराज खान बो अश्विन 00
बेन डकेट बो अश्विन 02
पोप का जायसवाल बो अश्विन 19
जो रूट का बुमराह बो कुलदीप 84
जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो कुलदीप 39
बेन स्टोक्स बो अश्विन 02
बेन फोक्स बो अश्विन 08
टॉम हार्टले पगबाधा बो बुमराह 20
मार्क वुड पगबाधा बो बुमराह 00
शोएब बशीर बो जडेजा 13
जेम्स एंडरसन नाबाद 00

अतिरिक्त : 08 , कुल : 48.1 ओवर में 195 रन पर सभी आउट, विकेट पतन : 1-2, 2-21, 3-36, 4-92, 5-103, 6-113, 7-141, 8-141, 9-189 गेंदबाजी : बुमराह 10-2-38-2 अश्विन 14-0-77-5, रविंद्र जडेजा 9-1-25-1, कुलदीप 14.1-0-40-2, मोहम्मद सिराज 1-0-8-0



## अश्विन ने 100वें टेस्ट में बरपाया कहर

| |
|---|
| **100वें टेस्ट में अश्विन चटकाया फाइफर** |
| **अश्विन अपने पहले और 100वें टेस्ट में पांच विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने** |
| **100वें टेस्ट में पांच विकेट लेने वाले गेंदबाज** |
| 6/161 – शेन वार्न (ऑस्ट्रेलिया) बनाम दक्षिण अफ्रीका, केप टाउन, 2002 |
| 5/89 – अनिल कुंबले (भारत) बनाम श्रीलंका, अहमदाबाद, 2005 |
| 6/54 – मुथैया मुरलीधरन (श्रीलंका) बनाम बैन, चैटोग्राम, 2006 |
| 5/77 – रविचंद्रन अश्विन (भारत) बनाम इंग्लैंड, धर्मशाला, 2024 |
| **अश्विन ने कुंबले को पीछे छोड़ा** |
| **टेस्ट में सर्वाधिक फाइफर** |
| 67 – मुथैया मुरलीधरन |
| 37 – शेन वार्न |
| 36 – रिचर्ड हैडली |
| 36–रविचंद्रन अश्विन |
| 35 – अनिल कुंबले |
| **अश्विन ने की अपने रिकॉर्ड की बराबरी** |
| **किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा एक टीम के खिलाफ सर्वाधिक टेस्ट विकेट** |
| 114 – रविचंद्रन अश्विन बनाम ऑस्ट्रेलिया |
| 114 – रविचंद्रन अश्विन बनाम इंग्लैंड |
| 111 – अनिल कुंबले बनाम ऑस्ट्रेलिया |
| 99 – कपिल देव बनाम पाकिस्तान |
| 95 – भागवत चन्द्रशेखर बनाम इंग्लैंड |
| 95 – हरभजन सिंह बनाम ऑस्ट्रेलिया |
| **100वें टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन** |
| 9/128 – रविचंद्रन अश्विन (भारत) बनाम इंग्लैंड, धर्मशाला, 2024 |
| 9/141 – मुथैया मुरलीधरन (श्रीलंका) बनाम बांग्लादेश, चैटोग्राम, 2006 |
| 8/231 – शेन वार्न (ऑस्ट्रेलिया) बनाम दक्षिण अफ्रीका, केप टाउन, 2002 |
| 7/151 – कपिल देव (भारत) बनाम पाकिस्तान, कराची, 1989 |
| 7/176 – अनिल कुंबले (भारत) बनाम श्रीलंका, अहमदाबाद, 200 |

## 92 साल में पहली बार भारत के हार-जीत का हिसाब बराबर

पिछले 92 साल से टेस्ट क्रिकेट में जीत– हार के मामले भारतीय टीम की हार की संख्या अधिक थी, लेकिन इंग्लैंड को धर्मशाला टेस्ट हराकर भारतीय टीम ने इस घाटे को खत्म किया. 1932 के बाद पहली बार भारत ने जीत–हार के हिसाब को बराबर कर लिया है.



### टेस्ट में हार-जीत का आंकड़ा

| टीम | टेस्ट | जीत | हार | टाई | ड्रॉ |
|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 865 | 413 | 232 | 2 | 218 |
| इंग्लैंड | 1071 | 392 | 324 | 0 | 355 |
| वेस्टइंडीज | 575 | 183 | 210 | 1 | 181 |
| द. अफ्रीका | 464 | 178 | 161 | 0 | 125 |
| भारत | 579 | 178 | 178 | 1 | 222 |
| पाकिस्तान | 456 | 148 | 142 | 0 | 166 |
| न्यूजीलैंड | 469 | 115 | 184 | 0 | 170 |
| श्रीलंका | 314 | 101 | 121 | 0 | 92 |

**भारत की पिछले 12 साल में लगातार 17वीं सीरीज जीत**

घरेलू मैदानों पर भारत की पिछले 12 साल में लगातार 17वीं सीरीज जीत है. घर में लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड पहले से भारतीय टीम के नाम है. ऑस्ट्रेलिया अपने घर में लगातार 10 सीरीज जीतकर दूसरे नंबर पर है. भारत को आखिरी बार होम कंडीशन्स में किसी टेस्ट सीरीज में हार का सामना 2012 में करना पड़ा था. उस समय इंग्लैंड ने भारत को भारत में 2–1 से हराया था. उसके बाद से भारतीय टीम घर में कोई भी सीरीज नहीं गंवाई है .

# विलियमसन ने अपने 100वें टेस्ट में अर्धशतक जड़ा

**भाषा। क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड)**

**दूसरा टेस्ट**

- स्टंप तक न्यूजीलैंड ने दो विकेट पर 134 रन बनाए
- न्यूजीलैंड ने हासिल की 40 रन की बढ़त



केन विलियमसन ने अपने 100वें टेस्ट में 51 रन की अर्धशतकीय पारी से न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्टंप तक दूसरी पारी में दो विकेट पर 134 रन बनाए. न्यूजीलैंड ने अब तक 40 रन की बढ़त हासिलकर ली है. पहली पारी में विलियमसन का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने 105 गेंद में 34वां टेस्ट अर्धशतक जड़ा और टॉम लाथम के साथ दूसरे विकेट के लिए 105 रन की भागीदारी निभायी. इस भागीदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने एक विकेट पर छह रन के स्कोर से उबरते हुए दो विकेट पर 111 रन बनाये और ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी की 94 रन की बढ़त को खत्म किया. स्टंप तक लाथम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ 65 रन का टेस्ट स्कोर बनाकर क्रीज पर जुटे हैं और दूसरे छोर पर रचिन रविंद्र 11 रन बनाकर खेल रहे हैं. शुक्रवार को विलियमसन जब 100वें टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड की पहली पारी के लिए क्रीज पर उतरे थे तो दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाकर उनका स्वागत किया था, लेकिन वह 17 रन ही बना सके थे. न्यूजीलैंड पहली पारी में 162 रन पर सिमट गयी थी. ऑस्ट्रेलिया से सुबह चार विकेट पर 124 रन से आगे खेलना शुरू किया. मार्नस लाबुशेन ने रात की 45 रन की पारी को 90 रन में तब्दील किया जिससे टीम ने पहली पारी में 256 रन बनाकर पहली पारी के हिसाब से 94 रन की बढ़त हासिल की.

## पाथिराना चोटिल, सीएसके की चिंता बढ़ी

**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरू होने में बस दो हफ्ते चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज माथिशा पाथिराना बायें पैर में 'ग्रेड एक हैमस्ट्रिंग' खिंचाव से जूझ रहे हैं. श्रीलंका के इस गेंदबाज को छह मार्च को सिलहट में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय के दौरान यह चोट लगी, जिससे वह अपना स्पैल भी पूरा नहीं कर सके और मैदान से बाहर चले गये. श्रीलंका क्रिकेट ने एक बयान में कहा कि माथिशा पाथिराना तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे.

# विदर्भ व मुंबई के बीच फाइनल आज से

**भाषा। मुंबई**

**रणजी ट्रॉफी**

- 41 बार खिताब जीत चुकी है मुंबई की टीम
- तीसरे खिताब के लिए मुंबई को कड़ी चुनौती हेगा विदर्भ

अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में मुंबई की टीम रविवार से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी फाइनल में विदर्भ को हराकर अपना 42वां खिताब जीतने की कोशिश करेगी. रहाणे की अगुवाई में भारत ने तीन सत्र पहले ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला जीती थी. वह अभी राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं और घरेलू स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं लेकिन इससे उनके कप्तानी कौशल को कम करके नहीं आंका जा सकता है. रहाणे ने रणजी ट्रॉफी के वर्तमान सत्र में अभी तक 13.4 की औसत से केवल 134 रन बनाए हैं. मुंबई का रणजी ट्रॉफी में यह 48वां फाइनल है जिसमें उसे चोटिल सूर्यकुमार यादव और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में खेल रहे सरफराज खान की सेवाएं नहीं मिलेगी.

श्रेयस अय्यर हालांकि इस मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे. अय्यर को रणजी ट्रॉफी में नहीं खेलने के कारण बीसीसीआई का वार्षिक अनुबंध गंवाना पड़ा था. वह यहां बड़ी पारी खेल कर आत्मविश्वास हासिल करना चाहेंगे. मुंबई को दो बार के चैंपियन विदर्भ से कड़ी चुनौती मिलने की संभावना है जिसकी टीम ने महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छा प्रदर्शन किया है.

**टेस्ट है बेस्ट** | भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना की शुरुआत की

# एक सत्र में 75% मैच खेलने वाले खिलाड़ी होंगे मालामाल

**भाषा । नयी दिल्ली**

टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने के वादे पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई खरा उतरा. बीसीसीआई ने उन खिलाड़ियों के लिए प्रत्येक मैच 45 लाख रुपये का प्रोत्साहन देने का फैसला किया जो हर सत्र में निर्धारित 75 प्रतिशत या इससे ज्यादा मैच खेलते हैं. एक टेस्ट खिलाड़ी जो एक सत्र में लगभग 10 टेस्ट मैच में हिस्सा लेता है, उसे बतौर प्रोत्साहन 4.50 करोड़ रुपये की मोटी धनराशि मिलेगी जो उसकी संभावित 1.5 करोड़ रुपये की मैच फीस (प्रत्येक मैच 15 लाख रुपये) से इतर होगी. साथ ही शीर्ष क्रिकेटरों को सालाना केंद्रीय अनुबंध के अंतर्गत 'रिटेनर फीस' भी मिलेगी. शाह ने 'एक्स' पर लिखा कि मुझे सीनियर पुरुष टीम के लिए 'टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना' की शुरूआत करने की घोषणा करके खुशी हो रही है. यह कदम हमारे खिलाड़ियों को वित्तीय विकास और स्थिरता मुहैया कराने के उद्देश्य से उठाया गया है. उन्होंने कहा कि 2022-23 सत्र से 'टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना' टेस्ट मैच के लिए मौजूदा 15 लाख रुपये की मैच फीस के लिए अतिरिक्त पुरस्कार के तौर पर काम करेगी. यह प्रोत्साहन पूर्वप्रभावी होगा जिसका असर 2022-23 सत्र के दौरान टेस्ट क्रिकेट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों पर भी होगा. उदाहरण के तौर पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 2023-24 सत्र के दौरान सभी 10 टेस्ट (विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो दो, इंग्लैंड के खिलाफ पांच) खेले हैं तो उन्हें टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने के लिए 1.5 करोड़ रुपये (15 लाख गुणा 10) की मैच फीस मिलेगी. उन्हें 4.5 करोड़ रुपये (45 लाख गुणा 10) भी मिलेंगे. इसलिये उनकी टेस्ट क्रिकेट से ही छह करोड़ रुपये की कमाई हो जायेगी. इसमें अगर प्रत्येक सत्र की सात करोड़ रूपये की उनकी सालाना रिटेनरशिप भी जोड़ दी जाये तो उनकी कमाई 13 करोड़ रुपये हो जायेगी. यह निश्चित रूप से उनके एक सत्र में वनडे (प्रत्येक मैच आठ लाख रुपये) और टी20 अंतरराष्ट्रीय (प्रत्येक मैच चार लाख रुपये) मैच के लिए मिलने वाली राशि से इतर होगी.

### बीसीसीआई का प्लान

बीसीसीआई ने इस गणना को समझाते हुए एक सत्र में औसत नौ टेस्ट लिये हैं .अगर कोई इनमें से 50 % मैच (इसे देखते हुए चार या कम) खेलता है तो उसे 15 लाख रुपये (अंतिम एकादश में खेलने के लिए) मिलेंगे और रिजर्व खिलाड़ियों को इसकी आधी राशि मिलेगी. लेकिन अगर वह इनमें से 50 से 75 % मैच (नौ में से पांच से छह मैच) तो उसे प्रत्येक मैच 30 लाख मिलेगी. अगर एक खिलाड़ी ने एक सत्र में छह टेस्ट खेले तो उसे मौजूदा मैच फीस 90 लाख रुपये (15 लाख रुपये गुणा छह) और 1.8 करोड़ रुपये (30 लाख रुपये गुणा छह) का प्रोत्साहन मिलेगी.

## मोना ने हासिल किया पैरालंपपिक कोटा

**नयी दिल्ली।** भारत की मोना अग्रवाल ने डब्ल्यूएसपीएस पैरा निशानेबाजी विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक के साथ पेरिस पैरालंपिक का कोटा हासिल कर लिया. मोना का यह चौथा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट था. वहीं 2020 तोक्यो पैरालंपिक की स्वर्ण पदक विजेता अवनि लेखरा ने कांस्य पदक जीता. सैंतीस वर्ष की मोना ने दिसंबर 2021 से ही निशानेबाजी शुरू की. इससे पहले वह शॉटपुट और पावरलिफ्टिंग में प्रदेश स्तर पर खेल चुकी है. वह पेरिस पैरालंपिक का कोटा हासिल करने वाली भारत की नौवीं पैरा निशानेबाज हैं. दो बच्चों की मां अवनि ने क्वालीफिकेशन दौर में 618 का स्कोर किया.

# स्वियातेक बीएनपी परिबास टूर्नामेंट के अगले दौर में

**भआषा । इंडियन वेल्स (अमेरिका)**



विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा. उन्होंने अमेरिका की डेनियल कोलिन्स को सीधे सेटों में हराकर बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया. स्वियातेक ने कोलिन्स को 6-3, 6-0 से हराया, जो अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ उनकी लगातार पांचवीं जीत है. स्वियातेक की इस सत्र में यह 15वीं जीत है. महिला वर्ग के एक अन्य मैच में एंजेलिक कर्बर ने येलेना ओस्टापेंको को 5-7, 6-3, 6-3 से पराजित किया. पुरुष वर्ग में ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर ने थानासी कोकिनाकिस पर 6-3, 6-0 से जीत दर्ज की जबकि आंद्रे रुबलेव ने एंडी मरे को 7-6 (3), 6-1 से हराया. एलेजांद्रो टैबिलो, अलेक्जेंडर ज्वेरेव, स्टेफानोस सितसिपास और एलेक्स डी मिनौर ने भी सीधे सेटों में जीत हासिल की.

## स्टार्टअप के जरिए 100 करोड़ रुपए हो चुका है निवेश

# झारखंड में अब तक कुल 500 स्टार्टअप को मिली मान्यता

रवि भारती। रांची

झारखंड की स्टार्टअप पॉलिसी काफी कारगर साबित हो रही है. अब तक राज्य सरकार ने 500 स्टार्टअप को मान्यता दी है. स्टार्टअप के जरिए झारखंड में अब तक 100 करोड़ रुपए का निवेश हो चुका है. वहीं झारखंड में महिला उद्यमियों की संख्या में वृद्धि हुई है. उद्योग विभाग के आंकड़ों के अनुसार झारखंड में महिला उद्यमियों की संख्या बढ़ कर 310388 हो गई है. जो देश का 2.51 फीसदी है. वहीं झारखंड में

### स्टार्टअप पॉलिसी

- महिला उद्यमियों की संख्या 310388 हुई
- देश के 2.51 फीसदी महिला उद्यमी है झारखंड में

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमइ) की संख्या में भी वृद्धि हुई है. वित्तीय वर्ष 2020-21 में एमएसएमइ की संख्या 10952 थी, जो अब 2023-24 में बढ़ कर 29834 हो गई है.

**29834**

**एमएसएमइ की संख्या बढ़कर हुई**

### सीएम श्रमिक योजना के तहत 93332 जॉब कार्ड

झारखंड में मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत 93332 नए जॉब कार्ड बनाए गए. इसके तहत 50 शहरी स्थानों को भी शामिल किया गया है. 1342 स्ट्रीट वेंडर को बीमा से जोड़ा गया है. वहीं पीएम स्वनिधि योजना से 71969 लोगों को लाभ मिला है. इसके एवज में 103.32 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है. राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत 260 नए स्वयं सहायक समूह बनाए गए हैं. साथ ही 7287 लोगों को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित भी किया गया है.




**माइक्रो इंडस्ट्रीज में साल दर साल कितने को रोजगार**

| वर्ष | रोजगार |
|---|---|
| 2020-21 | 67357 |
| 2021-22 | 107624 |
| 2022-23 | 107404 |
| 2023-24 | 137317 |

**लघु उद्योग में साल दर साल कितने को रोजगार**

| वर्ष | रोजगार |
|---|---|
| 2020-21 | 35616 |
| 2021-22 | 19729 |
| 2022-23 | 17824 |
| 2023-24 | 6441 |

**मध्यम उद्योग में साल दर साल कितने को रोजगार**

| वर्ष | रोजगार |
|---|---|
| 2020-21 | 10950 |
| 2021-22 | 5128 |
| 2022-23 | 2515 |
| 2023-24 | 509 |

### कल्पना सोरेन का आज बरहेट दौरा



**साहिबगंज।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन कल बरहेट विधानसभा क्षेत्र में पहली बार आ रही है. कल्पना सोरेन मंत्री हफीजुल हसन के साथ कार्यकर्ताओं का हौसला देने के लिए बरहेट आएगी. कल्पना सोरेन पहले बरहेट विधानसभा क्षेत्र के गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी प्रखंड के डमरूहाट फुटबॉल मैदान में दोपहर 12 बजे हवाई मार्ग से पहुंचेंगी. वहां से वह बरहेट विधानसभा क्षेत्र के बरहेट प्रखंड पर स्तिथ नवगछिया मैदान में सभा को संबोधित करने के बाद पतना प्रखंड क्षेत्र के कुंवरपुर फुटबॉल मैदान में भी 2:45 बजे सभा को संबोधित करेंगी.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** — समय बहुत ही उत्तम है. आय में वृद्धि होगी. कारोबार लाभदायक रहेगा. नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा. घर में व्यय होगा. जीवन में कुछ अच्छा होगा. मन खुश रहेगा. मन में उल्लास होगा.

**वृषभ** — कार्य में गति मिलेगी. काम ऐसा करें कि किसी से विवाद नहीं हो. उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा. नौकरी में चैन रहेगा. किसी लंबे कारोबारी प्रवास की योजना बन सकती है.

**मिथुन** — भाग्य का साथ मिलेगा. रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे. मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा. किसी मनोरंजक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है. नौकरी में कोई नया कार्य कर पाएंगे. कोई यात्रा का योग है.

**कर्क** — अष्ठम भाव में चन्द्र है. किसी से विवाद हो सकता है.समय अनुकूल नहीं है. दौड़धूप अधिक होगी. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. चिंता तथा तनाव रहेंगे. कारोबार में लाभ होगा. चीनी का दान करें. गुरु का मंत्र जापें.

**सिंह** — जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा. कार्य की प्रशंसा होगी. नौकरी में कार्यभार रहेगा. अधिकारी प्रसन्न रहेंगे. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा. निवेश शुभ फल देंगे. सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. शिवलिंग पर दूध का अभिषेक करें.

**कन्या** — मानसिक तनाव हो सकता है. भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी. पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. विवाद को बढ़ावा न दें. निवेश में जल्दबाजी न करें. आय बनी रहेगी.

**तुला** — संतान के लिए समय उत्तम है. कोई छोटी व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है. आपके कार्य और प्रभाव से आय में वृद्धि होगी. कोई बड़ा रुका हुआ कार्य पूर्ण होने के योग हैं. कारोबार अच्छा चलेगा.

**वृश्चिक** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें. ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधान रहें. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है. कारोबार ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. गरीब को भोजन दें.

**धनु** — पराक्रम में वृद्धि होगी. बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. काम में मन लगेगा. घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा.

**मकर** — अपनों का सहयोग मिलेगा. कार्यकारी नए काम मिल सकते हैं. योजना फलीभूत होगी. प्रभावशाली लोगों का सहयोग प्राप्त होगा. सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा.

**कुंभ** — पिता से आशीर्वाद मिल सकता है. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. नौकरी में चैन रहेगा. विवाद से बचें. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. बेकार बातों पर ध्यान न दें. स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है. शनि को खुश करें.

**मीन** — किसी बाहरी व्यक्ति पर खर्च होगा. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. नकारात्मकता रहेगी. कारोबार लाभदायक रहेगा. आपके प्रभाव से नौकरी में कार्यभार रहेगा. मछली को चारा दें

## आर्थिक नाकेबंदी से बिहार, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल बॉर्डर हुए प्रभावित

# 3 घंटे जाम रहा चास-जैनामोड़ चौक

संवाददाता। रांची

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में आहुत आर्थिक नाकेबंदी का असर पूरे राज्य व्यापक एवं सफल रहा. मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य हमने आर्थिक नाकेबंदी करके ही हासिल किया है और अब आर्थिक नाकेबंदी कर राजकीय मान-सम्मान पेंशन का अधिकार लेकर रहेंगे.

आर्थिक बंदी के दौरान झारखंड आंदोलनकारी परंपरागत हथियारों से लैस एवं लाल एवं हरे रंग का झंडा लिए सड़कों पर उतरे. गुमला जिला में पडहा समाज के लोग सफेद झंडा लेकर बड़ी संख्या में आंदोलनकारियों के समर्थन में साथ आये. बिशुनपुर बनारी के पास बॉक्साइट से भरे ट्रकों को रोक दिया गया तथा जोर जबरदस्ती करने पर ट्रक के शीशे तोड़ दिये गये. कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम में झारखंड आंदोलनकारियों ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के प्रति उदासीनता के मद्देनजर हाय हाय के नारे लगाए. छत्तीसगढ़ के बॉर्डर माझा टोली, पश्चिम बंगाल बॉर्डर बोड़ाम, पलामू प्रमंडल के चियांकी मोड़ एवं दुबियाखाड़ मोड़ के पास मालवाहक वाहनों को रोक कर उत्तर प्रदेश, बिहार एवं छत्तीसगढ़, दुमका प्रमंडल के जामताड़ा स्थित फतेहपुर चौराहे पर मालवाहक वाहनों तथा लातेहार जिला के चमरडीहा रेलवे फाटक को जाम कर मालगाड़ियों के परिचालन को रोक दिया. रामगढ़ एवं गोला में कोयला से भरे ट्रकों को रोक दिया गया. उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के बोकारो जिला के जैना मोड़ व चास मोड़, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के खूंटी के हुटार बाजार टांड़, लोहरदगा जिला के शंख नदी मोड़ के पास सैकड़ों की संख्या में परंपरागत हथियारों से लैस आंदोलनकारियों ने आर्थिक नाकेबंदी कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रयास किया. आर्थिक नाकेबंदी से 300 करोड रुपए से ज्यादा का वाणिज्य व्यापार प्रभावित रहा.

मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने, राजकीय मान सम्मान, अलग पहचान, सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपये, 100 फीसदी रोजी रोजगार एवं नियोजन की गारंटी देने की मांगों को राज्य सरकार अविलंब पूरा करें. हमने संघर्ष किया था और संघर्ष करेंगे. आंदोलनकारी का संघर्ष ही जीवन है. सरकार हमारी मांगों को नजरअंदाज करती है तो झारखंड में अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी. उन्होंने कहा कि झारखंड कोई साधारण राज्य नहीं है. दूसरे राज्यों में अलग राज्य के आंदोलनकारियों को राजकीय मान सम्मान अलग पहचान सम्मान राशि आदि की सुविधा दी जाती रही है. झारखंड आंदोलनकारी अपने ही राज्य में राजकीय मान सम्मान की सुविधाओं तथा अधिकारों से वंचित हैं. नाकेबंदी को सफल बनाने में केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह सरोजिनी कच्छप, पुष्पा बरदेवा, दक्षिणी छोटा नागपुर प्रजामंडल की अध्यक्ष रोजलीन तिर्की, ने कार्यक्रम को व्यापक एवं सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई.



### आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने मांगों को लेकर आर्थिक नाकेबंदी की

**बोकारो।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले बोकारो में विभिन्न मांगों को लेकर आर्थिक नाकेबंदी की गयी. इस दौरान मोर्चा के सदस्यों ने चास आईटीआई मोड़ और जैनामोड़ को करीब तीन घंटे तक जाम कर दिया. जो एनएच 32 (धनबाद-बोकारो-पुरुलिया) और एनएच 23 (रांची-रामगढ़-बोकारो) को जोड़ती है. आईटीआई मोड़ जाम होने के कारण बोकारो से गुजरने वाली दोनों एनएच पर आवागमन ठप हो गया. जिसकी वजह से इन मार्गों पर सफर करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी. बता दें कि आर्थिक नाकेबंदी से किसी देश, राज्य या जिले के सभी आयात और निर्यात पर रूक जाते हैं. इसे प्रतिबंध के रूप में भी जाना जाता है.

**आंदोलनकारियों को मान-सम्मान देने की मांग:** संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजदेव महथा ने कहा कि यह आर्थिक नाकेबंदी झारखंड निर्माण के लिए आंदोलनकारियों को मान-सम्मान दिलाने के लिए किया गया है. जब तक आंदोलनकारियों को चिह्नित कर मान-सम्मान, पहचान, प्रशस्ति पत्र सहित अन्य अधिकार नहीं मिलता है, हमारा संघर्ष जारी रहेगा.



# पश्चिमी सिंहभूम की टीम ने लगायी जीत की हैट्रिक

सुकेश कुमार। चाईबासा

### क्रिकेट टूर्नामेंट

- प. सिंहभूम ने जमशेदपुर को 141 रन से हराया
- अरविंद ने जड़ा शतक, चुने गए मैन ऑफ द मैच

रांची के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे एचपी बोधनबाला ट्रॉफी के ग्रुप ए के अंतिम लीग मैच में पश्चिमी सिंहभूम ने गत वर्ष की उपविजेता टीम जमशेदपुर को एकतरफा मुकाबले में हराया. जमशेदपुर को 141 रन से हराकर पश्चिमी सिंहभूम ने जीत की हैट्रिक लगाई. पश्चिम सिंहभूम की छह अंकों के साथ अपने ग्रु में शीर्ष पर रही. मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पश्चिमी सिंहभूम की टीम ने निर्धारित 50 ओवर में 298 रन बनाए. टीम के लिए अरविंद कुमार ने सर्वाधिक 125 रन की पारी खेली. मंयक ने भी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 83 रन बनाए. वहीं जमशेदपुर के लिए सुप्रियो ने चार विकेट चटकाए. सुवर्ण व अजय ने दो-दो विकेट लिए, लक्ष्य का पीछा करने उतरी जमशेदपुर की टीम महज 157 रन पर ढेर हो गयी. जमशेदपुर के लिए मनीषी ने सर्वाधिक 35 रन बनाए. पश्चिमी सिंहभूम के आयुष ने 22 रन खर्च कर चार महत्वपूर्ण विकेट चटकाए. वहीं कप्तान अनुराग व अजीत ने दो-दो विकेट लिए. पश्चिमी सिंहभूम के विकेटकीपर बल्लेबाज में शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच पुरस्कार मिला.



## अपराधियों ने इलेक्ट्रीशियन को मारी गोली

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के आजादनगर थाना अंतर्गत मुर्दा मैदान में शनिवार शाम अपराधियों ने निर्माणाधीन भवन में काम कर रहे मो शाहिद पर फायरिंग कर दी. गोली शाहिद के सिर पर लगी. घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए. इधर घटना के बाद सहकर्मियों ने उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है. सहकर्मियों ने बताया कि हसन बिल्डिंग में वायरिंग का काम कर रहे थे. शाहिद बेसमेंट में एमसीबी गिराने गया था. इसी दौरान किसी बाइक सवार ने उसे गोली मार दी. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## विधवा महिला से छेड़खानी का प्रयास, एसपी से शिकायत

**तांतनगर।** तांतनगर ओपी क्षेत्र के अंगरडीहा में रात को अपने बच्चों के साथ सोयी विधवा महिला के साथ छेड़खानी करने का असफल प्रयास हुआ है. ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया. मामले में पीड़ित महिला ने जिला पुलिस अधीक्षक को लिखकर कार्रवाई की मांग की है. समाचार लिखे जाने तक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज नहीं हुआ है. प्राप्त जानकारी के अंगरडीहा के फूलमोती देवी (पीड़ित महिला) अपने घर में शुक्रवार रात बच्चों के साथ सोयी हुई थी. इस बीच गांव के ही विनय गोप उर्फ ठाकलू (आरोपी) दरवाजा का चिटकनी खोल अंदर घुस कर जबरन छेड़खानी करने का प्रयास कर रहा था. इसी बीच हम काफी विरोध व हल्ला किया. जिससे बेटी व आस पास के लोग उठ गये और आरोपी को पकड़ लिया गया.

# साप्ताहिक ट्रेन को सांसद संजय सेठ ने झंडी दिखाकर किया रवाना



ट्रेन को हरी झंडी दिखाते सांसद संजय सेठ.

चांडिल। दिलीप कुमार

### ट्रेन रवाना

- ग्रामीणों को मिलेगी सीधे दिल्ली व पूरी जाने की सुविधा
- नई दिल्ली के आनंद विहार से उड़ीसा के बीच चलेगी ट्रेन

चांडिल वासियों को शनिवार से नई ट्रेन की सौगात मिली. रांची के सांसद संजय सेठ ने ट्रेन को चांडिल जंक्शन स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. उक्त साप्ताहिक ट्रेन नई दिल्ली के आनंद विहार स्टेशन से उड़ीसा के पुरी के बीच चलेगी. इस ट्रेन के शुरू होने से झारखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीणों को सीधे नई दिल्ली और पूरी जाने की सुविधा मिलेगी. पुरी स्टेशन से चलकर चांडिल पहुंचने पर चांडिल वीडियो के साथ भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने ट्रेन का जोरदार स्वागत किया. इस ट्रेन के शुरू होने पर चांडिल वासियों ने खुशी जताई है और केंद्र सरकार पर आभार व्यक्त किया है. इस अवसर पर चांडिल जंक्शन रेलवे स्टेशन परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. चांडिल रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सांसद संजय सेठ ने संबोधित किया. उन्होंने रांची क्षेत्र में किए गए विकास योजनाओं की लंबी सूची पेश की.

## झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने चुनाव आयोग पर साधा निशाना, कहा-

# आयोग झारखंड के साथ भेदभाव कर रहा, चुनावी खर्च सीमा बढ़ाने की नहीं दी औपचारिक सूचना

प्रमुख संवाददाता। रांची

झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने शनिवार को चुनाव आयोग पर झारखंड के साथ पक्षपात करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा इस बार चुनाव में होने वाले खर्च की सीमा बढ़ा दी गयी है, लेकिन इसकी औपचारिक जानकारी अबतक राजनीतिक दलों को नहीं दी गयी है. न ही आयोग ने राजनीतिक दलों से चुनाव को लेकर किसी तरह का विचार-विमर्श किया है. यह स्थिति चिंता पैदा करने वाली है. कहा कि चुनाव आयोग की टीम 11 से 16 मार्च के बीच झारखंड आये, पार्टी के प्रतिनिधियों को बुलाये और लोकसभा चुनाव को लेकर उन्हें आवश्यक दिशानिर्देश दे.

**आयोग ने अपनी परंपरा पीछे छोड़ दी:** भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव से पहले राजनीतिक दलों के साथ विचार-विमर्श करना आयोग की परंपरा रही है. लेकिन चुनाव आयोग ने अपनी परंपरा को पीछे छोड़ दिया है. आशंका जाहिर करते हुए कहा कि क्या इस बार भी चीजें इसी तरफ जा रही हैं. चुनाव आयोग यह सुनिश्चित करता है कि लोग दबाव मुक्त होकर अपने संवैधानिक अधिकारों का पालन करें. लेकिन इस बार ये मुश्किल लग रहा है. उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या चुनाव आयोग के लिए झारखंड में चुनाव कराना जरूरी नहीं रह गया है.




### बोले सुप्रियो

- झारखंड आकर प्रतिनिधियों को दिशानिर्देश दे आयोग
- राजनितक दलों से नहीं किया गया विचार-विमर्श

### लोकसभा व विधानसभा में पार्टी उम्मीदवार झारखंडी होगा

राज्य में होने वाले चुनाव को लेकर कहा कि चुनाव में हमारा उम्मीदवार पूरी तरह से से झारखंडी होगा. चाहे वो लोकसभा का उम्मीदवार हो या विधानसभा का चुनाव. वहीं सुप्रियो ने कहा ने कहा बाबूलाल मरांडी को राज्य सरकार के अलावा केंद्र सरकार से भी अतिरिक्त सुरक्षा मिली हुई है. उनको अगर राज्य सरकार की सुरक्षा के साथ मिला दें, तो उनकी सुरक्षा हेमंत सोरेन से ज्यादा हो जाती है.

**विरोध प्रदर्शन**

## झामुमो का पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तार को लेकर उपवास कार्यक्रम 23वें दिन भी जारी

# पूर्व सीएम हेमंत के बाहर आने तक जारी रहेगा विरोध : किस्कू

संवाददाता। रांची

रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के तत्वाधान में उपवास कार्यक्रम 23वें दिन भी जारी रहा. इस उपवास कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो रामगढ़ जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू ने की. बता दें कि इस उपवास कार्यक्रम में रामगढ़ जिले से भी काफी संख्या में झामुमो के कार्यकर्ता मोरहाबादी के बापू वाटिका आए हुए हैं. कार्यक्रम में झामुमो कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विनोद किस्कू ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से हमारे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रताड़ित कर जेल भेजने का काम किया है और जिस प्रकार से हमारे नेता की छवि खराब करने की कोशिश की है. इसी षड्यंत्र के विरोध में हम यहां उपवास कार्यक्रम में बैठे हुए हैं. उपवास कार्यक्रम में रामगढ़ जिला से केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, भुवनेश्वर प्रसाद, बरतू करमाली, गीता विश्वास, रांची से केंद्रिय सदस्य समनूर मंसूरी, रामगढ़ जिला सचिव विनोद कुमार महतो, रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो, योगेंद्र यादव, रांची जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता, जिला उपाध्यक्ष जनक नायक, बीरू तिर्की, अश्विनी शर्मा, बीरू साहू, रामगढ़ जिला से पिंकी बेसरा, बसंती देवी, रामशरण तिर्की, अंतू तिर्की, आफताब आलम, मंजू देवी, अफरोज आलम, जगमति देवी, सुरेश चंद्र पटेल, तालकेश्वर महतो, एजाज शाह, कैथरीना तिर्की, संजय राय, सतीष मुर्मू, नरेश हांसदा, शिवलाल हांसदा, रांची जिला प्रवक्ता अरविन्द सिंह देवल, संगठन सचिव आदिल इमाम, महादेव मुंडा, मुमताज मंसूरी, कमलेश पाण्डे, मतिराम महतो, राजू साव, समेत अन्य सैकड़ों कार्यकर्त्ता शामिल हुए.



### हमारा संघर्ष जारी रहेगा: मुस्ताक आलम

इस उपवास कार्यक्रम में झामुमो के रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि हमारे पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य को गति देने का काम किया, जनता को मूलभूत सुविधाएं प्रदान की, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार ने हमारे नेता को साजिश के तहत फंसा कर जेल भेजने का काम किया है. जबतक हमारा झारखंडी शेर जेल से बाहर नहीं आता है हमारा संघर्ष जारी रहेगा.

## पेज एक का शेष...

### लोकसभा चुनाव में हिंसा फैलाने...

**अति माओवाद प्रभाव वाले 25 जिले में झारखंड के आठ जिले शामिल :** माओवादियों की सक्रियता के लिहाज से झारखंड के आठ जिले अति माओवाद प्रभाव श्रेणी में हैं. वहीं राज्य के 16 जिलों में माओवादियों का प्रभाव है. केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक, पूर्व में देशभर के 90 जिले माओवाद प्रभावित थे. लेकिन अब इसकी संख्या घटकर 70 रह गयी है. केंद्र ने 70 में से 25 जिलों को अति माओवादी प्रभाव वाला माना है. देश के अति माओवाद प्रभाव वाले 25 में 8 जिले झारखंड के हैं. इनमें चतरा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, सरायकेला-खरसावां और पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं. वहीं झारखंड में माओवाद प्रभाव वाले 16 जिलों में रांची, खूंटी, बोकारो, चतरा, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां और पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं.



## जंगल सफारी करते पीएम मोदी



शनिवार की सुबह असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान एवं बाघ अभयारण्य में हाथी की सवारी करते पीएम मोदी. इस दौरान उन्होंने जीप सफारी का भी लुफ्त उठाया. -फोटो : पीटीआई

# धमकाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें अधिकारी : सीएम योगी

भाषा। गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अधिकारियों को हिदायत दी कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी तरह की ढिलाई या लापरवाही न बरती जाए और इस बात पर बल दिया कि जन समस्याओं को हल करना तथा उसका त्वरित, पारदर्शी एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान अधिकारियों को ये निर्देश दिए. उन्होंने करीब 500 लोगों की शिकायतें सुनीं और सभी को आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा. प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश



देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर किसी की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है. उन्होंने अधिकारियों को यह हिदायत भी दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोर वर्ग को धमकाने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं. उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए. कई लोगों ने मुख्यमंत्री के समक्ष इलाज के लिए आर्थिक सहायता मुहैया कराने की गुहार भी लगाई. उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इसके लिए पूरी मदद करेगी.

## कमल हासन की पार्टी द्रमुक नीत गठबंधन में शामिल

**चेन्नई।** अभिनेता कमल हासन के नेतृत्व वाली पार्टी एमएनएम तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक नीत गठबंधन में शनिवार को शामिल हो गई और उसे आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपना समर्थन दिया. हासन की पार्टी को संसदीय चुनाव लड़ने के लिए सीटें आवंटित किए जा सकने की अटकलों के बीच द्रमुक ने एमएनएम को 2025 के राज्यसभा चुनाव के लिए एक सीट आवंटित की. हासन और सत्तारूढ़ पार्टी के अध्यक्ष एवं सीएम एम के स्टालिन ने यहां द्रमुक मुख्यालय अन्ना अरिवलयम में समझौते को अंतिम रूप दिया. हासन ने समझौता करने के बाद कहा कि उन्होंने गठबंधन में शामिल होने का कदम किसी पद के लिए नहीं, बल्कि देश की खातिर उठाया. उन्होंने गठबंधन को अपनी पार्टी का पूर्ण समर्थन दिया. दोनों नेताओं के बीच बनी सहमति के अनुसार, एमएनएम पार्टी तमिलनाडु की 39 लोकसभा सीट और एकमात्र पुडुचेरी क्षेत्र में प्रचार अभियान संबंधी कार्य करेगी.

## ब्रीफ खबरें

### कांग्रेस के पूर्व विधायक गुरप्रीत 'आप' में शामिल

**चंडीगढ़।** कांग्रेस की पंजाब इकाई को करारा झटका देते हुए पार्टी के पूर्व विधायक गुरप्रीत सिंह जीपी शनिवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान की मौजूदगी में आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए. फतेहगढ़ साहिब जिले के बस्सी पठाना विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक गुरप्रीत सिंह 2017 में विधायक निर्वाचित हुए थे, हालांकि 2022 विधानसभा चुनावों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था.

### ईडी ने अवैध रेत खनन मामले में तलाशी ली

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को अवैध रेत खनन से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में तमिलनाडु में कई स्थानों पर तलाशी ली. सूत्रों ने बताया कि 'लॉटरी किंग' सैंटियागो मार्टिन के दामाद ए. अर्जुन के परिसर के साथ ही चेन्नई और कोयंबटूर में कुछ अन्य के परिसरों की भी तलाशी जारी है. ईडी द्वारा कथित अवैध रेत खनन मामले में करीब 10 परिसरों की तलाशी ली जा रही है.

### राहुल की न्याय यात्रा छोटा उदयपुर पहुंची

**छोटा उदयपुर (गुजरात)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' अपने गुजरात चरण के तीसरे दिन शनिवार को छोटा उदयपुर जिले में पहुंची. राहुल ने शनिवार को बाद में राज्य के नर्मदा जिले में सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित किया. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा का आज 56वां दिन है.

### बसपा अपने बलबूते चुनाव लड़ेगी: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने शनिवार को एक बार फिर साफ किया कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव अकेले अपने बलबूते पर लड़ेगी और चुनावी गठबंधन या तीसरा मोर्चा आदि बनाने की अफवाहों को फर्जी खबर करार दिया. मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बसपा देश में लोकसभा का आम चुनाव अकेले अपने बलबूते पर पूरी तैयारी और दमदारी के साथ लड़ रही है.

### इन विकास परियोजनाओं में सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग भी है शामिल

# पीएम ने पूर्वोत्तर को दी ढेरों सौगात

**खास बातें**

- पूर्वोत्तर में औद्योगिक पारिस्थितिकी होगी मजबूत
- निवेश आकर्षित होंगे, रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

भाषा। ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पूर्वोत्तर में 55,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया जिसमें सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग भी शामिल है जो अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक हर मौसम में संपर्क सुविधा उपलब्ध कराएगी. प्रधानमंत्री ने ईटानगर में एक कार्यक्रम में मणिपुर, मेघालय, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया. एक बयान में कहा गया है कि इस योजना से पूर्वोत्तर में औद्योगिक पारिस्थितिकी मजबूत होगी, नए निवेश आकर्षित होंगे, नयी विनिर्माण तथा सेवा इकाई स्थापित करने में मदद मिलेगी और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा. करीब 10,000 करोड़ रुपये की यह योजना पूरी तरह केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित है और इसमें पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्य आते हैं.



### 2019 में इस परियोजना की नींव रखी गई थी

प्रधानमंत्री मोदी ने फरवरी 2019 में इस परियोजना की नींव रखी थी और यह क्षेत्र में न केवल तेज और अधिक प्रभावी परिवहन मार्ग उपलब्ध कराएगी बल्कि चीन के साथ लगती सीमा के समीप स्थित होने के कारण देश के लिए सामरिक महत्व की भी है.

**देश का सबसे बड़ा बांध होगा दिबांग :** पीएम मोदी ने लोअर दिबांग वैली जिले में दिबांग बहुउद्देशीय पनबिजली परियोजना की भी नींव रखी, जिसे 31,875 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा. यह देश में सबसे बड़ा बांध होगा. इसके अलावा पर्यटन को बढ़ाव देने के लिए कई परियोजनाओं की नींव रखी गई.

### इन पूर्वोत्तर राज्यों में रखी गई विकास परियोजनाओं की नींव

**अरुणाचल प्रदेश**

प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 41,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की. उन्होंने अरुणाचल प्रदेश राज्य परिवहन की एक बस को हरी झंडी दिखाकर सेला सुरंग का भी उद्घाटन किया. कुल मिलाकर करीब 825 करोड़ रुपये की लागत से अरुणाचल प्रदेश में बनी सेला सुरंग इंजीनियरिंग का एक चमत्कार है. यह बालीपारा-चारीद्वार-तवांग रोड पर सेला दर्रे से गुजरते हुए तवांग तक हर मौसम में संपर्क उपलब्ध कराएगी.

**मणिपुर**

मणिपुर में 3,400 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया. बता दें कि जिन परियोजनाओं की नींव रखी गयी है, उनमें निलाकुथी में यूनिटी मॉल, लम्फ्झेलपट में विशेष मनोविज्ञान देखभाल उपलब्ध कराने वाला 60 बिस्तर का अस्पताल तथा इंफाल पश्चिम जिले में मणिपुर प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के लिए बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है. प्रधानमंत्री ने मणिपुर में विभिन्न सड़क परियोजनाओं और जल आपूर्ति योजनाओं का भी उद्घाटन किया है.

**नागालैंड**

नगालैंड में 1,700 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है. यहां जिन परियोजनाओं की नींव रखी गई, उनमें चुमोकेडिमा जिले में यूनिटी मॉल और दीमापुर में 132 किलोवाटर के सब-स्टेशन का आधुनिकीकरण शामिल है.

**मेघालय**

मेघालय में 290 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की नींव रखी गई. यहां जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है, उनमें तुरा में आईटी पार्क, चार लेन की नयी सड़क और न्यू शिलॉन्ग टाउनशिप में दो लेन की सड़क को चार लेन की सड़क में बदलना भी शामिल है. पीएम ने अपर शिलॉन्ग में किसानों के हॉस्टल-सह-प्रशिक्षण केंद्र का भी उद्घाटन किया.

**सिक्किम**

सिक्किम में 450 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की नींव रखीं गई. पीएम ने यहां कई सड़क परियोजनाओं की भी नींव रखीं और थार्पू तथा दरामदिन को जोड़ने वाली एक नयी सड़क का उद्घाटन भी किया.

**त्रिपुरा**

त्रिपुरा में 8,500 से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की नींव रखी गई. इसके अलावा पीएम ने यहां क्षेत्र के लिए एक नयी औद्योगिक विकास योजना 'उन्नति' (उत्तर पूर्व ट्रांसफॉर्मेटिव इंडस्ट्रियलाइजेशन) की भी शुरुआत की है.

### प. बंगाल में कई परियोजनाओं का लोकार्पण किया

सिलीगुड़ी। पीएम मोदी ने उत्तरी पश्चिम बंगाल में 4,500 करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शनिवार को लोकार्पण किया. प्रधानमंत्री ने इस महीने राज्य की अपनी तीसरी यात्रा के दौरान क्षेत्र के सबसे बड़े शहर सिलीगुड़ी में एक कार्यक्रम में परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. कार्यक्रम में राज्यपाल सीवी आनंद बोस भी मौजूद थे.

# 250 करोड़ की हेराफेरी का खुलासा, 2 करोड़ कैश बरामद

- बालू कारोबारी सुभाष यादव के 8 ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

संवाददाता। पटना

अवैध बालू खनन के मामले में ईडी की रडार पर आए सुभाष यादव के दो घरों से 2 करोड़ रुपये कैश बरामद हुए हैं. वहीं ईडी जांच में 250 करोड़ रुपये की राजस्व चोरी का पता चला है. बिहार के बड़े बालू कारोबारी सुभाष यादव के 8 ठिकानों पर ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने शनिवार को एक साथ छापेमारी की. सुभाष अवैध बालू खनन के लिए राज्य में कुख्यात कंपनी ब्रॉड सॉन्स लिमिटेड के एक प्रमुख निदेशक हैं. इस कंपनी के सभी निदेशकों पर पहले ही ईडी का शिकंजा कसा जा चुका है. सुभाष और उनके कुछ करीबी रिश्तेदारों से जुड़े इन सभी ठिकानों पर सुबह से ही कार्रवाई चल रही है. इनमें दानापुर के नारियल घाट स्थित उसका घर के अलावा दानापुर में ही नासरीगंज, शाहपुर, यदुवंशी नगर, मनेर में हल्दी छपरा तथा पटना के गोल रोड, बोरिंग कैनाल रोड स्थित कार्यालय समेत अन्य स्थान शामिल हैं. दानापुर में मौजूद उनके दो घरों से अब तक दो करोड़ रुपये कैश के अलावा पटना, रांची समेत अन्य स्थानों से निवेश के कई दस्तावेज बरामद हुए हैं.

# बोफोर्स मामले में अदालत के फैसले के खिलाफ अर्जी दाखिल

भाषा। नयी दिल्ली

राजनीतिक रूप से संवेदनशील 64 करोड़ रुपये के बोफोर्स घूस कांड में हिंदुजा बंधुओं के खिलाफ लगाए गए आरोप समेत सभी आरोपों को रद्द करने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के 2005 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय में में एक अर्जी दाखिल की गई है. अधिवक्ता अजय अग्रवाल की ओर से दाखिल अर्जी में कहा गया है कि शीर्ष अदालत ने दो नवंबर, 2018 को उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की अर्जी खारिज कर दी थी. इसमें यह भी कहा गया है कि जांच एजेंसी उस फैसले के खिलाफ उनके द्वारा दायर अपील में सभी आधार उठा सकती है. अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने 2005 में ही उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत में याचिका दायर की थी और मामला सामने आने के बाद तीन दशक से अधिक समय बीत चुका है.

### नीरव मोदी को बैंक ऑफ इंडिया को देंने होंगे 66 करोड़ रुपये

# नीरव को लंदन हाईकोर्ट से झटका

भाषा। लंदन

नीरव मोदी बैंक ऑफ इंडिया को आठ मिलियन डॉलर (66 करोड़ रुपये) की राशि चुकाये. यह आदेश लंदन हाईकोर्ट ने शुक्रवार को जेल में बंद भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव मोदी को झटका देते हुए सुनाया है. वर्तमान में वह ब्रिटेन की थेमसाइड जेल में बंद हैं. खबरों के अनुसार कोर्ट ने अपने एक समरी जजमेंट में नीरव मोदी को बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) को आठ मिलियन डॉलर का भुगतान करने का आदेश दिया. समरी जजमेंट उसे कहते हैं, जहां कोई एक पक्ष अदालत में मौजूद नहीं होता है. या फिर कोर्ट को उसके केस में कोई योग्यता नजर नहीं आती. यानी कोर्ट बिना फुल ट्रायल के जजमेंट दे सकता है.

**खास बातें**

- कोर्ट बिना फुल ट्रायल के जजमेंट दे सकता है
- ब्रिटेन की थेमसाइड जेल में बंद हैं नीरव मोदी

**मोदी की प्रॉपर्टीज की नीलामी करने की अनुमति मिली:** जानकारी के अनुसार बैंक ऑफ इंडिया ने नीरव मोदी की दुबई स्थित कंपनी फायरस्टार डायमंड एफजेडई से आठ मिलियन डॉलर की वसूली के लिए लंदन हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी. कोर्ट के फैसले से बैंक ऑफ इंडिया को दुबई वाली कंपनी से वसूली प्रक्रिया शुरू करने सहित दुनिया में कहीं भी मोदी की प्रॉपर्टीज की नीलामी करने की अनुमति मिल गयी है.

### नीरव मोदी के केस में कोई दम नहीं है

इस केस में लंदन हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने यह मानते हुए कि नीरव के केस में कोई दम नहीं है, और वह इसे जीत नहीं सकता. अपना फैसला सुनाया. बैंक ऑफ इंडिया ने नीरव मोदी की कंपनी फायरस्टार को 9 मिलियन डॉलर का लोन दिया था, लेकिन जब बैंक ने 2018 में अपना पैसा वापस मांगा, तो नीरव मोदी इसे लौटा नहीं सका. कहा गया है कि फायरस्टार डायमंड एफजेडई दुबई में स्थित है, इसलिए यूके अदालत का समरी जजमेंट वहां आसानी से लागू हो सकता है.

## टेक्सास में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीन की मौत

**ला ग्रुला (अमेरिका)।** टेक्सास में अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर एक हेलीकॉप्टर शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे नेशनल गार्ड के दो सैनिक और सीमा गश्त के एक एजेंट की मौत हो गयी. सेना ने बताया कि हेलीकॉप्टर में सवार एक अन्य सैनिक घायल हो गया. 'संयुक्त कार्यबल उत्तर' द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, यूएच-72 लकोटा हेलीकॉप्टर संघीय सरकार के सीमा सुरक्षा अभियान पर था तभी वह शुक्रवार दोपहर को रियो ग्रांडे सिटी के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गया. हादसे की वजह का पता लगाया जा रहा है. स्टार काउंटी के शीर्ष अधिकारी एलॉय वेरा ने बताया कि हेलीकॉप्टर में एक महिला और तीन पुरुष सवार थे. उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति की हालत गंभीर है. मृतकों की पहचान उजागर नहीं की गई है.

### पेयजल संकट : आदेश के उल्लंघन पर 5000 जुर्माना

# बेंगलुरु में गैर जरूरी कामों में पेयजल का इस्तेमाल प्रतिबंधित

भाषा। बेंगलुरु

बेंगलुरु में जल संकट के बीच शहर के जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) ने गैर-जरूरी उद्देश्यों के लिए पेयजल के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है और इस आदेश का उल्लंघन करने वालों पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा. बीडब्ल्यूएसएसबी ने कहा कि सभी के लिए पेयजल की आपूर्ति आवश्यक है. उसने कहा कि शहर में तापमान रोजाना बढ़ रहा है और हाल के दिनों में बारिश की कमी के कारण भूजल स्तर में गिरावट आई है इसलिए बेंगलुरु शहर में पानी की बर्बादी को रोकना जरूरी है. इसमें कहा गया है कि पेयजल का संयमित



उपयोग करना लोगों के लिए आवश्यक बना दिया गया है. बीडब्ल्यूएसएसबी ने बेंगलुरु जल आपूर्ति एवं सीवरेज अधिनियम 1964 की धारा 33 और 34 के तहत सात मार्च को जनहित में एक आदेश जारी कर बेंगलुरु शहर में वाहनों की सफाई, इमारतों और सड़कों के निर्माण, मनोरंजक गतिविधियों या फव्वारे जैसी सजावट के लिए पेयजल के उपयोग पर रोक लगा दी.

## इलेक्शन कमिश्नर अरुण गोयल ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली ।** लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने इस्तीफा दे दिया है. उनका कार्यकाल 2027 तक था. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है. निर्वाचन आयोग में पहले से ही चुनाव आयुक्त का एक पद खाली था. गोयल के इस्तीफे के बाद अब केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ही बचे हैं. बता दें कि निर्वाचन आयोग में चीफ इलेक्शन कमिश्नर के अलावा दो और इलेक्शन कमिश्नर होते हैं. अब चुनावी व्यवस्था का पूरा जिम्मा मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के कंधों पर आ गया है. चुनावी तैयारियों के लिए कई राज्यों के दौरे पर अरुण गोयल मुख्य निर्वाचन आयुक्त के साथ-साथ रहे. अब उन्होंने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्रालय ने इस संबंध में शनिवार को अधिसूचना जारी कर दिया है.

## कॅरियर-काउंसिलिंग




# वेब डिजाइनिंग में बना सकते हैं अपना कॅरियर

रजनीश प्रसाद। रांची

आज हर नए और बढ़ते व्यवसाय के लिए एक मजबूत इंटरनेट की उपस्थिति आवश्यक हो गई है. किसी व्यवसाय को ऑनलाइन शुरू करने का पहला और सबसे महत्वपूर्ण तरीका एक शानदार वेबसाइट डिजाइन करना है, जो उसके मूल विचारों और ब्रांड का प्रतिनिधित्व कर सके. शानदार और अद्भुत वेबसाइट बनाने की इस आवश्यकता के साथ, वेब डिजाइनिंग में कॅरियर की विभिन्न संभावनाएं तेजी से उभरी हैं. यदि आप ऐसे व्यक्ति हैं जिसके पास प्रोग्रामिंग कौशल के साथ-साथ आश्चर्यजनक सौंदर्यशास्त्र तैयार करने की क्षमता है, तो आप एक वेब डिजाइनिंग कोर्स कर सकते हैं और एक वेब डिजाइनर बनने के लिए आवश्यक तकनीकी कौशल और ज्ञान जुटा सकते हैं. इसे चुनने से पहले, आपको यह पता होना चाहिए कि वेब डिजाइनिंग कोर्स का सिलेबस कैसा होता है.

### नौकरियां

- वेब डेवलपर
- यूएक्स/यूआई डिजाइनर
- वेब डिजाइनर
- वेब एप्लिकेशन डेवलपर
- वेब प्रोग्रामर
- डिजाइन सलाहकार
- वेब डिजाइन कंस्ट्रक्टर
- गेम डेवलपर/डिजाइनर
- मल्टीमीडिया प्रोग्रामर
- मल्टीमीडिया विशेषज्ञ
- आईटी कंपनियां
- स्टार्टअप
- समाचार चैनल
- डिज़ाइन परामर्श और बुटीक
- विज्ञापन/विपणन एजेंसियां
- शैक्षिक वेबसाइटें
- गेमिंग कंपनियां
- ग्राफिक डिजाइनिंग

### वेब डिजाइनिंग कोर्स

- मल्टीमीडिया और उसके अनुप्रयोग
- वेब टेक्नोलॉजीज
- वेब डिज़ाइन और एप्लिकेशन का परिचय
- कंप्यूटर चित्रलेख
- कंप्यूटर विज्ञान के लिए गणितीय संरचना
- एचटीएमएल
- सीएसएस
- जावास्क्रिप्ट
- बूटस्ट्रैप
- एडोब ड्रीमविवर
- एडोब फ्लै
- ––––



मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)